

नवरात्रि का आठवां दिन
मां महागौरी

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 24 अक्टूबर 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 66 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### कपिल को पड़ा दिल का दौरा, एंजियोप्लास्टी सर्जरी हुई

**नयी दिल्ली।** भारत को पहली बार अपनी कप्तानी में 1983 में विश्व विजेता बनाने वाले कपिल देव को दिल का दौरा पड़ा है और उनकी राजधानी के एक अस्पताल में एंजियोप्लास्टी सर्जरी हुई है। कपिल इस समय आईसीयू में हैं और उनकी हालत स्थिर बताई जाती है। विश्व कप विजेता कप्तान को कल देर रात सीने में दर्द हुआ जिसके बाद वह रात एक बजे ओखला स्थित फोर्टिस अस्पताल पहुंचे। फोर्टिस की तरफ से जारी बयान में बताया गया है कि कपिल सीने में दर्द की शिकायत के साथ अस्पताल पहुंचे।

### भारत बना आईएलओ की संचालन परिषद का अध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** भारत को अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की संचालन परिषद का अध्यक्ष चुना गया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि मंत्रालय में सचिव अपूर्व चंद्रा को अक्टूबर 2020 से जून 2021 की अवधि के लिए आईएलओ की संचालन परिषद का अध्यक्ष चुना गया है। वह संचालन परिषद की नवंबर 2020 में होने वाली बैठक की अध्यक्षता करेंगे। आईएलओ की संचालन परिषद महत्वपूर्ण संस्था है जो आईएलओ की नीतियों, एजेंडे और बजट का निर्धारण करती है और आईएलओ के महानिदेशक का चुनाव करती है।

### सेंसेक्स 127 अंक उछला, निफ्टी में 34 अंक की बढ़त

**मुम्बई।** विदेशी बाजारों से मिले मजबूत संकेतों के बीच ऑटो,उपभोक्ता उत्पाद और बिजली क्षेत्र की कंपनियों में हुई जबरदस्त लिवाली के दम पर घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट से उबरने में कामयाब रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स आज 127.01 अंक की तेजी में 40,685.50 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 33.90 अंक की बढ़त में 11,930.35 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में आज पूरे दिन कारोबारी धारणा मजबूत बनी रही। बाजार विश्लेषकों के मुताबिक त्योहारी मौसम में वाहनों की बुकिंग अच्छी है।

# छत्तीसगढ़ में उद्योगों को आकर्षित करने उद्योग नीति में किए संशोधन

## स्थायी पूंजी निवेश अनुदान अब सूक्ष्म उद्योगों के साथ लघु और मध्यम श्रेणी के उद्योगों के लिए भी प्रावधानित

- इस्पात उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज
- अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के उद्यमियों के लिए विशेष
- औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य के औद्योगिक विकास को गति देने समावेशी विकास के लक्ष्य को हासिल करने और परिपक्व अर्थव्यवस्था का निर्माण करने के लिए नवीन औद्योगिक नीति में 2019-24 में कुल 21 बिन्दुओं पर संशोधन अधिसूचित किए गए हैं। इसमें प्रमुख रूप से लघु उद्योगों को कैपिटल सबसिडी में नगद या जी.एस.टी की पूर्ति का विकल्प होगा। अभी तक यह नगद अनुदान की सूक्ष्म उद्योगों के लिए पात्रता थी। शासन ने विभिन्न औद्योगिक संगठनों की मांगों को स्वीकार करते हुए लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्योगों को नगद या जी.एस.टी में अनुदान देने का निर्णय लिया है। अनूसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उद्यमियों के लिए विशेष औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की गयी है। इसके तहत पिछली औद्योगिक नीतियों से अधिक लाभ दिया जाएगा। पुराने उद्योगों के विस्तार पर भी नए उद्योगों की तरह सरकार प्रोत्साहन देगी। उद्योगों को अब राज्य से अन्य देशों से निर्यात करने के लिए परिवहन में पैसा लगता था। उसमें सरकार परिवहन लागत में अनुदान देगी। इसके तहत प्रतिवर्ष 20 लाख रूपए का अनुदान सरकार देगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा नई औद्योगिक नीति में एमएसएमई को पृथक रूप से परिभाषित किया गया है तथा वृहद सेवा उद्यम की परिभाषा भी जारी की गई। निवेशकों की मांग अनुसार स्थायी पूंजी निवेश अनुदान को सूक्ष्म उद्योगों तक सीमित न कर लघु व मध्यम श्रेणी के उद्योगों के लिए भी प्रावधानित किया गया। विद्यमान उद्योगों के विस्तार करने पर स्थायी पूंजी निवेश की गणना अवधि को भी बढ़ा दिया गया है। राज्य के उद्योगों की रीढ़ इस्पात क्षेत्र को बढ़ावा देने मेगा, अल्ट्रामेगा उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की गई है। ये वो इकाईयां होगी जो राज्य शासन के साथ एम.ओ.यू. निष्पादित करेंगे।

उद्योगों में नवीन विचारधारा को समहित करने तथा नव रोजगार सृजित करने छत्तीसगढ़ राज्य स्टार्ट-अप पैकेज को नीति में स्थान दिया गया है। इन स्टार्ट-अप्स को अन्य उद्योगों से अधिक सुविधाएं कम औपचारिकता के साथ प्रदान की जाएगी। समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के उद्यमियों के लिए विशेष औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज जारी किया गया है। इसके तहत अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के उद्यमियों को पूर्व की सुविधाओं से अधिक लाभ प्राप्त होगा। कोर सेक्टर के माध्यम, वृहद, मेगा, अल्ट्रामेगा उद्योगों को अब किसी भी श्रेणी के स्थान में उद्योग स्थापित करने पर विद्युत शुल्क में पूर्ण छूट प्रदान की जाएगी। अब परिवहन अनुदान हेतु इकाई का शत्-प्रतिशत निर्यातक होना आवश्यक नहीं रह गया है।

सामान्य वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित किए जाने वाले पात्र सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को उद्योग विभाग/सीएसआईडीसी के औद्योगिक क्षेत्रों में भू-आबंटन पर भू-प्रीमियन प्रदान किया जाएगा। उद्यमियों द्वारा बहुप्रतीक्षित भूमि हस्तांतरण शुल्क में कमी कर दी गयी है। साथ ही उत्पादन प्रारंभ करने की अधिकतम सीमा में भी वृद्धि की गई है।

## विश्व में कोरोना से 4.17 करोड़ लोग संक्रमित

# 11.37 लाख मरे

वार्ता ◄ वाशिंगटन/रियो डि जेनेरो
www.dailypioneer.com



विश्वभर में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) के तेजी से बढ़ने से संक्रमितों की संख्या 4.17 करोड़ से अधिक हो गई है तथा इससे मरने वालों का आंकड़ा 11.37 लाख के पर पहुंच गया। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार विश्व में कोरोना वायरस से अब तक 4.17 करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं और 11.37 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है। इस महामारी से गंभीर रूप से जूझ रहे अमेरिका में संक्रमण से अब तक 2.23 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है जबकि संक्रमितों की संख्या 84 लाख को पार कर 84,04,743 हो गयी है। भारत में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस के 54,366 नये मामले सामने आये और संक्रमितों की कुल संख्या 77,61,312 हो गयी। इसी अवधि में 73,979 लोगों ने कोरोना को मात दी और इसे मिलाकर देश में अब तक 69,48,497 मरीज कोरोनामुक्त हो चुके हैं। नये मामलों की तुलना में स्वस्थ होने वालों की संख्या अधिक होने से सक्रिय मामले 20,303 घटकर ➤शेष पेज 8 पर

## छत्तीसगढ़ में पिछले एक हफ्ते में 16,649 कोरोना मरीज हुए स्वस्थ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमितों की रिकवरी दर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। विभिन्न कोविड अस्पतालों, आइसोलेशन सेंटरों और होम आइसोलेशन में इलाज करा रहे मरीज तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं। प्रदेश में पिछले एक सप्ताह (16 अक्टूबर से 22 अक्टूबर) में 16 हजार 649 लोगों ने कोरोना को मात दी है। प्रदेश में अब तक कुल एक लाख 43 हजार 212 मरीज ठीक हो चुके हैं। कोरोना सं मितों की पहचान के लिए रोजाना औसतन 22 हजार के करीब सैंपलों की जांच की जा रही है। कोविड-19 की पुष्टि के लिए प्रदेश में अब तक कुल साढ़े 16 लाख से अधिक सैंपलों की जांच की गई है। पिछले एक सप्ताह में ही एक लाख 51 हजार 392 व्यक्ति यों की जांच की गई है। ➤शेष पेज 8 पर

## संप्रग ने सत्ता से बेदखल होने का गुस्सा नीतीश पर निकाला, बिहार का विकास रोका : मोदी

वार्ता ◄ सासाराम (रोहतास)
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) एवं कांग्रेस का नाम लिए बगैर उनपर जमकर हमला बोला और कहा कि बिहार की जनता ने जब उन्हें पंद्रह वर्ष बाद सत्ता से बेदखल किया तो केंद्र की संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में शामिल इन दलों ने अपना गुस्सा नीतीश सरकार पर निकाला और इस प्रदेश के विकास की राह में रोड़े अटकाए। श्री मोदी ने शुक्रवार को रोहतास जिले के सासाराम से बिहार के 25 विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों के पक्ष में आयोजित अपनी पहली चुनावी रैली में संबोधन की शुरुआत भोजपुरी भाषा में की और कहा कि बिहार के स्वाभिमानी और मेहनती भाई-बहन, अन्नदाता मेहनतकश किसान आप सभे के परनाम। हम ई गौरवशाली धरती के हम नमन कर तानी। मां मुंडेश्वरी माता के ई पावन भूमि पर रउआ सब के अभिनंदन कर तानी। उन्होंने राजद और कांग्रेस पर इशारो-इशारों में निशाना साधा और कहा कि इन लोगों ने अपने पंद्रह वर्ष के कार्यकाल में बिहार को लूटा और उसका मान मर्दन किया। यहां जनता ने उन्हें विश्वास के साथ सत्ता सौंपी थी लेकिन उन्होंने सत्ता को अपनी तिजारी भरने का माध्यम बना लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब बिहार के लोगों ने पंद्रह साल बाद उन्हें सत्ता से बेदखल किया और नीतीश कुमार की अगुवाई में राजग की सरकार बनाई तो ये लोग बौखला गए।

## राजग ने अर्थव्यवस्था को किया बर्बाद, बिहार में 19 लाख नौकरी देने का वादा झूठा : राहुल

वार्ता ◄ नवादा/भागलपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि इस संकट के समय में बिहार में 19 लाख नौकरी देने का झूठा वादा कर भाजपा युवाओं को गुमराह कर रही है।

श्री गांधी ने नवादा और भागलपुर जिले में महागठबंधन उम्मीदवारों के पक्ष में शुक्रवार को आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और बिहार की नीतीश सरकार ने बड़े पैमाने पर देश और राज्य की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। ऐसे में युवाओं को रोजगार दे पाना संभव हीं नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी से पूछा जाना चाहिए कि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के समय हर वर्ष दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने के उनके वादे का क्या हुआ। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के युवक एवं युवतियों के लिए कुछ भी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि यदि राजग बिहार में फिर से सरकार बनने के बाद 19 लाख लोगों को नौकरी देने का वादा कर रहा है तो उससे पूछा जाना चाहिए कि तब वह इतनों दिनों से क्या कर रहा था। श्री गांधी ने कहा कि श्री मोदी और श्री कुमार ने आज तक जनता के लिए नहीं बल्कि कुछ चुने हुए वर्ग के लोगों के लिए ही काम किया है।

## प्याज के मूल्य नियंत्रण के लिए भंडारण सीमा लागू

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



सरकार ने प्याज की जमाखोरी रोकने तथा इसके मूल्य को नियंत्रित करने के लिए तुरंत प्रभाव से भंडारण सीमा निर्धारित कर दी है। उपभोक्ता मामलों की सचिव लीमा नंदन ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्याज के थोक विक्रेताओं के लिए भंडारण सीमा 25 टन और खुदरा विक्रेताओं के लिए यह सीमा दो टन निर्धारित की गयी है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ माह से प्याज की कीमतें बढ़ रही थी। भंडारण सीमा निर्धारित किये जाने से प्याज की जमाखोरी करने वाले के साथ आवश्यक कार्रवाई की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि कुछ स्थानों पर प्याज का खुदरा मूल्य करीब 70 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है । उन्होंने कहा कि प्याज के मूल्य को नियंत्रित करने के लिए इसका निर्यात रोक दिया गया और इसका आयात करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही प्याज के एक लाख टन के बफर स्टाक से राज्यों को उनकी मांग के हिसाब से इसकी आपूर्ति की जा रही है। राज्यों को 25 रुपये प्रति किलो के हिसाब से प्याज दिया जा रहा है । बफर स्टाक में अब भी करीब 25 हजार टन प्याज बचा है। केरल और असम को बफर स्टाक से प्याज की आपूर्ति की गयी है। इसके अलावा तमिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश और तेलंगना ने भी प्याज की मांग की है।

**लोगों को सांस लेने और आंखों में जलन की हो रही परेशानी**

# देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा ग्रेटर नोएडा, दिल्ली में 306 रही वायु गुणवत्ता

एजेंसी ◄ नोएडा/दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली-एनसीआर में बृहस्पतिवार सुबह से दोपहर तक स्मॉग की घनी चादर छाई रही। इससे लोगों को सांस लेने और आंखों में जलन की परेशानी हुई। ग्रेटर नोएडा एक बार फिर देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 328 दर्ज किया गया। वहीं, नोएडा में एक्यूआई 308 दर्ज किया गया। हवा चलने के कारण पिछले चार दिन तक नोएडा और ग्रेटर नोएडा की हवा में सुधार हुआ था, लेकिन बृहस्पतिवार को फिर पहले जैसे हालात हो गए।

दिल्ली में शाम छह बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 306 दर्ज किया गया। इस सीजन में अब तक दूसरी बार गुणवत्ता बेहद खराब हुई है। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फॉर कास्टिंग एंड रिसर्च (सफर) का पूर्वानुमान है कि अगले दो दिनों में हवा की गुणवत्ता का स्तर बेहद खराब रहेगा। इसके बाद हवा की चाल बढ़ने से सुधार आ सकता है। सफर का आकलन है कि सुबह तक दिल्ली में हवा की गुणवत्ता खराब स्तर में रही। दिन चढ़ने के साथ सतह पर चलने वाली हवाओं की चाल थम गई। इससे धीरे-धीरे हवा और खराब होती गई। सुबह 11 बजे एक्यूआई 250 के स्तर से बढ़कर दोपहर दो बजे तक 280 पर पहुंच गया और शाम छह बजे तक एक्यूआई 306 दर्ज किया। वैज्ञानिकों का मानना है कि मौसमी दशाओं की वजह से अभी प्रदूषण स्तर में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का अनुमान है कि 23 व 24 अक्तूबर को दिल्ली की हवा बेहद खराब स्तर में बनी रहने का अंदेशा है।

**कहां कितना रहा एक्यूआई**

| | |
|---|---|
| बागपत | 331 |
| ग्रेटर नोएडा | 328 |
| गाजियाबाद | 318 |
| फरीदाबाद | 315 |
| नोएडा | 308 |
| दिल्ली | 306 |

## मदुरै की पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 3 महिलाओं समेत पांच की जान गई

एजेंसी ◄ मदुरै
www.dailypioneer.com

तमिलनाडु के मदुरै में शुक्रवार को एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। इसमें तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। शुरुआती जांच में पुलिस ने बताया कि केमिकल मिक्स करते समय घर्षण के चलते आग लग गई, जिससे सिलसिलेवार धमाके हुए। इससे फैक्ट्री की इमारत को काफी नुकसान हुआ है।

पुलिस के मुताबिक, घटना में कई लोगों की झुलसकर मौत हो गई। कई अन्य मजदूर सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। घटना के तुरंत बाद विरुधुनगर और श्रीविलुपुतूर की दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।



### डीएमके प्रमुख ने मुआवजे की मांग की

डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने घटना पर दुख जताया। साथ ही सरकार से दिवाली से पहले सुरक्षा के पर्याप्त उपाय करने की मांग की। उन्होंने पीड़ितों के परिवारों को मुआवजा देने की भी मांग की।

# टाटा के खिलाफ 209 करोड़ की पेनाल्टी पर रोक

## चिप्स सीईओ ने कहा- अब करेंगे पूरा भुगतान

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ में 1796 ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ने का काम किया जाना है। यह केंद्र सरकार की योजना है जिसे भारत नेट परियोजना के तहत किया जा रहा है। 2 हजार 600 करोड़ रुपए में यह कार्य टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड कर रही है। चिप्स और टाटा प्रोजेक्ट के बीच एग्रीमेंट में स्पष्ट लिखा है कि कार्य समय पर नहीं होने की स्थिति में हर बिल पर 12 फीसदी पेनाल्टी लगाई जाएगी। जो करीब 209 करोड़ रुपए होती है। कंपनी कार्य समय पर नहीं कर पाई और पूर्व चिप्स सीईओ अलेक्स पाल मेनन ने करीब 16 करोड़ की पेनाल्टी प्रस्तुत बिल के आधार पर लगा भी दी। लेकिन हाल ही में चिप्स सीईओ ने आदेश जारी कर भविष्य में किसी भी पेनाल्टी पर रोक लगा दी है। यही से विवाद शुरू हुआ है।

राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति की अंतिम बैठक 20 अक्टूबर 2019 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में की गई थी। इसमें भारत सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल हुए थे। उसमें समिति का अभिमत था कि एग्रीमेंट के आधार पर कंपनी से 12 फीसदी पेनाल्टी लेना जारी रखा जाए। चिप्स एग्रीमेंट का अनुसरण करे। हालांकि 12 फीसदी से अधिक पेनेल्टी लेना उचित नहीं है क्योंकि 12 फीसदी पेनाल्टी अपने आप में उच्चतम स्तर है। लेकिन समिति ने पर रोक लगाने को कहा हो, ऐसा बैठक के विवरण में उल्लेखित नहीं है। यह भी कहा- 12 प्रतिशत से अधिक पेनाल्टी नहीं बताया गया है कि पिछले साल 20 अक्टूबर 2019 को तत्कालीन मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक के एजेंडा में 1796 ग्राम पंचायतों के विरुद्ध केवल 411 ग्राम पंचायतों में परियोजना पहुंचाने, समयसीमा बढ़ाने पर विचार किया गया। इस मामले में समिति का कहना था कि मास्टर सर्विस एग्रीमेंट के हिसाब से पहले ही 12 प्रतिशत पेनाल्टी वसूलने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त पेनाल्टी लेना ठीक नहीं होगा, लेकिन एग्रीमेंट के हिसाब से 12 प्रतिशत पेनाल्टी जारी रखी जाए।



राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक में 12 प्रतिशत पेनाल्टी जारी रखने रखने की अनुशंसा के बाद समिति की कोई और बैठक नहीं हुई। विवाद इसी के बाद शुरू हुआ। चिप्स के वर्तमान सीईओ समीर विश्नोई ने एक आदेश जारी कर कहा कि टाटा पर अब कोई पेनाल्टी नहीं लगेगी, बिलों का पूरा भुगतान किया जाएगा। राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति ने कहीं नहीं कहा है कि पेनेल्टी लेनी नहीं है। राज्य और केंद्र के प्रतिनिधि इस पर सहमत थे कि एग्रीमेंट के मुताबिक पेनेल्टी लगाई जानी चाहिए। पूर्व सीईओ ने जारी किया था आदेश दस्तावेज के मुताबित 3 नवंबर 2018 को चिप्स के तत्कालीन सीईओ एलेक्स पॉल मेनन ने कंपनी पर 16 करोड़ 60 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाने संबंधी पत्र जारी किया था। सीईओ ने उस समय टाटा कंपनी को भेजे गए पत्र में कहा था, आपने जितना काम किया है उस पर 12 प्रतिशत की पेनाल्टी बनती है। मेनन ने अपने पत्र में नियमों का हवाला देते हुए यह पेनेल्टी लगाई थी।

सीईओ समीर विश्नोई ने इस संबंध में खुलकर अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति ने पेनेल्टी पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है। एग्रीमेंट में पेनेल्टी का उल्लेख जरूर है, लेकिन लगाना ही है ऐसा निर्णय नहीं है। कंपनी कार्य रही है, कार्य करती रहे इसके लिए भुगतान का आदेश दिया गया है। उन्होंने पेनेल्टी को लेकर हो रहे विवाद से भी इनकार किया। 1796 पंचायतें, 2600 करोड़ का कार्य टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड को छत्तीसगढ़ में 1796 ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर लाइन से जोड़ने का काम भारत नेट परियोजना के तहत मिला था। करीब 2600 करोड़ रुपए लागत वाली इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए एक मास्टर सर्विस एग्रीमेंट चिप्स व टाटा के बीच हुआ था। इस एग्रीमेंट में तय किया गया कि कंपनी अगर निर्धारित समय पर भारत नेट परियोजना का काम पूरा नहीं करती है तो उसके द्वारा जितने भी काम किए जाएंगे, उस हर काम के बिल जमा होने पर 12 प्रतिशत की पेनाल्टी लगाई जाएगी। इस संदर्भ में चिप्स के पूर्व सीईओ एलेक्स पॉल मेनन ने एक आदेश जारी कर कंपनी पर 16 करोड़ की पेनाल्टी लगाने का प्रस्ताव भी दिया था।

# कंकाली मंदिर का पट तो खुलेगा, लेकिन भक्तों को प्रशासन की गाइड लाइन का पालन करना होगा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रोटोकाल के तहत दर्शन दशहरा के दिन कंकाली मंदिर में देवी दर्शन जिला प्रशासन की गाइडलाइन के अनुसार होगा। साथ ही हो सके, तो इस बार सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए दूर से ही भक्तों को देवी दर्शन का इंतजाम किया जाएगा।
**- लखन पटले,** एडिशनल एसपी, सिटी छत्तीसगढ़

राजधानी के सबसे प्राचीन व प्रसिद्ध कंकाली देवी मंदिर में इस बार दशहरा में भक्तों को देवी का दर्शन दूर से ही करना पड़ेगा। कोरोना संक्रमण के कारण मंदिर के अंदर भक्तों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। कंकालीमठ में विजयादशमी पर केवल एक ही दिन मंदिर का पट खुलने पर भक्तों को देवी के शस्त्रों, श्रृंगार के सामान का नजदीक से दर्शन करने की परंपरा है। यह परंपरा पिछले लगभग 600 साल से चली आ रही है, लेकिन इस बार कोरोना संक्रमण की रोकथाम के प्रोटोकॉल के तहत भक्तों को देवी के नजदीक जाए बगैर दूर से दर्शन करने की ही इजाजत मिल सकेगी। कंकाली मंदिर के परवराकार महंत हरभूषण गिरी का कहना है कि विजयादश्मी पर हर बार की तरह इस बार भी मंदिर का पट तो जरूर खोला जाएगा, लेकिन भक्तों को दर्शन के लिए जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करना होगा।

चूंकि मंदिर के पट खुलने पर दर्शन के लिए सैकड़ों की संख्या में भक्त उमड़ते हैं, ऐसे में कोरोना संक्रमण की संभावना को देखते हुए मंदिर में पहले से ही बैरिकेड्स व पुलिस प्रशासन की तैनाती रहेगी। जिला प्रशासन की टीम के साथ मंदिर प्रबंधन भी व्यवस्था में सहयोग करेगा, ताकि मंदिर में पहुंचने वाले भक्त दूर से ही सही, लेकिन देवी दर्शन का अवसर प्राप्त कर सकें। मंदिर प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार इस विजयादशमी यानी 25 अक्टूबर को दशहरा के दिन मंदिर का पट खोला जाएगा। कौड़ी के धन से किया था मंदिर का निर्माण ऐसी मान्यता है कि तालाब के अंदर कंकाली मंदिर निर्माण करने देवी मां ने कृपालगिरी स्वामी को स्वप्न में कहा था, तब कृपालगिरी ने मंदिर निर्माण के लिए धन की कमी होने की बात माता से कही, तो देवी ने कृपालगिरी से कहा कि तुम मंदिर निर्माण व प्रतिमा स्थापना का कार्य शुरू करो धन की चिंता मत करो। तब जैसे ही मंदिर निर्माण के लिए तालाब की खुदाई शुरू हुई, तो तालाब के अंदर से बड़ी मात्रा में कौड़ी निकलने लगी। उस समय कौड़ी का मूल्य आज के रुपए जैसा था। इसी कौड़ी के धन से नागा संन्यासी कृपालगिरी ने कंकाली देवी मंदिर का निर्माण कराया।

मंदिर के परवराकार महंत हरभूषण गिरी के मुताबिक ऐसा कहा जाता है कि कंकालीमठ नागा संन्यासियों का मठ हुआ करता था। 650 साल पूर्व नागा संन्यासी कृपालगिरी ने देवी प्रतिमा को नागपुर की तरफ से घोड़े पर सवार करके लाया था। नागा संन्यासी कृपालगिरी व कंकाली माता के विषय में यह बात भी कही जाती है कि देवी माता के साथ कृपालगिरी पासा खेलते थे। इस दौरान एक बार कंकाली माता, कृपालगिरी से नाराज हो गईं। फिर नागा संन्यासी कृपालगिरी ने तपस्या कर देवी को मनाया था।

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेशवासियों को दुर्गाष्टमी और महानवमीं की दी बधाई



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को दुर्गाष्टमी और महानवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर बघेल ने मां दुर्गा से प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा है कि शक्ति की उपासना का महापर्व नवरात्रि पूरे देश में नौ दिनों तक भक्तिभाव से मनाया जाता है। देवी के नौ स्वरूपों की पूजा अर्चना की जाती है और घरों, मंदिरों में कन्या भोज कराया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शक्ति का यह पर्व हमें हमें सिखाता है कि नारी का सम्मान हमारी परम्परा और संस्कृति का हिस्सा होने के साथ ही हमारे मूल्यों का हिस्सा है, इन मूल्यों को अक्षुण्ण बनाए रखना हम सबकी महती जिम्मेदारी है।

## निधन



**रायपुर।** शैलेन्द्र नगर निवासी व चार्टर्ड अकॉउंटेंट अनिल तुर्रे के छोटे भाई शैलेन्द्र तुर्रे (चार्टर्ड अकाउंटेंट) पुत्र के एन तुर्रे का आकस्मिक स्वर्गवास शुक्रवार 23 अक्टूबर को हो गया है, जिनकी अन्तिमयात्रा शनिवार 24 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे उनके निज निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम जाएगी ।

# कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के बच्चों ने मचाई धूम

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



साप्ताहिक इण्टर-हाउस प्रतियोगिता के अंतर्गत इस सप्ताह विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग, शो एंड स्पीक कम्पटीशन, सोलो डांस इत्यादि थे।

वर्ग एक और दो के लिए आयोजित ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग कम्पटीशन में कक्षा 2 के आदित्य पारकर ने प्रथम. आज्ञा शेरवानी ने द्वितीय तथा अक्षत शाह ने शौर्य वर्मा के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा शो एंड स्पीक कम्पटीशन प्रतियोगिता में नाइट हाउस के शैनन स्मिथ ने प्रथम, समुराई हाउस की आर्या मिश्रा ने द्वितीय तथा वाइकिंग हाउस के क्षितिज मिश्रा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सोलो डांस प्रतियोगिता में वाइकिंग हाउस की साक्षी वर्मा. स्पार्टन हाउस की नीलिशा कौशल तथा समुराई हाउस की सिमरन उर्वशा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा कोलंबिया ग्लोबल स्कूल एवं मोवा स्थित कोलंबिया जूनियर्स के विद्यार्थियों के लिए वर्चुअल फील्ड ट्रिप का आयोजन किया जाकर सब्जी मार्केट की ऑन-लाइन विजिट कराई गई जिसके द्वारा स्टूडेंट्स को वेजटेबल्स के रंगों, नाम और उनसे होने वाले फायदों के विषय में जानकारी दी गई।

# कैसा है ये मोदी राज, महंगा राशन, महंगा प्याज : फूलोदेवी नेताम

■ महंगाई को लेकर केन्द्र सरकार पर हमला

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्याज व खाद्य सामग्री की कीमतों मे लगातार वृद्धि होने से महिलाएं बहुत चितिंत एवं परेशान है। महंगाई ने जनता की कमर तोड़ रखी है। राज्य सभा सांसद एवं महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने महंगाई को लेकर केन्द्र सरकार पर करारा हमला करते हुये कहा कि पहले से ही महंगाई की मार से जनता हताश है और अब प्याज भी रूलाने लगी है। बेताहाशा दामों में वृद्धि होने से जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है। नरेन्द्र मोदी जी के काले कानून के कारण जमाखोरी के कारण प्याज के दाम 80 से 100 रूपये हो गये है। हिटलरशाही के जैसे जो मन में आया बिना सोचे समझे नियम लागू कर देते है जिसका खमियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। महिलाओं के हित के चिंतन के दिखावा करने वाली भाजपा नेत्रियां बढ़ती महंगाई पर मौन क्यों ?



राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने कहा कि जब जब से केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब-तब महंगाई ने हाहाकार मचाया है। नरेंद्र मोदी तो चिल्ला-चिल्ला कहते थे कि बहुत हुई महंगाई की मार अब मोदी की सरकार। बढ़ती महंगाई ने जहां गरीब, दाल-रोटी से मोहताज हो रहा है, वही प्याज के बढ़ते दामों से गरीब तो क्या मध्यम वर्ग के बजट से भी बाहर हो गया है। महंगाई कम करने का वादा करने वाले मोदी जी इस महंगाई पर आप के चुप्पी से जनता डर गई है। सामने त्यौहार है आमदनी कुछ नहीं और खर्च रुपया। वित्त मंत्री जी आप प्याज नहीं खाती, मगर आप जो खाती है ओ आम जनता के थाली से कोषो दूर है। नरेंद्र मोदी जी गृहस्थी नही चलाते उसे महंगाई से कोई मतलब नहीं। सीता रमण जी आप वित्त मंत्री होने के साथ एक महिला भी है आपसे निवेदन है कि महंगाई बेलगाम होती जा रही है। महंगाई कम करने के लिये आवश्यक कदम उठाये जिनसे जनता भी दो वक्त के रोटी चैन से खा सके।

### आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने लगाए ठुमके

आबकारी मंत्री कवासी लखमा उस वक्त अपने अनूठे अंदाज में नजर आए जब वह मरवाही विधानसभा उपचुनाव के लिए घघरा गांव में चुनावी जनसंपर्क के दौरान पहुंचे थे। शाम होने के बाद भी सभा चल रही थी और लोगों की भीड़ यहां चल रहे छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य को देखने के लिए काफी संख्या में जमा थी। चुनावी उत्सव के बीच गीत-संगीत मंत्री कवासी लखमा खुद को नहीं रोक पाए और ग्रामीणों के साथ जमकर नृत्य किया।

# जनरेशन कपंनी के जल विद्युत गृहों में 345.42 मिलीयन यूनिट उत्पादन

■ माह अक्टूबर के बीते पखवाड़े में टूटा गतवर्ष का कीर्तिमान

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी की जल विद्युत गृहों ने अपने पिछले वर्ष के रिकार्ड को तोड़ते हुए अधिकतम विद्युत उत्पादन का कीर्तिमान दर्ज किया। चालू सत्र के माह अक्टूबर के प्रथम पखवाड़े में जनरेशन कंपनी की कुल चार जल विद्युत परियोजनाओं द्वारा अब तक 345.42 मिलीयन यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन किया गया। जबकि पिछले साल इसी अवधि में 180.04 मिलीयन यूनिट बिजली का ही उत्पादन हुआ था। जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एन.के.बिजौरा ने बताया कि कोरबा जिला में संचालित हसदेव बांगो प्रदेश की सबसे बड़ी जल विद्युत गृह है, जिसमें 40-40 मेगावाट क्षमता की 3 विद्युत इकाईयों ने पानी की भरपूर उपलब्धता के कारण अपनी उत्पादन क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इनके द्वारा 318.2 मिलीयन यूनिट बिजली का उत्पादन किया गया, जोकि बीते 12 वर्षों की तुलना में सर्वाधिक विद्युत उत्पादन की मिसाल है। प्रदेश में इस वर्ष लगातार हुई अच्छी बारिश के फलस्वरूप जनरेशन कंपनी के जल विद्युत गृहों को अधिकतम विद्युत उत्पादन करने के साथ-साथ सत्त रूप से संचालित होने का अवसर प्रदान किया। चालू माह के बीते पखवाड़े में जनरेशन कंपनी के 4 जल विद्युत गृहों में शामिल हसदेव बांगो जल विद्युत गृह, माचाडोली बांगों के अलावा जल विद्युत गृह, गंगरेल जिला धमतरी में 16 यूनिट, जल विद्युत गृह, सिकासार, जिला गरियाबंद में 8 मिलीयन यूनिट और हसदेव लघु/लघुत्तम जल विद्युत गृह कोरबा पश्चिम जिला कोरबा 3.1 मिलीयन यूनिट विद्युत उत्पादन किया गया। जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री बिजौरा ने उम्मीद जताई है कि पानी की पर्याप्त उपलब्धता के कारण कंपनी के जल विद्युत गृह अपनी कार्य निष्पत्ति का बेहतर प्रदर्शन करेंगे।




# भाजपा व जनता कांग्रेस के कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल

■ मरवाही में बढ़ रहा कांग्रेस का कारवां : विकास तिवारी

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता विकास तिवारी ने बताया कि मरवाही उपचुनाव में कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्ययन मोहन मरकाम के समक्ष भाजपा और जनता कांग्रेस के कर्मठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए।

मरकाम में कहा कि कांग्रेस का कारवाँ बढ़ रहा है। मरवाही उप चुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित मानी जा रही है। प्रवक्ता विकास तिवारी ने बताया कि कुम्हारी, भरीदण्ड, परासी, कटरा के जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ एवं बीजेपी के 55 कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस प्रवेश किया।



कांग्रेस प्रवेश करने वाले अनुज राय,अमन रजक,कमलेश दास, वीरेंद्र रैदास ,गणेश रैदास, गंगा रैदास, लछ्मन रैदास, गंगा दास, राजू रैदास, रमेश रैदास, शुभम चतुर्वेदी, छविलाल केंवट, खेलन प्रसाद रजक, अल्ला प्रसाद, दीपक लहरे, प्रकाश यादव, कैलाश ओटरी, रामनाथ केवट, राघव कश्यप, शुशील मिश्रा, रूपम चतुर्वेदी, चिराग प्रधान, दादू प्रजापति, मनीष रैदास, दमेलाल मरावी, मूलन सिंह उईके, सरद रॉय, अखिलेश केंवट, अल्तमश खान, मनीष रैदास, गेंदलाल उदय, राजकुमार मार्को, रामचरन केवट, शंकर लाल, राजेश प्रजापति, शुनिल कुमार केवट, ब्रिजेश केवट, इंद्रजीत, संतोष कुमार केंवट, अनिल कुमार केवट, अनुज प्रसाद, राजेश प्रजापति, दसरथ प्रसाद केवट, रवि केवट,रजक, गायन दास रैदास, जैकी रजक, रामगोपाल केवट, रोशन रैदास, राजकुमार रैदास, बंशी लाल केवट, खेलन, गोलू रैदास है।

व्यापारिक पूछपरख के साथ मकान चाहने वालों का मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

# अविनाश चितवन की भव्य लॉन्चिग का शानदार पहला दिन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की सबसे विश्वसनीय रियल एस्टेट कंपनी अविनाश ग्रुप रायपुर में आज अपने नए प्रोजेक्ट अविनाश चितवन का भव्य शुभरांभ किया है इस सम्बन्ध में अविनाश ग्रुप के प्रबंध संचालक आनंद सिंघानिया एवं डायरेक्टर मुकेश सिघानिया ने बताया कि कचना रायपुर में इस रेसिडेंसियल प्रोजेक्ट को लाना अविनाश ग्रुप के लिए महत्वपूर्ण निर्णय था क्योंकि कचना शहर का पोल्युशन फ्री जोन है और हमारी कोशिश है कि अविनाश ग्रुप के द्वारा हम छ.ग के लोगों के एक ऐसा प्रोजेक्ट पेश करे जहां हम प्रकृति के और करीब आये तथा परिवार को एक अच्छा सोषल कम्युनिटी का महोल मिल सकें।

अविनाश चितवन एक ऐसा लैंडमार्क प्रोजेक्ट है जो कि पूरे सेंट्रल इंडिया के लिए यहाँ एक ऐतिहासिक प्रोजेक्ट औरअविनाश ग्रुप के लिए यहाँ एक फ्लैग शिप प्रोजेक्ट साबित होगा। अविनाश चितवन प्रकृति के बीच बसी टाउनशिप है जिसमें वास्तु कम्प्लयेन्ट रेसिडेशियल प्लॉट्स, विला व विलाअपार्टमेंट-ग्राउंड फ्लोर के साथ 10 मंजिला रेसिडेंसियल प्राजेक्ट है जिसकी प्लानिंग ऐसी की गई जिससे आप एक संस्कृति व प्राकृति का अनभुव करेंगे अविनाश चितवन में 3 व 4 बी एच के अपार्टमेन्ट्स व पेंटहाउस एवं 4 बीएचके विला की श्रंखला होगी। जिसम`आप शहर के मध्य रहते हुये भी संस्कृति व प्रकृति की गोद में रहने का अनुभव व अपना बचपना महसूस कर सकेंगे।




आजकी बिजी लाइफ में हम और हमारे बच्चे कंप्यूटर व टेक्नोलॉजी में इतना बिजी हो गए एवं प्रकृति, संस्कृति एवं उत्सव के उल्लास से दूर होते जा रहे है हमने एक उत्सव बाग पेशकश कि है जहा सारी कम्युनिटी साथ मिलकर त्यौहार का उत्सव पुराने समय की तरह साथ में मिलकर मना सके इस प्रोजेक्ट मे एक ऐसा मंदिर स्थल में बनाया गया है जो वास्तु अनुरुन स्थित है जहा हम अपनी सस्कृति संस्कारो एवं पूजा अर्चन को विधी विधान पूर्वक करने की ओर प्ररित हो इस प्रोजेक्ट मे हमने एक ऐसे रिफ्लेक्सोलोजी पार्क की परिकल्पना की है जिसके द्वारा एक्यूप्रेसर की गुणवत्ता एवं प्रकृति से वापस जुड़कर अपनी मिटटी का एहसास करा सके। अविनाश चितवन मे हम ने हर वो सुविधा देने कि कोशिश जहां हमें प्रकृति एवं बचपन से जुड़े रहने की ओर अग्रसित करे। इस प्रोजेक्ट की खासियत अनेक थीम गार्डन जैसे की अमृत विहार (आर्गेनिक गार्डन), गार्डन ऑफ माइंड फु लनेस, मधुबन (फ रगनेस गार्डन), नंदनवन (द पिकनिक गार्डन), आनंद मार्ग, शिशु विहार, तरंग तराना आदि। इस प्रोजेक्ट में एक एक्सक्लुजिव क्लब-क्लब उत्सव हाउस जो एक प्राकृतिक सौन्दर्य बनेगा, 2 शानदार स्विमिंग पूल, स्प्लैसपुल,आधुनिक जिम, जाकुजी, बिस्टौऊ कैफेटेरिया, योगाहाल, मेडिटेशन रुम, बैंकवेटहाल, इंडोरगेम्स, गेस्ट रूम, खेलमैदान, रेस्टोरेंट, भव्य मंदिर, फेस्टीवल ग्राउंड, गार्डनस, किड्सप्ले एरिया, भव्य प्रवेश द्वार, 24 घंटे सिक्योरिटी, गेस्ट रुम जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी।

अविनाश ग्रुप ने अपने 24वर्षो में अनेक प्रीमियम रेसिडेंसिअल एवं अफ ोर्डेबल प्रोजेक्ट्स, रेसिदेंसिअल एवंकमर्शियलप्लोटिंगप्रोजेक्टस से लेकर शॉपिंग मॉल व मल्टीप्लेक्स एवं क्लब के निर्माण के द्वारा छत्तीसगढ़ में अपनी पहचान बनाई है। अविनाश ग्रुप के द्वारा छत्तीसगढ़ में बेमिसाल 52 परियोजना की पेशकश की गयी है जिन मे 38 आवासीय , 10 कमर्शियल , 4 शॉपिंग मॉल व मल्टीप्लेक्स एवं क्लब की उत्कृष्ट एवं बेमिसाल अभिन्यास निर्माण शैली से लेकर इन्फ्र ास्ट्रक्चर तक में छत्तीसगढ़ में अपनी अलग ही पहचान बनाई है ।

# बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ऑनलाइन बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

बैंक नगर राजभाषा कार्यावयन समिति 'नराकास' रायपुर की छरूमाही बैठक का डिजिटल माध्यम से ऑन.लाईन आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के क्षेत्रीय कार्यावयन कार्यालय भोपाल से एच एस चौहान, नराकास की अध्यक्षा पॉपी शर्मा, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधकए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एवं भारतीय रिजर्व बैंक की क्षेत्रीय निदेशक ए शिवगामी तथा नाबार्ड के मुख्य महा प्रबंधक एम सोरेन मुख्य रूप से उपस्थित थे।इस डिजिटल ऑन.लाईन बैठक में रायपुर शहर के सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के कार्यालय प्रमुखों एवं राजभाषा प्रभारियों ने भाग लिया। औपचारिक स्वागतए परिचय व विभिन्न बैंकों द्वारा पिछले छरूमाही में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा के पश्चात चौहान ने सभी बैंकों से प्राप्त राजभाषा विवरणियों की समीक्षा की और बैंकों में राजभाषा हिंदी के व्यवहारिक प्रयोग को बढ़ाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बैंक नराकास रायपुर की प्रशंसा करते हुए सभी बैंकर्स को कोविड के माहौल में भी जमकर काम करने की भावना को बहुत साधुवाद दिया। पॉपी शर्मा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में रायपुर शहर के सभी बैंकों से राजभाषा हिंदी के प्रयोग को और बढ़ाने की अपील की और नराकास की गतिविधियों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में भारतीय रिजर्व बैंक के आनन्द उपाध्यायए उप महाप्रबंधक एवं राजभाषा विभागाध्यक्ष ने कार्यक्रम में शामिल होने और उसे सफल बनाने में दिए सक्रिय सहयोग देने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान एवं 'नंगत पिला' कार्यक्रम

# महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कर्मचारियों की कलेक्टर ने ली मेगा बैठक

■ कुपोषण मिटाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की है प्रमुख भूमिका : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में 23 अक्टूबर को महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों, पर्यवेक्षिका सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित किया गया था। बैठक में कलेक्टर द्वारा मुख्य रूप से मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान (द्वितीय चरण) तथा इसके तहत् 'नंगत पिला' (स्वस्थ शिशु) कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं प्रगति की गहन समीक्षा की गई।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण को हराना वर्तमान समय की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। इस चुनौती को स्वीकार करते हुए प्रत्येक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं सहित 0 से 6 वर्ष की बालिकाओं एवं महिलाओं को कुपोषण एवं एनीमिया से मुक्त कराने के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के रूप में एक महायज्ञ प्रारंभ हुआ है। आगामी तीन वर्षों में पूरे देश को कुपोषण से मुक्ति दिलाने की शुरूवात की गई है। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण वास्तविक अर्थ में शरीर में आवश्यक पोषक पदार्थ का असंतुलन है और इससे प्रभावित शिशु आगे चलकर कई गम्भीर बीमारियों के प्रति संवेदनशील होकर कई तरह के बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। चूंकि जिले में नन्हे बच्चे, महिलाएं और किशोरियां इससे सबसे अधिक ग्रसित पाये गये हैं।

अतः इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। क्योंकि जब तक किसी भी समाज में महिलाएं और बच्चे स्वस्थ सुपोषित नहीं होंगे तब तक हम विकास की बात नहीं कर सकते और इस अभियान में सभी का योगदान जरूरी है, चाहे वह पालक हों या फिर परिवार की गर्भवती या शिशुवती माता या एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और अब समय आ गया है कि सामुदायिक व्यवहार में परिवर्तन कर स्वस्थ सुपोषित नये कोण्डागांव के निर्माण में सहभागी बना जाये।

इसके साथ ही कलेक्टर ने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के (द्वितीय चरण) क्रियान्वयन की रणनीति तथा 'नंगत पिला' (स्वस्थ शिशु) कार्यक्रम की प्रगति के बारे में भी मैदानी कर्मचारियों से जानकारी चाही। बैठक में बताया गया कि जिले में सुपोषण अभियान के द्वितीय चरण हेतु चयनित 50 पंचायतों के अंतर्गत 62 ग्रामों के 251 आंगनबाड़ी केन्द्र में अभियान का शुभारंभ किया जायेगा एवं इन आंगनबाड़ी केन्द्रों के अंतर्गत 0 से 6 वर्ष के 467 गंभीर कुपोषित बच्चों एवं 1829 मध्यम कुपोषित बच्चों के घरो का चिन्हाकन करने के साथ-साथ आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के नाम एवं फोटोयुक्त सूची चस्पा किये जायेंगे साथ ही इन्हीं आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्वच्छ पेयजल, भवन, शौचालय, किचन शेड, विद्युत व्यवस्था, केन्द्रों में वजन मशीन, हाईट चार्ट, शाला पूर्व शिक्षा सामग्री, एलपीजी की उपलब्धता के अलावा पोषण वाटिका भी तैयार होंगे एवं सभी 50 पंचायतों में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ जांच की सुविधाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित होगी।

चयनित पंचायतों में निवासरत् 0 से 6 वर्ष से 59 वर्ष की समस्त बालिकाओं-महिलाओं का एचबी जांच कर एनीमिक महिलाओं की पंचायतवार सूची भी उपलब्ध कराई जायेगी साथ ही समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इन ग्राम पंचायतों में निवासरत् सक्रिय व पढ़ी लिखी महिला-पुरूष को सुपोषण मित्र के रूप में चयन पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी द्वारा किया जायेगा एवं प्रत्येक सुपोषण मित्र को कम से कम 10 या 12 बच्चों को सुपोषित करने का दायित्व होगा। बैठक में यह भी बताया गया कि जिले में चल रहे 'नंगत पिला' (स्वस्थ शिशु) कार्यक्रम के तहत् कुल 06 हजार 07 सौ 46 बंच्चों का वजन किया गया है, जिसमें से 1 हजार 97 मध्यम कुपोषित तथा 2 हजार 22 गंभीर कुपोषित पाये गये हैं। इसके अलावा माह नवम्बर 2019 में 19 हजार 3 सौ 28 बच्चे तथा माह मई 2020 में 12 हजार 7 सौ 26 बच्चे कुपोषित पाये गये और कुपोषण से बाहर आये बच्चों का प्रतिशत 11.31 रहा।

# आयुक्त पर भेदभाव का आरोप लगाते भाजपा पार्षद ने सड़क किनारे दिया धरना

■ 7 दिनों में मांग पूरी नहीं हुई तो अनिश्चित कालीनधरना

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



नगर निगम द्वारा साफ सफाई कार्य में अनदेखी व वार्ड में भेदभाव पूर्ण कार्य कराए जाने पर जवाहर नगर के पार्षद धनसिंह नायक ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। पार्षद ने कहा कि 14 अक्टूबर को मेरे द्वारा निगम आयुक्त को पत्र के माध्यम से शहर की चौक चौराहों गली गलियारों के गंदगी से अवगत कराया था किंतु 9 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक कोई कार्यवाही नही होना निगम की कार्यशैली पे कई सवाल खड़े करता है ।इधर नगर निगम अपने स्वछत्ता के ढोल पीटने में लगा हुआ है और पूरा शहर गंदगी से अटा पड़ा है। शहर की समस्या ठीक होने का नाम नहीं ले रही है।

भाजपा पार्षद ने निगम के खिलाफ आक्रामक रूख अख्तियार करते हुए आयुक्त व महापौर के खिलाफ अब अभियान छेड़ दिया है। पार्षद ने शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। हालांकि की इस धरने में कोरोना काल को देखते हुए पार्षद ने अकेले ही धरना प्रदर्शन करना मुनासिब समझा।

पार्षद ने कहा कि निगम द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का ढोल बजाया जा रहा है। जगह जगह भूमिपूजन किये जा रहे है, पर शहर में जगह-जगह कचरा पसरा हुआ है। इसे उठाने की कोई कोशिश नहीं हो रही है। जल आवर्धन योजना के नाम पर गड्ढा खोद दिया गया। बेतरतीब ढंग से खोदे गए गड्ढे की वजह से दुर्घटनाएं हो रही है। निगम के अफसर कमीशन लेने में लिप्त हैं।

उन्होंने कहा कि विपक्ष पार्षदों के वार्ड में भेदभाव नीति से कार्य हो रहा है।किसी भी समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा। पार्षद ने आयुक्त को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि आयुक्त का अफसरों पर नियंत्रण नहीं रह गया है, इसलिए मनमर्जी से कार्य किया जा रहा है। विपक्षी पार्षदों की समस्याएं निराकरण के प्रति अफसर गंभीर नजर नहीं है।

पिछले एक साल से क्षेत्र में विकास की बाट जोह रहे पार्षद का गुस्सा आज फूट पड़ा। क्षेत्र में विकास की अनदेखी का आरोप लगा रहे पार्षद ने निगम कार्यालय पर धरना देकर रोष प्रकट किया। पार्षद ने आरोप लगाया कि कई वार्डों में अभी तक विकास कार्यों का खाता भी नहीं खुला जबकि पार्षदों को शपथ लिए एक साल का समय निकल चुका है।भाजपा के पार्षदों ने पहले भी अपने क्षेत्र में विकास कार्यों की उपेक्षा के आरोप लगाए हैं। समय-समय पर मेयर सहित नगर आयुक्त को घेरने के साथ उन्हें ज्ञापन भी दिया जा चुका है। अपनी बातों पर अमल होता न देख पार्षद धनसिंह नायक ने शुक्रवार को धरने का कार्यक्रम बना डाला। सुबह नगर निगम का दफ्तर खुलते ही वहां पार्षद धरने पर बैठ गए। पार्षद धनसिंह नायक ने आरोप लगाया कि एक वर्ष बीतने को है। लेकिन उनके वार्ड में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। पार्षदों की सुनी नहीं जा रही है। पूरा निगम अमला भूमिपूजन में लगा हुआ है ।वही हर एक वार्ड की गलियों में गंदगी पसरने से लगी है अफसर बेलगाम होकर मनमर्जी करने में जुटे हुए हैं।अगर 7 दिन में समस्या का निराकरण नही हुआ, तो में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करूँगा।

# बंगाली कैम्प में उमंग के साथ मनाया जा रहा शारदीय नवरात्रि



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

बंगीय समाज द्वारा बंगाली कैम्प में शारदीय नवरात्र महापर्व विशेष उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। आपको बता दें कोरोना को लेकर जिला प्रसाशन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए पंडाल में माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है।कोरोना संक्रमण रोकथाम के लिए एहतियातन बरती जा रही है और पंडाल में ऑटोमैटिक हैंड सैनेटाइजर मशीन लगाई गई है जिसमें श्रद्धालु हैंड सैनेटाइज कर दर्शन के लिए जा रहे है साथ ही समिति द्वारा दर्शन के लिए आ रहे सभी श्रद्धालुओं का नाम पता दर्ज की जा रही है इसके साथ ही पंडाल में 04 सीसीटीवी कैमरे भी लगाएं गए है। बंगाली कल्चरल एसोसिएशन के सुकुमार हावलादार ने बताया प्रतिवर्ष नवरात्र में माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है इस वर्ष कोविड-19 नियमों का पालन करते हुए देवी दुर्गा की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की जा रही है।

## पतंजलि योग परिवार ने वृक्षारोपण किए, बांटे औषधीय पौधे



**किरंदुल।** पतंजलि योग परिवार ने शुक्रवार नगर के विभिन्न जगह आयुर्वेद गुण से भरे पौधे रोपण किए।बृक्ष रोपण समापन के बाद सदस्यों नेअनुविभागीय अधिकारी देवांश सिंह राठौर से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें उपहार स्वरूप पौधे भेंट किए और उसके औषधीय गुण के बारे में विस्तृत चर्चा की।इस दौरान पतंजलि युवा भारत के जिला अध्यक्ष संजीव दास संगठन महामंत्री राजेश सिन्हा ने थाने क्षेत्र में अधिक से अधिक जड़ी-बूटी औषधीय गुण वाले गिलोय,नीम, आंवला, एलोवेरा, परिजात के पेड़ पौधे लगाने का निवेदन किया।मौके पर युवा भारत जिला सह प्रभारी नरोत्तमध्रुव तहसील प्रभारी छबील साहू सदस्य रामकृष्णा बैरागी मौजूद रहे।

# बस्तर से एकलौते मंत्री के आदेश को भी कोई तवज्जो नहीं दिया अधिकारियों ने

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



2019 मे मत्स्य पालन विभाग,खनिज तथा पी एम ग्राम सड़क परियोजना विभाग मे कार्यरत तीन दैनिक वेतन भोगी वाहन चालकों को सूचित किए बगैर ही उन्हें कार्य से अलग किये गए ममके में तीनों वाहन चालकों ने सभी जिम्मेदार अधिकारियों से गुहार लगाई इसके बाद भी इस मामले में आज तक कोई संतुष्टि जनक कार्यवाही नहीं की गई। तीनों चालकों की बिगड़ती आर्थिक स्थिति को देखते हुए अर्धशासकीय वाहन चालक एवं यांत्रिकी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश बाघ ने आबकारी मंत्री कवासी लखमा को पत्र के माध्यम से जानकारी देते हुए मामले को संज्ञान में लेकर मदद करने की गुहार लगाई। कवासी लखमा जमीनी नेता हैं और यही वजह है कि उन्होंने तत्काल मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्कालीन कलेक्टर को आदेश देते हुए कहा कि इस मामले पर तत्काल कार्यवाही कर उन्हें सूचित करें। पर दिन महीने में बदल गए और महीना साल हो गया और मंत्री का आदेश केवल रद्दी के मोल का कागज हो गया, कारण आज तक मामले में क्या कार्यवाही हुई मंत्री जी को क्या जवाब दिया गया इसकी कोई जानकारी ही नहीं। आज जब कोरोना के इस संकट काल मे सभी की आर्थिक स्थिति डगमगाई हुई है तो सोचिये ऐसे में बेवजह काम से निकाले गए तीनो चालकों व उनके परिवार की स्थिति क्या होगी।अपनी आपबीती बताते हुए जुगपाल साहू,रविचंद भारती,राजेंद्र साहू कहते हैं कि तीनो की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय स्थिति में पहुंच चुकी है जिससे इनके आश्रित जनो का भरण पोषण ठीक तरह से नहीं हो पा रहा है बच्चों की तो पढ़ाई भी छूट चुकी है इनके वृद्ध माता पिता बीमार चल रहे हैं इनकी दवाइयों के लिए बड़ी जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

# विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बैठक की लेनी होगी एसडीएम की अनुमति

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोण्डागांव द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार वर्तमान में जिले में बढ़ते कोरोना पॉजीटीव प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए नोवेल कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी संभव उपाय अमल में लाये जा रहे हैं। ज्ञात हो कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी कोविड-19 के प्रकरणों में लगातार इजाफा देखा गया है, जिसे देखते हुए कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा आदेश जारी कर विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाली किसी भी प्रकार की बैठक हेतु संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय दण्डाधिकारी (एसडीएम) से पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य कर दिया गया है। इस आदेश अनुसार ग्राम पंचायत एवं विकासखण्ड में बैठक हेतु एसडीएम की पूर्वानुमति आवश्यक होगी।

# पंचायत संवर्ग के 137 व्याख्याता एवं 2 शिक्षकों का किया गया नियमितिकरण

■ एक-एक व्याख्याता एवं शिक्षक की सेवा संतोषप्रद ना होने पर की गई सेवा समाप्ति

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




विगत 19 अक्टूबर को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम की अध्यक्षता में सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में शिक्षक (पंचायत) संवर्ग के नियमितिकरण के प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए सीईओ जिला पंचायत डीएन कश्यप ने निर्धारित योग्यता पूर्ण करने वाले 137 व्याख्याता (पंचायत) एवं 02 शिक्षक (पंचायत) सहित कुल 139 कर्मचारियों के विषय में समिति को अवगत कराया। सूची पर चर्चा उपरान्त समिति द्वारा प्राप्त अनुमोदन के आधार पर सभी 139 कर्मियों के नियमितिकरण पर सहमति जाहिर की। इसके अतिरिक्त बैठक में परिवीक्षाधीन पंचायत संवर्ग के दो कर्मियों की सेवाएं संतोषप्रद नहीं पाये जाने के कारण सेवा समाप्ति की कार्यवाही की गई।

इसमें हाईस्कूल सालेभाट के व्याख्याता (पंचायत) उपदेश कुमार मारकण्डे एवं माध्यमिक शाला प्रधानचेर्रा विकासखण्ड केशकाल के शिक्षक (पंचायत) कु ईश्वरी लहरे शामिल रहे। दोनो ही कर्मी लम्बी अवधि से लगातार अपनी सेवाओं में अनुपस्थित रहे हैं, जिसके कारण छत्तीसगढ पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 की कंडिका 3, 6, छत्तीसग? अवकाश नियम 2010 एवं छत्तीसग? शिक्षक (पंचायत) संवर्ग (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम 2012 की कंडिका 8 के तहत् उक्त कर्मियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। सामान्य प्रशासन समिति की इस बैठक में उपाध्यक्ष जिला पंचायत भगवती पटेल, जिला पंचायत सदस्य हेमलाल बघेल, प्रमीला मरकाम, संतोषी नेताम एवं सहायक परियोजना अधिकारी घनश्याम सोरी उपस्थित थे।

# जब हिड़मा के घर सुकसी भात खाकर खटिया में सोकर रात बिताई कलेक्टर ने

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com




एक कलेक्टर का अधिकारियों व्यापारियों के बीच चर्चित होना आम बात है, पर बस्तर के कलेक्टर रजत बंसल इन दिनों ग्रामीणों के बीच खासे चर्चित हो रहे हैं। वजह है कि इनका काम कलेक्टर की तरह है ही नहीं। इससे पहले कलेक्टर से मिलना मतलब ग्रामीणों को पुरे दिन बर्बाद करने के सामान होता था। ग्रामीण सुबह से तैयार होकर शहर पहुँचते थे और कलेक्टर के चेंबर के बाहर घंटों इंतजार करते थे, साहब के पास समय के आधार पर ही उनके मुलाकात की समय सीमा तय होती थी। कई बार तो ग्रामीण अपनी समस्या ढंग से बता भी नहींपाते थे और साहब ठीक है देखता हूँ कह कर चलता कर देते थे। पर जब से बस्तर के कलेक्टर बन कर रजत बंसल आये हैं लोगों का कलेक्टर के प्रति सोच और नजरिया ही बदल गया है , खासकर ग्रामीणों का। रजत बंसल ऑफिस से ज्यादा गांव में ग्रामीणों के बिच नजर आते हैं , तो कभी साईकिल से ही शहर का दौरा करते दिख जाते हैं। बीती रात भी रजत बंसल ने अपनी रात दरभा जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र के मादर कोंटा में हिड़मा के घर बिताई। दरअसल साहब दरभा क्षेत्र के दौरे में थे और इस दौरान रात हो गई तो उन्होंने वापस लौटने के बजाय गांव में ही किसी ग्रामीण के घर रुकने का फैसला किया। आनन फानन में गांव के ही हिड़मा के घर व्यवस्था की गई, व्यवस्था भी क्या केवल सोने के लिए एक खाट और एक मछरदानी जिससे रात सुकून से कट जाये। खाने में पूछा गया तो हिड़मा ने बताया कि कुम्हड़े की भाजी, बैगन सुक्सी कि सब्जी और चावल है। कलेक्टर साहब का डीनर भी यही था।ग्रामीणों के साथ ही भोजन कर उनके ही घर में रात बिताने के बाद सुबह ग्रामीणों से चर्चा कि गई और उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण भी किया गया।पहले जिस कलेक्टर से मिलने ग्रामीणों को कई चक्कर लगाने होते थे उसी अधिकारी को अपने गांव अपने घर में पाकर ग्रामीणों को विश्वास ही नहीं हो रहा था। ग्रामीणों ने भी डर भय छोड़ कर अपनी सारी समस्याएँ कलेक्टर के सामने रखीं और तत्काल निराकरण के उपाय पर भी चर्चा करते हुए उस पर आदेश भी जरी हो जाने से उनका उत्साह और भी बढ़ा।

**गांव वालों की समस्या जानने के लिए गांव वाला ही बनना पड़ेगा :** अपने दौरे के दौरान रात्रि विश्राम गांव में ही करने के पीछे कि वजह बताते हुए कलेक्टर रजत बंसल कहते हैं कि किसी क्षेत्र का दौरा करने पर उपरी जानकारी ही मिलती है , पर यदि आपको उनकी समस्याओं को हकीकत में संपत करना है तो आपको उनके बीच उनके परिवार का हिस्सा बनकर रहना होगा।अपने रात के अनुभव को बताते हुए कलेक्टर ने बताया कि हिडमा के घर रात बिताने के दौरान उनके साथ भोजन किया और खूब चर्चा भी हुई। इस चर्चा में ही कई रोचक और चौकाने वाली जानकारी भी निकल कर सामने आई।साथ भोजन करने पर ही पता चला कि हिडमा के घर पर पांच बच्चे हैं और सभी ने पढाई छोड़ दिया है , वजह पूछने पर पता चला कि उनके जाती प्रमाणपत्र व् कई कागजात पुरे नहीं हैं।रजत बंसल ने तत्काल एसडीएम को आदेश देते हुए ग्रामीणों के लिए गांव में ही कैंप लगवा कर सभी कागजात पुरे करवाने के आदेश दिए हैं।

### हिडमा ने कहा एक बार भी नहीं लगा कि घर पर कलेक्टर आए हैं

जिले के सबसे बड़े अधिकारी घर पर पहुँच जाये तो मेजबान कि क्या स्थिति होगी आप समझ सकते हैं , पर जिस ग्रामीण के घर पर रजत बंसल ने रात बिताई उसने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि अचानक घर पर बड़ी गाड़ी आई , कुछ साहब लोग आए तो मन में भय पैदा हुआ। कुछ ही देर बाद पूरा मामला समझ में आ गया था। एक कलेक्टर कि मेजबानी कैसे कि जाये इसका अनुभव भी नहीं था, पर कलेक्टर साहब ने ही आगे बढ़ कर कहा कि कोई विशेष व्यवस्था करने कि आवश्यकता नहीं है जो बना है वाही खाऊंगा और जो व्यवस्था उपलब्ध है उस पर ही रात बिताऊंगा। हिडमा के अनुसार यह रात उनके जीवन कि ऐतिहासिक और यादगार थी।

# ग्राम पंचायत मसोरा में एमपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव से लगे ग्राम मसोरा में मसोरा प्रीमियम लीग क्रिकेट प्रतियोगिता ग्रामीण का आयोजन किया गया है, इस प्रतियोगिता में आसपास की टीमें हिस्सा ले रही है, यह अरोजन ग्राम पंचायत सरपंच दिनेश मरकाम, उप सरपंच अनिल कोर्राम के द्वारा किया गया, जिसमें मसोरा हाई स्कूल के प्राचार्य शिवलाल शर्मा, कुंवर पांडेय, ग्राम पुजारी खीरचंद पटेल, बंशीलाल मरकाम, पिलाराम मरकाम, सेतुराम मरकाम, विजय नेताम, सुनील सोरी, राजेश नेताम एवं अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। ग्राम पंचायत मसोरा सरपंच दिनेश मरकाम ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना संकट काल को देखते हुए, शासन प्रशासन द्वारा दिये गए निर्देशों का पालन करते हुए, और कोरोना के कारण ग्रामीणों की उदाशीनता दूर करने, व उनमें पोसिटिव ऊर्जा का संचार करने हेतु, इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिससे गांव वासियों के अंदर डर काम होगा। साथ ही माइक चोंगा के माध्यम से शोसल डिस्टेंसिंग व मास्क के उपयोग के लिए जागरूक किया जाएगा। प्रतियोगिता में चार टीम भागीदारी कर रही है, ब्लेक पैंथर्स टीम कप्तान अंकित कोर्राम, बुल्स (बाजार पारा) टीम कप्तान खेलन नेताम, कोबरा कमांडो टीम कप्तान देवराज पटेल, टाईटन्स टीम कप्तान उमेश मरकाम सभी टीमों को उपहार भेंट किया जायेगा।

## जिले में किसानों का हाल-बेहाल

# अतिवृष्टि जैसे विपदा का सामना करने वाले किसान हो रहे परेशान

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

भाजपा जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर ने कहा है कि जिले में किसानों का हाल बेहाल है, किसानों को अतिवृष्टि जैसे विपदा का सामना करना पड़ा है एक्षेत्र के किसान परेशान है एलेकिन शासन-प्रशासन किसानों की सुनने को तैयार नहीं हैए उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि किसान अतिवृष्टि की क्षति के सर्वे करने की गुहार लगा रहे हैं एलेकिन जिला प्रशासन ने भी पीड़ति किसानों के साथ न्याय करने के पक्ष में नहीं है, ऐसा लगता है। इसीलिए तो राजस्व प्रशासन को किसानों के फसल क्षति के सर्वे कर राहत पहुंचाने के बजाय राजस्व प्रशासन के अधिकारियों के अधिकारी कर्मचारियों कि सर्जरी करने में जुट गया है।

चंद्राकर ने कहा है कि गरियाबंद जिला पूरी तरह से कृषि पर आधारित हैए गरियाबंदए मैनपुर ब्लॉक में सबसे ज्यादा अतिवृष्टि से फसल प्रभावित हुई है, किसानों की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैए जिला प्रशासन अब तक इसको लेकर पहल नहीं की है एजिसे क्षेत्र के किसानों में आक्रोश व्याप्त हैए राज्य की कांग्रेस सरकार किसानों के मुद्दे को लेकर गंभीर नहीं है, इसलिए प्रशासन भी किसानों की सुध नहीं ले रहा है, किसानों के मुताबिक अर्ली वैरायटी के धान की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, जहां फ सल को कीट प्रकोप ने अपने चपेट में लिया, वही अतिवृष्टि से प्रभावित किसान राहत देने की मांग कर रहे हैं ।



कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार लगातार किसानों की अनदेखी कर रही हैं, धान खरीदी की तिथि बढ़ाया जाना अनुचित है, किसानों को लगातार गुमराह किया जा रहा है, कांग्रेस हर मोर्चे पर विफल है, विकास के कार्य ठप है, कोविड-19 के दौरान जिले में लगभग आठ हजार मजदूर वापस लौटे हैं, इन्हें भी प्रशासन रोजगार दिलाने में असफल साबित हुआ है, कांग्रेस ने बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, दो साल के भीतर एक भी बेरोजगारों को लाभ नहीं मिल पाया है, जिले के किसान मजदूर और बेरोजगार समस्याओं से जूझ रहे है, परंतु शासन प्रशासन को परवाह नहीं है ।

# राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में ई-मेगा कैम्प 31 को, अनुविभाग स्तर पर भी लगेंगे कैम्प

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार यहां जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में 31 अक्टूबर को ई-मेगा कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प जिला कलेक्टोरेट के समीप स्थित स्पोर्टस स्टेडियम में संपन्न होगी। जिला कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन ने आज अधिकारियों की बैठक लेकर मेगा कैम्प की सफलता के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में ई-मेगा कैम्प आयोजन के लिए उच्च स्तरीय समिति भी गठित की गई है। मेगा कैम्प का प्रमुख थीम ''श्रमेव जयते'' रखा गया है। कलेक्टर ने इस थीम को ध्यान में रखते हुये शिविर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्रतानुसार हितग्राहियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिला स्तरीय के साथ-साथ इस तरह का शिविर अनुविभाग स्तर पर भी आयोजित किये जाएंगे।

जिला कलेक्टर जैन ने बैठक में अधिकारियों को उनकी विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुये हितग्राहियों को मेगा केम्प में लाभान्वित करने को कहा है। उन्होंने अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को अपने स्तर पर आयोजित कैम्प में मनरेगा मजदूरी भुगतान, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, राजस्व संबंधी मामले, आरबीसी 6-4 प्रकरण, दाण्डिक प्रकरण आदि का

**कलेक्टर ने कैम्प की सफलता के लिए अफसरों को सौंपी जिम्मेदारी**

निराकरण कैम्प के जरिये कराएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पी?ता क्षतिपूर्ति राशि का वितरण किया जाएगा। शिक्षा विभाग द्वारा छात्र दुर्घटना बीमा योजना, छात्रवृत्ति वितरण एवं पेंशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग जन एवं दिव्यांग स्कूली छात्र-छात्राओं को सहायक उपकरण वितरण,पेंशन हितग्राहियों को उनकी पात्रता अनुसार पेंशन वितरित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जननी सुरक्षा योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निपटारा, मेडिकल बोर्ड प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा। श्रम विभाग द्वारा नौनिहाल छात्र वृत्ति योजना, प्रसूति सहायता योजना एवं विश्वकर्मा दुर्घटना मृत्यु सहायता योजना अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया जायेगा। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना द्वारा जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को उनकी रूचि के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार से जो?ने के लिए काउंसिलिंग कार्य किया जायेगा। कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत दलहन मिनीकीट का वितरण किया जायेगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, सामाजिक सहायता योजना अंतर्गत पेंशन स्वीकृति, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, निःशक्तजनों को तिपहिया वाहन वितरण,मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी भुगतान एवं जॉब कार्ड प्रदान करना,प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति, मनरेगा में मातृत्व भत्ता, श्रमिक की मृत्यु होने पर बीमा दावा का भुगतान किया जायेगा। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी जायेगी।

# नवरात्रि पर्व के अवसर पर कन्या भोज का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



इन दिनों नवरात्रि का का पर्व चल रहा है सातवें दिन बलौदा बाजार के जय दुर्गा अंबे मंदिर लोहिया नगर में कुंवारी कन्याओं को सुखा भोजन वितरित किया गया इस अवसर पर जय अंबे दुर्गा मंदिर के संस्थापक बाल गोविंद दास बैरागी ने बताया की करुणा महामारी के कारण मंदिर में इस बार बहुत कम ज्योत की स्थापना की गई है भीड़ भाड़ ना हो इसका भी विशेष प्रबंध किया गया है करुणा काल में सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के लिए मंदिर प्रांगण में बैरिकेडिंग की भी व्यवस्था की गई है बिना मास्क के किसी भी श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश नहीं दिया गया नवरात्रि के सातवें दिन हर वर्ष मंदिर प्रांगण में कन्याओं को पक्का हुआ भोजन कराया जाता था लेकिन इस बार कन्याओं को सुखा भोजन चावल दाल नारियल हुआ कुछ उपहार देकर ही विदा किया गया इस बार नवरात्र में बिल्कुल भी भीड़ नहीं रही श्रद्धालु भी कम आए इस अवसर पर मंदिर के संस्थापक बाल गोविंद दास व उनकी पत्नी मंदिर में कुछ श्रद्धालुओं के साथ उपस्थित रहीं।

## स्वास्थ्य विभाग में भरती के लिए जारी विज्ञापन निरस्त

**बलौदाबाजार।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा विगत 23 सितम्बर को विभिन्न पदों पर अस्थाई भरती के लिए जारी विज्ञापन निरस्त कर दिया गया है। उच्च न्यायालय बिलासपुर से मिले आदेश के बाद नौकरी से पृथक किये गये अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति मान्य कर लेने के कारण भरती प्रक्रिया निरस्त की गई है। सेवा से पृथक किये गये लोगों के रिक्त स्थानों की भरती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। योजना के अंतर्गत विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखण्ड लेखा प्रबंधक, विकासखण्ड डेटा प्रबंधक के दर्जनों पदों पर नियुक्ति के लिए कार्यवाही शुरू कर दी गई थी।

# निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं : कुशलराम

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के समर्थित जिला पंचायत सभापति डॉ. कुशलराम वर्मा और धनेश्वरी यादव जिला पंचायत सदस्य एवं पुरूषोश्रम साहू महांमत्री भाजपा मंडल ग्रामीण बलौदाबाजार, मनोज यादव तथा जनप्रतिनिधि मंडल द्वारा एक ज्ञापन सौंपकर जिलाधीश के समक्ष आज सम्पन्न भूमि पूजन बलौदाबाजार से निपनिया मार्ग के भूमि पूजन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा किये जाने पर अपनी आपश्री दर्ज कराये हैं। सौंपे गये ज्ञापन में यह उल्लेखित है कि पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह की सरकार ने क्षेत्र की जनता के आवागमन की परेशानियों को देखते हुए वर्ष 2018 अप्रेल माह के बजट में उक्त मार्ग के निर्माण हेतु 128 करोड़ रूपये स्वीकृत के बाद कार्य आदेश होना था किन्तु आचार संहिता लग जाने के कारण विलंब हुआ जिसका आज भूमि पूजन सपन्न हुआ है। उक्त भूमि पूजन के कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की घोर उपेक्षा की गई है। संबंधित क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी यादव एवं लोक निर्माण विभाग जिला पंचायत के सभापति डॉ. कुशल राम वर्मा को न ही इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है और न ही इनका नाम अतिथियों की सूचि में रखा गया जो कि लोकतंत्र के मुल्यों का अनादर है। पूर्वग्रह से ग्रसित कांग्रेस सरकार तथा कांग्रेसियों ने शासकीय मद से प्रस्तावित कार्य को अपनी दल का कार्य समझकर एक बहुत बड़ी भूल की है जिसका खामयाजा आने वाले समय में इन्हें भुगतना होगा। जिला पंचायत सदस्य का समर्थन भाजपा जिला बलौदाबाजार भाटापारा संगठन ने किया है। भाजपा जिला मंत्री कृष्णा अवस्थी ने कांग्रेसियों के उक्त कृत्य को सर्मनाक बताया है और इसकी घोर निंदा की है। अवस्थी ने कड़े शब्दों में कहा है कि प्रखर लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीति में सुचिता आवश्यक है स्थानीय जन प्रतिनिधियों की उपेक्षा व अनादर करके कांग्रेसियों में पूर्वाग्रह से ग्रसित कार्य किया है।

## फोटोयुक्त मतदाता सूची के दर निर्धारण के लिए निविदा आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा फोटोयुक्त मतदाता सूची मुद्रण कार्य के दर निर्धारण के लिए मुद्रकों एवं फर्मो से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की गई है। इच्छुक मुद्रक 500 रूपये नकद जमा कर अथवा जिले की सरकारी वेबसाईट से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर निविदा भर सकते हैं। निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि 7 नवम्बर को दोपहर 3 बजे तक और जमा करने की अंतिम तिथि 9 नवम्बर को दोपहर बाद 3 बजे तक निर्धारित की गई है। निविदा 9 नवम्बर को ही शाम 4 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष निर्वाचन शाखा में खोला जायेगा। निविदा संबंधी और विस्तृत जानकारी वेबसाईट-बलौदाबाजार डॉट जीओव्ही डॉट इन एवं सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन स्लेश बलौदाबाजार से प्राप्त की जा सकती है।

# छग ग्राम रोजगार सहायक संघ ने जिपं अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



छ.ग. ग्राम रोजगार सहायक संघ बलौदाबाजार ने अपने 03 सुत्रीय मांगों को लेकर मान. मुख्यमंत्री के नाम जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा को ज्ञापन सौपा गया। संघ द्वारा मुख्यतः ग्राम रोजगार सहायकों का वेतन निर्धारण एवं नियमितिकरण, नगर पंचायत या नगर निगम में विलय होने वाले ग्राम रोजगार सहायकों को उक्त निकाय में शामिल किये जाने तथा पंचायत सचिव पद पर ग्राम रोजगार सहायकों को वरीयता के आधार पर नियुक्ति व रोजगार सहायक के पद पर भर्ती किये जाने का मांग ज्ञापन में सौंपा गया। उक्त अवसर पर श्री परमेश्वर यदू एवं श्रीमती रेणुका अभिनव यदू जिला पंचायत सदस्य उपस्थित रहें। छ.ग. ग्राम रोजगार सहायक संघ को श्री राकेश वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार निश्चित रूप से आपके मांगों पर शिघ्र ही विचार करेगी, जिस प्रकार शिक्षाकर्मीयों के मांगों को पुरा किया गया है उसी प्रकार आपके भी मांगों को सरकार पुरा करेगी एवं उक्त मांग को शासन स्तर पर रखने का आश्वासन दिया गया। ज्ञापन देने हेतु छ.ग. ग्राम रोजगार सहायक संघ जिला बलौदाबाजार के सभी विकासखण्डों के पदाधिकारी धन्नूराम घृतलहरे (अध्यक्ष) , नैना साहू, बलराम साहू, गोपी पटेल, पारस पैकरा, ललिता साहू, अमिता मार्टिन, जयंत टण्डन, किशन चेलक, त्रिभुवन यदू, परमेश्वर पटेल, कामिनी निषाद, विनोद सोनी एवं पवन धीकडे उपस्थित रहें।

# कोरोना के 72 नये मरीजों की पुष्टि

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

**मरीजों की संख्या पहुंची 5 हजार के पार**

जिले में आज कोरोना के 72 नये मरीजों की पुष्टि हुई है। इन्हें मिलाकर जिले में मरीजों की संख्या 5047 तक पहुंच गई है। वहीं 42 मरीजों को ठीक होने पर छुट्टी दे दी गई। कोरोना से तीन की मौत भी रिकार्ड की गई। तीनों पुरुष मरी? हैं। इसमें 2 बिलाईगढ़ विकासखण्ड के और एक सिमगा ब्लॉक से हैं। तीनों ने कोविड अस्पताल बलौदाबाजार में इलाज के दौरान दम तोड़ा। कोरोना के साथ ही अन्य जटिल बीमारियों से वे पीजित थे। इनमें एक कि उम्र 72 साल, दूसरे की 65 और तीसरे की 40 बरस के लगभग हैं। इस प्रकार जिले में अब तक कोरोना से हुई मौत की संख्या 73 पहुंच गई है। सीएमएचओ ने बताया कि आज मिले 72 रोगियों में सबसे ज्यादा 21 मरीज सिमगा विकासखण्ड से हैं। बलौदाबाजार विकासखण्ड से 18, भाटापारा और बिलाईगढ़ से 13-13, कसडोल से 6 तथा पलारी से 1मरीज शामिल हैं। कोरोना जांच के लिए 468 नमूने एकत्र किए गए।

## शकुन्तला साहू ने विधानसभा क्षेत्र में धान खरीदी केंद्र की दी सौगात



**डोंगरीडीह।** शकुन्तला साहू जी ने कसडोल विधानसभा के अंतर्गत पलारी ,बलौदाबाजार ,कसडोल क्षेत्र में लगातार ग्राम वासियो द्वारा धान खरीदी केंद्र के लिए मांग की जा रही थी , ग्राम वासियों के मांग पर शकुन्तला साहू जी के सहयोग एवं प्रयास से वर्षो बाद वृहताकार साख सहकारी समिति लवन के अंतर्गत ग्राम भालुकोना में , सहकारी शाख समिति देवसुंदरा के अंतर्गत ग्राम साराडीह में एवं सहकारी समिति पीसीद अंतर्गत ग्राम छरछेद में धान खरीदी केंद्र खुलवाया गया इसके लिए समस्त ग्रामवासी एवं सोसाइटी के अंतर्गत आने वाले कार्यक्षेत्रवाशी अत्यंत हर्षित है उसके लिए ग्राम पंचायत के सरपंच, उप सरपंच ,पंच गण एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा विधायक का धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किए ।

## राजिम के बीएमओ पर कड़ी कार्रवाई की मांग

# आदिवासी समाज ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर किया कलेक्ट्रेट घेराव

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय आदीवासी समाज और सर्व आदीवासी समाज के बैनर तले आदिवासियों ने अपनी 15 सुत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट घेराव किया और जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते राज्यपाल के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपे। आदिवासी समाज भवन मजरकट्टा से जिला कलेक्ट्रेट तक तीन किलोमीटर लंबी रैली निकाली जिसमें सैकड़ों आदिवासी शामिल हुए शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए निकली गई इस रैली में प्रमुख रूप से सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष भरत दीवान जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम समाज के वरिष्ठ पीएन कश्यप आदिवासी समाज युवा अध्यक्ष नरेंद्र ध्रुव सरपंच संघ अध्यक्ष मनीष ध्रुव प्रदेश सदस्य नीलकंठ ठाकुर पूर्व सरपंच यशवंत सोरी उमेदी कोमर्रा महेंद्र नेताम भूपेंद्र नेताम वीरेंद्र ध्रुव इंदर ध्रुव कोमल ठाकुर विष्णु नेताम शीला ठाकुर के साथ कई वरिष्ठ जन शामिल रहे इस दौरान आदिवासी समाज के लोग अपनी मांगों पर अधिक नजर आए राजिम के बीएमओ पर कड़ी कार्रवाई की मांग प्रमुखता से उठाई गई वहीं जिला में भी बस्तर की तरह स्थानीय स्तर पर तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग की भर्ती करने की मांग की गई सर्व आदिवासी समाज ने अपने आवेदन में लिखा है विगत 1 वर्षो से समाज ने अपनी विभिन्न मांगों के लिए जिला स्तर में कई बार आवेदन दिया है परंतु यहां के पदस्थ अधिकारी द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही जांच नहीं किया और ना ही मांग स्वीकृति किया है। पांडुका क्षेत्र के सरकडा ग्राम में 3 आदिवासियों का बिजली करंट से मौत हो गया था जिसे राजिम बीएमओ द्वारा हमारे आदिवासी मृतक परिवार व शव के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया और पोस्टमार्टम करने से साफ मना कर दिया गया इस तरह की घटना पुर्णरवित्ती ना हो इसलिए तत्काल स्वास्थ्य विभाग की बीएमओ को हटाकर कार्रवाई करें । गरियाबंद जिला को आदिवासी जिला घोषित किया जाए गरियाबंद जिला आदिवासी हित हेतु आदिवासी कलेक्टर की पदस्थापना किया जाए जिले के सभी वर्गो का समुचित विकास हो सके शासन द्वारा स्वीकृत शिक्षक भर्ती पर सभी शासकीय भर्ती अभियान में राज्य के विशेष पिछड़ी अनुसूचित जनजातियों के योग्यता अनुसार अभ्यार्थियों को विभागीय आदेश के तहत सीधी भर्ती योजना का लाभ दिया जाए । वन अधिकार अधिनियम 2006 संशोधित आज पर्यंत आदिवासी परंपरागत वनवासियों के द्वारा निम्नानुसार के तथा में व्यक्तिगत एवं समुदायिक मान्यता हेतु कक्ष राजस्व खसरा रकबा क्षेत्रफल उल्लेखित दावा प्रस्तुत किया गए हैं उपलब्ध कराएं क्षेत्र की मान्यता निरस्त किए गए दावों की सच्चाई से अवगत होकर बेदखल करने की अभियान निरंतर किया जाऐ । ग्राम सढौली में मावली माता की स्थापना लगभग 125 वर्ष पहले स्थान पर स्थापना किया गया है वहां वास्तव में महेत्तरू राम की जमीन अता है मावली माता को स्थापित करने के लिए उस स्थान के बगल में जो शासकीय भूमि को आरक्षित करने एवं गरियाबंद जिला के सभी देवस्थान को सुरक्षित किया जाऐ । गरियाबंद नगर पालिका के तिरंगा चौक महात्मा गांधी जी के नाम से चौक एवं भूतेश्वर नाथ को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम से शारदा चौक को शहीद वीर नारायण के नाम से करने आवेदन किया गया है परंतु आज तक यह नामकरण नहीं हो पाई है विचार कर नामकरण उसे करें ।गरियाबंद जिला में खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड बहुत धीमी गति से बनाया जा रहा है जिससे हमारे दूरदराज क्षेत्र के आदिवासी भाइयों बहनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है आदिवासी क्षेत्र का राशन कार्ड जल्द से जल्द बनाने की आदेश किया जाऐ ।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती, दावा आपत्ति 26 से लेकर 4 नवंबर तक

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन अंतर्गत नगर पंचायत लवन के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों में नियुक्ति हेतु पूर्व आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। जिसकी दावा-आपत्ति दिनांक 26 अक्टूबर से 4 नवम्बर 2020 तक की गयी है। गौरतलब है की एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन अंतर्गत नगर पंचायत लवन के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पदों में नियुक्ति हेतु 4 पद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के लिए 8 पद के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये थे। आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 ,7,9,10,11,12, 13,एवं 15 से आवेदन प्राप्त हुए है। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 14 से सहायिका पद हेतु एक भी आवेदन प्राप्त नही हुए है। समस्त प्राप्त आवेदनों की सूची तैयार कर मूल्यांकन समिति के अनुमोदन किया गया है। अनुमोदन के बाद समस्त आवदेकों को दावा-आपत्ति हेतु दिनांक 26 अक्टूबर से लेकर 4 नवम्बर 2020 तक कार्यालयीन समय में प्रात 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन में अभ्यर्थी आवेदन जमा कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। दावा आपत्ति संबंधी विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईड डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बलौदाबाजार डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है।

# उद्योगों में स्थानीय लोगों की उपेक्षा, जनप्रतिनिधियों के हिसाब से चल रहे हैं उद्योग, ठेकेदारों पर लगाम नहीं, श्रमिकों का शोषण जारी

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



स्थानीय उद्योगों में सरकार कोई भी हो 2 शतक से सीमेंट सयंत्रों में ठेकेदारों का शोषण निरंतर जारी है। ठेकेदारों के द्वारा श्रमिक इस कदर शोषित है कि सरकारों की उद्योग नीतियों की भी धज्जियां उड़ रही है। वही जब भी कोई मजदूर इसका विरोध करता है तो उन मजदूरों को काम से हटा दिया जाता है, वही निजीकरण होने के कारण फिर नये मजदूरों को काम मे रख कर उनका शोषण शुरू कर दिया जाता है।

**सेंचुरी सीमेंट:** सेंचुरी सीमेंट वर्तमान में अल्ट्राटेक द्वारा संचालित किया जा रहा है। आपको बता दे सेंचुरी सीमेंट बैकुंठ इस अंचल का सबसे पुराना सीमेंट सयंत्र है। रायपुर जिले के तिल्दा नेवरा ब्लाक में यह सयंत्र वर्षो पूराना है। जहा कौड़ियों के भाव सेंटर ने भूमि पुत्रो से जमीन खरीदी और प्लांट ने सीमेंट का उत्पादन शुरू कर दिया। 37 वर्ष बाद फिर एक बार इस सयंत्र को ग्रामीणों की याद आई, आखिर ग्रामीण अंचल में दलाल अचानक सक्रिय क्यो है ? अल्ट्राटेक सेंचुरी सीमेंट को लेकर एक बार फिर जन सुनाई होनी है। इस बार नये जन प्रतिनिधियों के साथ जनसुनवाई में ग्रामीणों द्वारा विरोध करवाया जा रहा है, तो दूसरी ओर सयंत्र के दलाल तीनों गांवों के नागरिकों को सयंत्र के पक्ष में करने दलाल किस्म के लोग लगे हुए है। अब देखना यह है कि इस जनसुनवाई में किसका पलटा भारी रहने वाला है। जहा एक ओर ग्रामीण जनप्रतिनिधियों की ओर रोजगार को आस लगाए बैठे है कि संयंत्र से उन्हें रोजगार मिल सके तो ग्रामीण सीएसआर मद से विकास की उम्मीद भी लगाए बैठे है। आजादी के बाद श्रमिक व ग्रामीण का आज तक नहीं हुआ विकास संयंत्र स्थापित करने के पूर्व व बाद में दावे बहुत किये जाते है। जिसमे ग्रामीण विकास, मजदूरों के हितों को लेकर तरह तरह के लोक लुभावन फायदे गिना कर ग्रामीणों को अपने जाल में फंसा लिया जाता है। लेकिन हकीकत में देखा जाए तो इन संयंत्र में जन प्रतिनिधियों के बेनामी ठेके चलते है। संयंत्र द्वारा ग्रामीणों को रजामंद करने के बदले जनप्रतिनिधियों को ठेके देकर उन्हें पुरष्कृत कर दिया जाता है। सयंत्र के गांव कुंदरू, बेहसर व टंडवा जैसे गांवों के हालत देखने से स्थिति स्पष्ट होता है कि उद्योग ने कैसे विकास किया है। तिल्दा नेवरा अंचल के ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, ग्रामीणों की समस्याओ का न सरकार सुध लेती है ना ही उद्योग विभाग। इस तरह तिल्दा नेवरा के आस पास के उद्योगों की यही कहानी है। सेंचुरी सीमेंट कारखाने का निर्माण सन् 1974 में प्रारम्भ हुआ और 1983 को समाप्त हुआ। सेंचुरी सीमेंट बैकुण्ठ, रायपुर जिले में स्थित प्रमुख सीमेंट कारखानों में से एक है। सेंचुरी सीमेंट बैकुण्ठ, सिलयारी और तिल्दा रेल्वे स्टेशन के बीच में मुम्बई-हावड़ा रेलमार्ग पर रायपुर से 37-38 किमी. की दूरी पर स्थित है।

यानी 37 साल बाद ग्रमीण जस के तस है और इन 37 वर्षो में श्रमिक व ग्रामीण का विकास नही हुवा। हालांकि लगातार विभिन्न मूलभूत सुविधाओं को लेकर आंदोलन करने वाले माला माल हो गए। इस बीच छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण हुवा सब को आस थी कि अब यहाँ के वासियों को सीमेंट सयंत्रों में सुविधा मिलेगी। लेकिन कुछ नही हुआ, जनप्रतिनिधि बदल गये, ठेकेदार बदल गए पर शोषण और ज्यादा बढ़ गया। सयंत्र निर्माण के दौरान अधिकारीयो ने आसपास और सीमेंट सयंत्र खोले पर यहाँ के माटी पुत्रों का भविष्य नही बदला। एक बार फिर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनी, जिसमे जनहितैषी मुख्यमंत्री के बनने से किसानों व मजदूरों में 35 बर्षो बाद कुछ आशा की किरणें जरूर जगी थी लेकिन ग्रामीण कहते है की अब फिर वैसे ही खेल शुरू हो गए है। जहां स्थानीय लोगों की जगह अन्य राज्यो से आये लोगो को रोजगार की प्रथमिकता दी जा रही है।

ग्रामीण मजदूरों की दुर्दशा का ठेकेदार भरपूर शोषण कर रहे। नई सरकार आने से ठेकेदार बदल गये, लेकिन आज भी जनप्रतिनिधियो द्वारा संचालित बड़े बड़े ठेकों में शोषण की शिकायत जारी है। भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने आसपास के उद्योगों में श्रमिक व किसानों के शोषण को लेकर केंद्रीय उद्योग मंत्री को पत्र लिखा है।

# कोसारटेडा मध्यम सिंचाई परियोजना से विस्थापित कमेला वासियों ने सौंपा ज्ञापन

## वनाधिकार प्रपत्र प्रदाय करने की किये मांग

पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कोसारटेडा मध्यम सिंचाई परियोजना से विस्थापित कमेलावासियों द्वारा सीपीआई कोण्डागांव के नेता बिरज नाग के नेतृत्व में वनाधिकार प्रपत्र प्रदाय करने की मांग को लेकर राज्यपाल, मुख्य मंत्री भुपेष बघेल छग शासन, अध्यक्ष/सचिव छ.ग.राज्य अनुसुचित जन जाति आयोग एवं कमिश्नर बस्तर के नाम प्रेशित ज्ञापन को कलेक्टर कोण्डागांव को सौंपा गया। जिले के ग्राम कमेला के कोसारटेडा मध्यम सिंचाई परियोजना से विस्थापित परिवारों द्वारा वनाधिकार प्रपत्र प्रदाय किये जाने हेतु सौंपे गए ज्ञापन में लेख किया है कि बस्तर संभाग के जिला व तहसील कोण्डागांव की सीमा पर जिला मुख्यालय से 22 किमी दुर बसे ग्राम कमेला के ग्रामवासियों की आधी से ज्यादा वन भूमि व कृशि भुमि सहित निवास गृह, चारागाह आदि भी उक्त परियोजना के डुबान से प्रभावित हो चुकी है। कमेला के बांध प्रभावितों किसानों को पुनर्वास नीति के तहत षासन द्वारा प्रदाए किए जाने का आष्वासन प्राप्त सुविधाएं, आज तक किसानों को प्रदाए नहीं किया गया है। कोसारटेडा मध्यम सिंचाई परियोजना के तहत बांध निर्माण के दौरान ग्राम कमेला के किसान ग्राम कमेला से लगे वन भुमि कक्ष क्रमांक- 725, 83/1, 1, 710 पर अतिक्रमण कर कृशि योग्य बनाकर 1995 से कृशि कार्य करते आ रहे हैं। ललीत नाग, केवल षार्दुल, कृतन, रामेष्वरी, चुम्मन पाण्डे, रुकमणी, केषाबी, देवेन्द्री, रामधर, कुंवर, अंधारु, दुबेलाल, करन आदि सहित कुल 53 किसानों का आवेदन लेकर कलेक्टर से मिलने पहुंचे किसानों ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा सरकार के निर्देशानुसार वनवासियों को स्वयं के निवास व कृषि कार्य के लिए वन अधिकार मान्यता पत्र देने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाने पर उन्होंने भी वन अधिकार समिति कमेला के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए थे, किन्तु ग्राम वन अधिकार समिति कमेला ने आवेदकगणों द्वारा प्रस्तुत आवेदन को निरस्त किये जाने का आदेष पारित किया गया।

आवेदकगणों में अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकार की मान्यता) नियम 2012 के तहत अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, जनजाति का 2005 से पूर्व का कब्जा होना अनिवार्य माना गया है।

# राजकुमार अग्रवाल के निधन पर शोक सभा आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ कुरूद
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत कुरूद के सक्रिय, जनप्रिय एवं जीवटता के पर्याय रहे वरिष्ठ पार्षद राजकुमार अग्रवाल के निधन पर कुरूद नगर पंचायत द्वारा शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने कहा कि स्व अग्रवाल जी से मैने सदैव सेवा संघर्ष और प्रेम का पाठ सीखा है और उसका इस तरह का चले जाना हमारे पंचायत के लिये बहुत बड़ी क्षति है।

उन्होने विपक्ष में रहते हुये भी जनता की आवाज को हमेशा बुलंद किया था और मै अब उनका आवाज को बुलंद करूंगा। नेता प्रतिपक्ष भानू चंद्राकर ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि मैंने उन्हें विपक्ष के एक मात्र सक्रिय एवं प्रेरक मानते हुये उनसे बहुत कुछ सीखा है वे सदैव ही मेरे हृदय में रहेगे। सभापति मनीष साहू, पार्षद देवव्रत साहू, रजत चंद्राकर, दुर्गेश साहू सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों ने अपने अपने शब्दो में श्रद्धांजलि प्रदान की।

इस शोक सभा में नगर पंचायत कुरूद अध्यक्ष तपन चंद्राकर, उपाध्यक्ष मंजू साहू, सभापति मनीष साहू, रोशन जागड़े, चुम्मन दीवान, नेता प्रतिपक्ष भानू चंद्राकर, पार्षदगण यमुना राखी चंद्राकर, रजत चंद्राकर, देवव्रत साहू, बसंत साहू, राम रतलानी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद साहू, सहित पार्षदगण एवं सीएमओ मनोज जायसवाल, इंजीनियर पुष्कर चंद्राकर, यशवंत साहू, गैंदलाल साहू, गोपाल सिन्हा, जकीयुद्दीन, सनत चंद्राकर, प्रवीण कटारिया, शशिकांत नेताम, राजेंद्र साहू, छैलबिहारी नाग, होमेश मानिकपुरी, रघुनंदन ध्रुव, आशीष पाल, नवीन चंद्राकर, विकास चंद्राकर, उमेश साहू, शीतल चंद्राकर, वंदना चंद्राकर, पायल चंद्राकर, किरण सागर, विजय यादव, किरण दीवान, कुमारी बाई, विजय भोई सहित समस्त कर्मचारीगण मौजूद थे।

# घर बैठे ओलिंपियाड की परीक्षा देंगे भिलाई के छात्र

## पिछले साल 32000 छात्रों ने एसओएफओलंपियाड दी थी परीक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

MiraclePR
Public Relation | Media Monitoring | Digital

स्कूली छात्रों के लिए ओलंपियाड परीक्षाओं के सबसे बड़े आयोजक साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन; एसओएफ ने घोषणा की है कि ओलंपियाड परीक्षाएं वर्तमान शैक्षणिक वर्ष के दौरान ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी। छात्रों की सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी चिंता को सर्वोपरि मानते हुए, सभी छात्र अपने घरों से एसओएफओलंपियाड परीक्षा में उपस्थित हो सकेंगे। हर साल भारत और अन्य देशो के लाखो छात्र एसओएफ ओलंपियाड परीक्षाओं में शामिल होते है। पिछले साल भिलाई से लगभग 32000 छात्रों ने कक्षा एक से बारह तक ओलंपियाड परीक्षा दी थी। एसओएफइस साल चार ओलंपियाड परीक्षा आयोजित करेगा, जिसमें एसओएफ इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलंपियाड, एसओएफ इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड, एसओएफ नेशनल साइंस ओलंपियाड और एसओएफ इंटरनेशनल गणित ओलंपियाड शामिल हैं। पंजीकरण खुले हैं और छात्र प्रत्येक तिथि से 15 दिन पहले तक एसओएफ की वेबसाइट पर पंजीकरण कर सकते हैं। परीक्षाएं नवंबर से शुरू हो जाएँगी।

साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के संस्थापक निदेशक महाबीर सिंह ने कहा कि एसओएफ ने ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करने के लिए एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठन से भागीदारी की है, उन्होंने कहा की परीक्षा की अखंडता को सुनिश्चित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रिमोट प्रॉक्टरिंग, परीक्षा की वीडियो रिकॉर्डिंग और अन्य विभिन्न उपकरणों का व्यापक उपयोग किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि 2019.20 के दौरान, 6 ओलंपियाड परीक्षा के लिए पंजीकृत 32 देशों के 56000 से अधिक स्कूलों और लाखों छात्रों ने उनमें भाग लिया। एसओएफ की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विजेता स्कूलों और छात्रों को पुरस्कारए और छात्रवृत्ति दी जाती है।

साइंस ओलंपियाड फ़ाउंडेशन, दुनिया में ओलंपियाड परीक्षाओं का सबसे बड़ा आयोजक है, जिसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय स्तरए राज्य स्तर और स्कूल स्तर पर भी प्रतिभा और प्रदर्शन को पहचानना, प्रेरित करना और पुरस्कृत करना है। यह छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने और उन्हें अपने स्कूल स्तर से परे प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार करने का प्रयास करता है। प्रत्येक छात्र को स्कूल, शहर, राज्य और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रैंक प्रदान किया जाता है, ताकि छात्र प्रतिस्पर्धा के लिए उसकी तैयारियों और तत्परता के स्तर को जान सके।

साइंस, ओलंपियाड फाउंडेशन एसओ चार ओलंपियाड परीक्षा आयोजित करता है, जिसमें शामिल हैंरू नेशनल साइंस ओलंपियाड इंटरनेशनल मैथमैटिक ओलंपियाड इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड और इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलंपियाड एसओएफ की परीक्षाओं में ए ब्रिटिश काउंसिल, टीसीएस, आईसीएसआई के तहत कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार और सिंगापुर के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय भागिदार बने है।

## महिलाओं ने एस.डी.एम. और तहसीलदार को मितानिन चयन प्रक्रिया की शिकायत की

**बेमेतरा।** नगर बेरला वार्ड नंबर 12 और 13 के लिए मितानिन के चयन प्रक्रिया में हुई अरिपक्वता के खिलाफ वार्ड के महिलाओं ने अनुविभागीय अधिकारी और तहसीलदार बेरला को लिखित शिकायत की। नगर में अभी मितानिनों की चयन की प्रक्रिया चल रही है, जिसमे चयन समिति के सदस्यों के द्वारा नियमों को हेर फेर करने की शिकायत हुई है। अनुभवी व्यक्ति को बिना पढ़ा लिखा बताकर, बिना अनुभव 12 वीं पास व्यक्ति की नियुक्ति की गई। जबकि वँहा उपस्थित स्नातक पास को फार्म भरने का भी मौका नही दिया जिसका वहां उपस्थित महिलाओं ने भरपूर विरोध किया व इस चयन को पक्षपाती बताया। नियम के हिसाब से भी मितानिन को अनुभव के आधार पर बिना पढ़े लिखी नियुक्ति की जा सकती है जिसकी मांग मौजूद महिलाएं कर रही थी। एस.डी.एम. और तहसीलदार से मिलकर महिलाओं ने तुरंत इस चयन को रद्द कर नियमानुसार व वार्ड के महिलाओं से चर्चा कराकर सर्वसम्मत्ति से चयन कराने की मांग की। इस दौरान वार्ड की 70 से अधिक महिलाओं ने हस्ताक्षर कर तहसील व अनुविभागीय कार्यालय पहुंचकर विरोध किया।

## झाल में पुलिस पकड़ा गांजा, 4 नग झाड़ जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ नवागढ़
www.dailypioneer.com

अवैध मादक पदार्थ गांजा के विरूद्ध थाना नवागढ पुलिस ने कार्यवाही करते हुए डेढ़ किलो गांजा जप्त किया। थाना प्रभारी नवागढ़ अम्बर सिंह भारद्वाज के नेतृत्व में नवागढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत गुरुवार को थाना नवागढ पुलिस को जरिये मुखबीर से सुचना मिला कि ग्राम झाल का रहने वाले परमेश्वर साहू अवैध रूप से धन अर्जित करने के नियत से अपने घर बाड़ी में गांजा बिक्री करने हेतु रखे है। सूचना पर थाना नवागढ स्टाफ व गवाहो के साथ घटना स्थल पहुचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी परमेश्वर साहू पिता चंदूराम साहू उम्र 42 साल निवासी झाल थाना नवागढ जिला बेमेतरा के घर बाडी से 04 नग गांजा का सुखा झाड वजन 01 किलो 500 ग्राम कीमत करीबन 4,500 रूपये को 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत जप्त कर कार्यवाही किया गया । उक्त कार्यवाही में थाना नवागढ प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह,सउनि जगमोहन कुंजाम, आरक्षक छत्रपाल डहरिया, पूना सिंह, राहुल दुबे एवं थाना स्टाफ का सराहनी भूमिका रही।

## सप्तमी पर मां दुर्गा का विशेष श्रृंगार, दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

**सरायपाली।** नवरात्र के सातवें दिन देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही माता देवालयों मैं सुबह से रात तक भक्तों की लंबी कतार पूजा दर्शन करने लगी रही। नवरात्र में कालरात्रि मैं विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई नवरात्र के 9 दिनों में देवी की अलग.अलग रूपों में पूजा.अर्चना होती हर दिन देवी के अलग-अलग रूपों की आराधना की जाती है इसी क्रम में आज नवरात्रि की सप्तमी तिथि पर माता के सातवें रूप कालरात्रि की मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। माता के दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही किंतु इस बीच मंदिरों या दुर्गा पंडालों में शासन के नियमों का पालन करते हुए सैनिटाइजर वह मास्क लगाकर अनिवार्य कर दिया है।

# अवैध शराब के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा अवैध जुआ, सट्टा ,शराब का काम करने वालो के खिलाफ लगातार कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशन व मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी महेश ध्रुव के कुशल नेतृत्व में धर पकड कार्यवाही जारी है। मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि दीपक मराठा अपने साथियो के साथ सुरखी शराब दुकान से बारी बारी से शराब लेकर पंचशील नगर रेल्वे लाईन के पास इक्टठा कर रहा है। सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाह के पंचशील नगर रेल्वे लाईन के पास पहुचकर घेरीबंदी किये जहां आरोपी दीपक मराठा एवं संतु यादव मोटर साइकल में एक सफेद प्लास्टिक बोरी का झोला में समान रखे खडे थे तथा रोड के नीचे बुलेट के पास जगदीश मनहरे एवं लखन कोसले अपने हाथों में प्लास्टिक बोरी के झोला में समान लिए खडे थे जिन्हे घेराबंदी कर पकड के सामने बैठा दिपक मराठा पुलिस को आता देख अंधेरे का फायदा उठाकर रेल्वे लाइन कि ओर भाग गया। पिछे बैठे संतु यादव के झोला व जगदीश व लखन कोसले के झोला को मुखबीर सूचना से अवगत कराकर गवाहो के समक्ष चेक किया तीनों के झोला में देशी मशाला शराब रखे मिला तो जिसे गवाहों के समक्ष निकालकर गिनती किये जो दीपक मराठा के बुलेट के पिछे बैठे संतु यादव के झोला का शराब 50 पौवा, जगदीश मनहरे के झोला का शराब 45 तथा लखन कोसले के झोला में रखे शराब 30 पौवा पाया गया जिससे गिनती कर पंचनामा गवाहों के समक्ष तैयार किया गया तथा आरोपीगणो को उक्त शराब रखने परिवहन करने बेचने के संबंध मे दस्तावेज पेश करने हेतु धारा 91 सीआरपीसी का नोटिस दिया गया जो शराब का लाईसेंस नही होना बताया। आरोपी सदर का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाये जाने से आरोपीगण संतु यादव के कब्जे से झोला में एवं 50 पौवा देशी मसाला शराब प्रत्येक में 180 एमएल शराब भरी हुई शीलबंद कुल 9.00 बल्क लीटर शराब तथा आरोपी जगदीश मनहरे के झोला में 45 पौवा देशी मशाला शराब प्रत्येक में 180 एमएल शराब भरी हुई शीलबंद कुल 8.100 बल्क लीटर को जगदीश से तथा लखन कोसले से मिले झोला के 30 पौवा देशी मशाला शराब कुल 5.400 बल्क लीटर कुल 22.500 बल्क लीटर किमती 11250 रूपये तथा मोटर साइकल किमती 1 लाख रूपये को बुलेट के पिछे बैठे संतु यादव से बुलेट चालक दीपक मराठा को छोडकर भाग जाने से जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। व थाना में सभी आरोपियों के खिलाफ अपराध कमांक 410/2020 धारा 34 ( 2 ) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को विधिवत आरोप बताकर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

फरार आरोपी दीपक मराठा को पता तलाश कर गिरफतार किया जाना शेष है।

## आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने दैनिक उपस्थिति पंजी का किया अवलोकन

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के विभिन्न विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर किया जाना होता है परंतु इसका पालन अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है या नहीं ऐसे कर्मचारियों की जानकारी प्राप्त करने के लिए अचानक सभी विभागों के उपस्थिति पंजी को मंगाकर पंजी का अवलोकन आयुक्त द्वारा स्वयं किया गया! जिसमें लेखा शाखा, सचिवालय, स्वास्थ्य विभाग, संपति कर, राजस्व विभाग, असंगठित कर्मकार, भवन अनुज्ञा, जनसंपर्क विभाग, भवन संधारण, सामान्य प्रशासन विभाग, काउंटर, जनगणना विभाग, शिक्षा विभाग सहित मुख्य कार्यालय के अन्य विभागों की उपस्थिति पंजी सम्मिलित है!

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

क्र./1218/निविदा/लो.नि.वि./2020 भिलाई-चरौदा, दिनांक 15.10.2020

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा हेतु G.S.T. आयकर विभाग से पंजीकृत फर्मो एवं इच्छुक व्यक्तियों से निम्न कार्य हेतु दिनांक 16.10.2020 से दिनांक 05.11.2020 समय - सायं 5:30 बजे तक मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| स.क्र. | कार्य का विवरण | लागत राशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | निकाय क्षेत्रान्तर्गत पेयजल व्यवस्था हेतु नलकूपों में मोटर पंप खोलने एवं बदलने का कार्य (वार्षिक कार्य) | 5.00 |

उपरोक्त कार्य हेतु निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सीधे नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा की वेबसाइट www.nagarnigambhilaicharoda.com से डाउनलोड कर निविदा की अंतिम तिथि तक कार्यालय में रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा/स्वीकार किया जावेगा। अंतिम तिथि के बाद निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, भिलाई चरौदा

''घर में रहें, स्वस्थ रहें। हारेगा कोरोना, जीतेगा हिन्दुस्तान''

## निधन

### कीर्ति प्रकाश पांडेय



**बेमेतरा।** कीर्ति प्रकाश पांडेय सेवा नि. सहा.वि.ख.शि.अ.बेमेतरा (सनकपाट वाले) का दुःखद निधन हो गया है। ये भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजा पांडेय जी, रवि पांडेय एवं सोनल पांडेय के पिता थे।

### हाजी इस्माइल खान



**नवागढ़।** हाजी इस्माइल खान रिटायर्ड शिक्षक निवासी नवागढ़ वार्ड क्रमांक 4 का आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका अंतिम कार्यक्रम के रूप में नमाजे जनाजा 10 बजे रखा गया।

**न्यायालय तहसीलदार जशपुर जिला-जशपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202010031400052/अ-21/2019-20

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व संबंधित ग्रामीण जनता ग्राम - **पुरनानगर, प.ह.नं.-06** के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक **अनिल आ. खगेश्वर एवं 02 अन्य जाति-उराँव** निवासी ग्राम-पुरनानगर तहसील व जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम-पुरनानगर, प.ह.नं.-06 में उसके पूर्वजों को राज्य शासन के द्वारा बंटन में प्राप्त भूमि खसरा नम्बर 650/2 से रकबा 2.023 हे. को विक्रय की अनुमति प्रदाय किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय, जशपुर के समक्ष आवेदन-पत्र पेश किया गया है, जो जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 04.11.2020 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
जशपुर (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय तहसीलदार जशपुर जिला-जशपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /अ-20(1)/2019-20

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा ग्राम-जशपुर, प.ह.नं.-07 के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक **वरूण कुमार साय, पिता श्री अवधेश कुमार साय, निवासी - जशपुर** नगर तहसील व जिला - जशपुर (छ.ग.) के द्वारा नजूल नगर जशपुर अन्तर्गत मुहल्ला जशपुर स्थित भू-खण्ड क्रमाँक 281/4 रकबा 33.178 एकड़ में से रकबा 288 वर्गफुट को स्वयं के नाम पर व्यवस्थापन कर भूमि-स्वामी अधिकार दिये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जशपुर के समक्ष आवदेन-पत्र पेश किये जाने पर प्रकरण जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 05.11.2020 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
जशपुर (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय तहसीलदार जशपुर जिला-जशपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /अ-20(1)/2019-20

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा **ग्राम-जशपुर, प.ह.नं.-07** के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकेश्वर यादव, पिता श्री घुटुर यादव, निवासी जशपुर नगर तहसील व जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा नजूल नगर जशपुर अन्तर्गत मुहल्ला जशपुर स्थित भू-खण्ड क्रमाँक 381/1 रकबा 96961 वर्गफुट में से रकबा 196 वर्गफुट को स्वयं के नाम पर व्यवस्थापन कर भूमि-स्वामी अधिकार दिये जाने हेतु कलेक्टर महोदय, जशपुर के समक्ष आवेदन-पत्र पेश किये जाने पर प्रकरण जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 4-07/सात-1/2019 दिनांक 11 सितम्बर 2019 की कंडिका 5 (5.3) में दिये गये प्रावधान अनुसार किसी भी शासकीय भू-खण्ड के दो या दो से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर प्रचलित गाईड लाईन की दर से निर्धारित की गई प्रब्याजि को आफसेट मूल्य मानते हुए नीलामी के माध्यम से अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति/संस्था को आबंटित किया जाना है। चूंकि आवेदित भूमि जशपुर स्थित प्लाट नम्बर 381/1 रकबा 96961 वर्गफुट भूमि में एक से अधिक कई आवेदन प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 05.11.2020 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
जशपुर (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली जिला - मुंगेली (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-74/2019-2020
ग्राम जेठूकापा प.ह.नं. 48

एतद् द्वारा ग्राम जेठूकापा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक फूलचंद आ. बुधारी + 8 अन्य जाति सतनामी निवासी लिलवाकापा तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा ग्राम जेठूकापा हल्का नं. 40 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 2/1 थ. रकबा 0.971 हे. भूमि का मूल किसान किताब फट/गुम हो जाने से द्वितीय प्रति किसान किताब हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 26.10.2020 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
मुंगेली

**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली जिला - मुंगेली (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-74/2019-2020
ग्राम कंतेली प.ह.नं. 06

एतद् द्वारा ग्राम कंतेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामायणबाई पति गोविंद डहरिया जाति सतनामी निवासी घाता तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा ग्राम कंतेली हल्का नं. व तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 324/11, 324/12 रकबा 1.129, 0.397 एकड़/हेक्टे. भूमि का मूल किसान किताब फट/गुम हो जाने से द्वितीय प्रति किसान किताब हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 13.11.2020 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 4.09.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
मुंगेली

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

दुर्ग, दिनांक 20.10.2020

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**

**द्वितीय आमंत्रण**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर दिनांक 04.11.2020 तक आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 175/दुर्ग(कवर्धा)/2020 | बोड़ला विकासखण्ड के अंतर्गत रेंगाखार, साल्हेवारा मार्ग के किमी. 1/2 से 28/80 = 27.80 कि.मी. डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य। | 97.37 |

टीपः-1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट https:eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जावें।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
जी-84496/4
दूरभाष - 0788-2210876

## संपादकीय

# बिहार विधानसभा चुनाव, भीड़ बटोरते तेजस्वी

**उम्मीद** थी कि कोरोना महामारी के कारण बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान हल्का रहेगा, पर राजद नेता तेजस्वी यादव निश्चित रूप से इसे तेज कर रहे हैं। उनकी रैलियों में एकत्र होने वाली भारी भीड़ भले ही सोशल डिस्टेंसिंग मानकों का उल्लंघन करती हो, पर 10 लाख नौकरियों के वादे तथा राज्य के लोगों के प्रवासी कामगार बनने की मजबूरी के बारे में टिप्पणियों पर उसका जोश तेजस्वी के बारे में उम्मीद जगाता है। हालांकि, बिहार में भीड़ का वोटों में बदलना जरूरी नहीं होता है, पर तेजस्वी का बढ़ता आकर्षण जदयू सुप्रीमो व निवर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में चिन्ता पैदा कर रहा है। लेकिन सवाल है कि क्या वे भाजपा-जदयू गठबंधन को राजनीतिक संकट में डाल सकेंगे? हालांकि, वर्तमान समय में वे अपने पिता लालू प्रसाद यादव के सामाजिक न्याय आंदोलन के योग्य वारिस अवश्य लग रहे हैं। पिछले छह महीने से तेजस्वी जमीन पर काम कर रहे हैं और उन्होंने जनता से अपना संपर्क मजबूत किया है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से उन्होंने लालू की छाया से बाहर निकलने तथा अपने राजनीतिक संवाद को नया रूप देने का निर्णय किया। वे अच्छी तरह जानते हैं कि राजद का परंपरागत जनाधार जाति आधारित तथा अल्पसंख्यक मतदाताओं पर निर्भर है तथा यादव-मुस्लिम मतदाता राज्य की जनसंख्या में 30 प्रतिशत हैं। इसलिए वे अपने लिए व्यापक आधार तैयार करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने राज्य के नौजवानों में बेरोजगारी को मुख्य मुद्दा बनाया है क्योंकि महामारी से हुई बरबादी के बाद अर्थव्यवस्था की स्थिति महत्वपूर्ण बन गई है। इससे वे नौजवान मतदाताओं में अपनी जगह बनाने में सफल हुए हैं जो मतदाताओं का 24 प्रतिशत हैं। नौजवान लाकडाउन के दौरान प्रदेश लौटे प्रवासी मजदूरों के प्रति नीतीश के व्यवहार से नाराज हैं। उन्होंने प्रवासी मजदूरों के पुनर्वास के मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की है जो भाजपा के लिए इसका लाभ उठाना चाहते हैं। राजद भले ही घोटालों से दागी पार्टी रही हो, पर नई पीढ़ी को इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है और तेजस्वी को उम्मीद है कि वे नौजवानों को अपने पक्ष में ला सकेंगे। उनके नारे 'नई सोच नया बिहार' या 'अबकी बार युवा सरकार' अपनी विकासोन्मुख छवि बनाने की ओर लक्षित हैं, जबकि नीतीश इस मामले में विफल रहे हैं। लेकिन यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि पिछले वर्षों में नीतीश ने व्यवस्थित रूप से राजद के जनाधार में सेंध लगाई है और इसके लिए अति पिछड़ा वर्ग-ईबीसी व महादलित श्रेणियां बनाई हैं। तेजस्वी अपनी पार्टी का जनाधार बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। वे यह छवि बनाना चाहते हैं कि अब बिहार नीतीश को नहीं चाहता है। इससे उन्होंने निस्तेज चुनाव में रंग भर दिया है। इस बार तेजस्वी ने गठबंधन में सीटों के आबंटन में सावधानी बरती है तथा ज्यादातर सीटें अपनी पार्टी को दी हैं। उन्होंने पिछली बार लोकसभा चुनाव में केवल 19 सीटों पर चुनाव लड़ने और बाकी सहयोगियों को देने से भी सबक सीखा है। सहयोगी राजद या कांग्रेस को अपने वोट ट्रांसफर नहीं कर पाए थे। राजद इस बार 144 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है और उसने 70 सीटें कांग्रेस को तथा 29 सीटें वामपंथी पार्टियों को दी हैं। तेजस्वी मतदाताओं को आकर्षित जरूर कर रहे हैं, लेकिन नीतीश कुमार दलित नेता जीतनराम मांझी व जदयू चले गए अन्य नेताओं के माध्यम से इसमें प्रभावी हस्तक्षेप कर रहे हैं। राजद ने 2015 के विधानसभा चुनाव में 80 सीटें जीती थीं, लेकिन तब उसके साथ नीतीश व जदयू का जनाधार जुड़ा था जो आज नहीं है। भाजपा नीत राजग का व्यापक जातीय आधार है जो बिहार की 60 प्रतिशत जनता को अपने भीतर समेटता है। तेजस्वी की समर्थक वामपंथी पार्टियों का जनाधार बहुत सीमित है। तेजस्वी ने बहुत चालाकी से चिराग पासवान की लोजपा का सीधे विरोध करने से बचने का प्रयास किया है।

# पुलिस का अधिकार क्षेत्र

## रिया चक्रवर्ती मामले में अदालत के फैसले ने पुलिस के अधिकार क्षेत्र के नए मानक तय किए हैं। शिकायतकर्ता इनका दुरुपयोग कर सकते हैं।



**अमित जायसवाल**
(लेखक पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय में वकील हैं)



हालिया समय में देश के एलेक्ट्रानिक चैनलों तथा प्रिंट मीडिया में अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत-एसएसआर के असमय निधन के मामले को काफी स्थान मिला है। कुछ खास चैनलों ने इसे बहुत ज्यादा स्थान दिया। बिहार से आए इस नौजवान अभिनेता को 14 जून को मुंबई के बांद्रा में उनके घर में फांसी से लटका पाया गया था और कहा गया था कि उन्होंने आत्महत्या की है। ऐसे मामलों की निर्धारित प्रक्रिया तथा सेलेब्रिटी की मौत होने के कारण मुंबई पुलिस ने सावधानी से काम करना शुरू किया। उसने 56 लोगों के बयान दर्ज किए जिनमें परिवार के सदस्य, रिश्तेदार, लिव इन पार्टनर, मित्र तथा दिवंगत अभिनेता के कर्मचारी शामिल थे। जांच के इस चरण पर किसी ने दुर्भावना की आशंका नहीं प्रकट की। उनके बयानों से संज्ञेय अपराध का संकेत नहीं मिलता था। इससे मुंबई पुलिस ने मामले को दुर्घटना मृत्यु के रूप में दर्ज करने की दंड प्रक्रिया संहिता-सीआरपीसी की धारा 174 लागू की। लेकिन मृत्यु के 40 दिन बाद 25 जुलाई को मृतक के पिता के.के. सिंह की ओर से पटना के राजीव नगर थाने में एक प्रथम सूचना रिपोर्ट-एफआईआर दर्ज कराई गई। इसमें विश्वासघात, मृत बेटे की संपत्ति के गबन तथा लिव-इन पार्टनर रिया चक्रवर्ती व उनके परिवारी सदस्यों द्वारा आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप लगाए गए थे।

इसके बाद पटना की एक पुलिस टीम जांच के लिए मुंबई गई, लेकिन मुंबई पुलिस ने अधिकार क्षेत्र का मुद्दा उठाया जिससे कड़वाहट पैदा हुई। अंततः बिहार सरकार की संस्तुति पर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई ने मामले की जांच शुरू की। इस बीच रिया चक्रवर्ती ने सीआरपीसी की धारा 406 के अंतर्गत सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया तथा एफआईआर को पटना सदर के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय के न्याय क्षेत्र से बांद्रा मुंबई के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट को हस्तांतरित करने की प्रार्थना की। निर्धारित विधिक प्रक्रिया के अनुसार एफआईआर उस थाने में दर्ज कराई जाती है जिसके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत अपराध हुआ हो। प्रथमदृष्ट्या इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की अधिकृत नहीं थी। बिहार पुलिस को किसी संज्ञेय अपराध की शिकायत मिलने पर भी स्थापित प्रक्रिया के अनुसार एक 'ज़ीरो एफआईआर' दर्ज कर इसे संबंधित थाने को हस्तांतरित करना चाहिए था। इस मामले में सीआरपीसी की धारा 181-4 लागू होती है।

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में पटना में एफआईआर दर्ज करने को मुख्यतः इस आधार पर उचित माना है कि आरोपों का संबंध आपराधिक विश्वासघात तथा पैसे के गबन से है जिसका हिसाब-किताब पटना में था, जहां शिकायतकर्ता रहता है। इस प्रकार प्रथमदृष्ट्या पटना पुलिस का विधिक अधिकार क्षेत्र बनता है। सर्वोच्च न्यायालय ने एफआईआर की वैधता उचित ठहराने के लिए 'एकाउंटेड फार' शब्दों पर जोर दिया। उसने अपने तर्क के समर्थन में कुछ फैसलों का संदर्भ भी दिया। हालांकि, यहां अदालतों द्वारा इन शब्दों का प्रयोग करने वाले फैसलों पर विस्तृत चर्चा संभव नहीं है, पर ये केवल इसलिए लागू नहीं होते हैं कि आरोपी अंततः मृतक के वारिसों के प्रति जवाबदेह होता है। इस दृष्टिकोण से एफआईआर ऐसे किसी स्थान

> रिया चक्रवर्ती मामले में फैसले ने एक नया विधिशास्त्र तैयार किया है जिसका संबंध पुलिस के अधिकार क्षेत्र से है। इसने विभाजक रेखाओं को धुंधला किया है जिसके देश की दंड न्याय व्यवस्था पर गंभीर प्रभाव होंगे जिसका संबंध आपराधिक मामलों में कार्यवाही शुरू करने की प्रक्रिया से है।

पर दर्ज कराई जा सकती है जहां मृतक के कानूनी वारिस रहते हों, भले ही उस पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में अपराध पूर्ण या आंशिक रूप से न हुआ हो। ऐसे मामले की कल्पना करें जहां किसी बिजनेसमैन ने अपने बिजनेस सहयोगी या एजेंट या कर्जदाता के किसी कृत्य के कारण मुंबई में आत्महत्या कर ली हो। यदि मृतक का एक बेटा उत्तर प्रदेश के लखनऊ तथा दूसरा बेटा गुजरात के अहमदाबाद में रहता हो तो हालिया निर्णय के अनुसार दोनों स्थानों की पुलिस एफआईआर दर्ज कर उसकी जांच करने में केवल इसलिए सक्षम होगी कि मृतक के कानूनी वारिस इन दोनों शहरों में रहते हैं। इस प्रकार उनके पास अपने हित के अनुसार पुलिस थाना व राज्य चुनने का विकल्प होगा। इस मामले में लखनऊ या अहमदाबाद की पुलिस को जांच करने मुंबई जाना होगा, वहां प्रमाण एकत्र करने होंगे तथा गवाहों के बयान दर्ज करने होंगे। क्या इससे उचित जांच संभव होगी? क्या इससे राज्यों के बीच अनावश्यक तनाव व राजनीतिक टकराव नहीं पैदा होगा और क्या एक राज्य की पुलिस अपने अधिकार क्षेत्र का साझा दूसरे राज्य से करेगी? क्या ऐसा हर मामला सीबीआई या किसी अन्य केन्द्रीय जांच एजेंसी को सौंपा जाएगा?

11 मई को घोषित सर्वोच्च न्यायालय के नियमों के अनुसार एक न्यायाधीश जमानत व हस्तांतरण के मामले सुनने के लिए सक्षम है। सर्वोच्च न्यायालय के नियम के अनुसार, 'निम्न श्रेणियों के मामले की सुनवाई प्रधान न्यायाधीश द्वारा नामित एक जज द्वारा कर उनका निस्तारण किया जा सकता है। इनमें जमानत प्रार्थनापत्र या अग्रिम जमानत की प्रार्थना खारिज करने या उसके अस्वीकार करने के कारण आई विशेष अनुमति याचिका शामिल है जो सीआरपीसी की धारा 437, 438 या 439 के अंतर्गत हो। इसमें सात साल तक कैद की सजा वाले अपराध शामिल हैं। इसके साथ ही सीआरपीसी की धारा 406 के अंतर्गत मामलों के हस्तांतरण की प्रार्थनायें भी हैं जो सीआरपीसी की धारा 25 के अंतर्गत आती हों।'

रिया चक्रवर्ती ने सीआरपीसी की धारा 406 के अंतर्गत याचिका दायर की थी जिसमें पटना, बिहार में दर्ज एफआईआर की जांच मुंबई हस्तांतरित करने की प्रार्थना की गई थी। इसे एकल न्यायाधीश ने इस आधार पर खारिज कर दिया था कि सीआरपीसी की धारा 406 सर्वोच्च न्यायालय को ऐसा कोई अधिकार नहीं देती है। हस्तांतरण की याचिका एक बार अस्वीकार करने के बाद पटना पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करने के अधिकार क्षेत्र पर विचार करने का कोई औचित्य नहीं था क्योंकि यह कोई परिणामस्वरूप पैदा मामला नहीं था, न ही हस्तांतरण याचिका पर निर्णय का एफआईआर की वैधता निर्धारण से कोई संबंध था। उपरोक्त नियमों को देखते हुए एकल न्यायाधीश द्वारा इन मुद्दों पर निर्णय का कोई आधार नहीं था। इस प्रकार प्रभावी रूप से निर्णय के अनुसार यदि कोई व्यक्ति आत्महत्या कर लेता है या उसकी हत्या होती है तथा उसमें विश्वासघात या संपत्ति के गबन का कोई आरोप है तो एफआईआर भारत के किसी ऐसे पुलिस थाने में दर्ज हो सकती है जहां मृतक के कानूनी वारिस रहते हों। ऐसे मामले में जांच उस पुलिस थाने के आफिसर इन्चार्ज द्वारा की जाएगी, भले ही उस थाने के अधिकार क्षेत्र में अपराध पूर्ण या आंशिक रूप से न हुआ हो।

इस प्रकार रिया चक्रवर्ती मामले में फैसले ने एक नया विधिशास्त्र तैयार किया है जिसका संबंध पुलिस के अधिकार क्षेत्र से है। इसने विभाजक रेखाओं को धुंधला किया है जिसके देश की दंड न्याय व्यवस्था पर गंभीर प्रभाव होंगे जिसका संबंध आपराधिक मामलों में कार्यवाही शुरू करने की प्रक्रिया से है। इससे केवल भ्रम की स्थिति पैदा होगी तथा शिकायतकर्ता इसका दुरुपयोग करने को लालायित होंगे। अदालत को खुले दिमाग से सीआरपीसी की धारा 181-4 में उल्लिखित 'एकाउंटेड फार' शब्दों की व्यापक व्याख्या करनी चाहिए। इस मामले से भविष्य में अनेक मुद्दों में अनेक प्रकार की जटिलतायें पैदा हो सकती हैं।

# पराली, पर्यावरण और पेट का प्रश्न...



**उर्मिला देवी उर्मि,**
साहित्यकार, शिक्षाविद्, समाज सेवी रायपुर

पर्यावरण संरक्षण का प्रश्न और करोड़ों देशवासियों के पेट का प्रश्न... पराली के साथ जुड़कर इस कठिन कोरोना काल में पहले से कहीं अधिक ज्वलंत मुद्दे बने हुए है। यद्यपि पिछले तीन-चार महीनों में नदियों तथा अन्य जलाशयों के पानी में विशेष उल्लेखनीय स्वच्छता देखी जा रही है, जो प्रदूषण में कमी के स्तर को स्पष्ट रूप से दशाती है, जिसका कारण विशेषज्ञों द्वारा लॉकडाउन को माना जा रहा है, किंतु कुछ क्षेत्रों का वायु - प्रदूषण सभी के लिए बड़ी भारी चिंता का विषय बना हुआ है।

एक समाचार के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय को दिल्ली और एनसीआर में दमघोंटू प्रदूषण का बड़ा कारण बनती जा रही पराली पर निगरानी रखने के लिए एक कमेटी बनानी पड़ी है। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश श्री मदन बी लोकुर की अगुवाई वाली एक सदस्यीय समिति विशेष रुप से पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने और इन पर निगरानी रखने का काम करेगी। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव माननीय न्यायधीश को सहयोग करेंगे। इनके अतिरिक्त एन सी सी, एन एस एस और भारत स्काउट गाइड का भी इस काम में सहयोग लिया जाएगा।

पराली जलाने पर प्रतिबंध के लिए दो विद्यार्थियों द्वारा दायर जनहित याचिका पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों की पीठ ने केंद्र और पंजाब , हरियाणा, उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर नोटिस का जवाब देने की तिथि 16 अक्टूबर तय कर दी थी। इन राज्यों के अतिरिक्त पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को भी नोटिस जारी किया गया था।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति माननीय सर्वोच्च न्यायालय का यह कदम सर्वथा स्वागत योग्य है, क्योंकि सरकारें तो अब ऐसे मामलों को गंभीरता से लेती कम ही दिखाई देती हैं। पिछले 5 वर्षों में इन तीनों राज्यों में किसानों द्वारा पराली जलाने के



कारण वायु प्रदूषण की समस्या प्रतिवर्ष बढ़ती ही जा रही है। पराली जलाने से निकलने वाले धुएं के कारण इन प्रदेशों के साथ साथ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली मैं भी प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ने लगा है, जो इस क्षेत्र के निवासियों के साथ ही पर्यावरण के लिए भी निश्चित रूप से बडा खतरा है। इस दिशा में न्यायालय की दखल को देखते हुए राज्य सरकारों को यह नहीं मान लेना चाहिए कि वे अब इस जिम्मेदारी से मुक्त है, बल्कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में दी गई इस समझाइश को भी स्मरण रखना होगा कि पर्यावरण और लोगों के जीवन से जुड़े इस प्रश्न पर जवाबदेह बनने से सरकारें बच नहीं सकतीं।

पराली- प्रबंधन में ढिलाई पर्यावरण संरक्षण के प्रश्न तथा करोड़ों देशवासियों के पेट के प्रश्न को हल करने की दिशा में एक बड़ी बाधा न बने इसके लिए इस विषय में देश के कृषि - विशेषज्ञों तथा किसान संगठनों के महत्वपूर्ण सुझावों को ध्यान में रख कर, समय रहते कार्य किए जाने की आवश्यकता है।

जो किसान देशवासियों की थाली में प्रतिदिन भोजन पहुंचाने के लिए अपने सुख-दुख की परवाह किए बिना दिन-रात खेतों में खून पसीना एक करते रहते हैं, उन किसानों के सामने करोड़ों देशवासियों के पेट का प्रश्न होता है, इसलिए उन्हें पराली जलाने के दुष्परिणामों की जानकारी होने पर भी ऐसा करने के लिए विवश होना पड़ता है।

सरकारें और माननीय न्यायालय इस तथ्य से भली-भांति अवगत हैं कि अगली फसल की तैयारी के लिए नियत समय तक खेतों को खाली करना नितांत आवश्यक होता है। नई बुवाई के लिए कोई मौसम ऐसे कारणों की परवाह नहीं करने वाला है। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि पराली जलाने पर होने वाले प्रदूषण का पहला शिकार तो किसान ही होते हैं, इसलिए पहले अपनी ही जान को जोखिम में डालने वाले किसानों की मजबूरी को समझना होगा। स्वाधीनता के पूर्व विदेशी शासन द्वारा निर्दोष किसानों पर निर्दयतापूर्वक की जाती रही दमनकारी कारवाई को दोहराया जाना समझ से परे की बात है। अब तो अपनी ही चुनी हुई जनकल्याण कारी सरकार है जिसे यह समझना चाहिए कि किसानों को पराली जलाने से रोकने के लिए दंडात्मक कार्यवाही इस समस्या का समाधान नहीं हो सकता। इस दिशा में एक निश्चित कार्ययोजना के अनुसार आगे बढ़ने की जरूरत है ।

समाचार माध्यमों के अनुसार वास्तविकता तो यह है की जिन राज्यों से पराली जलाने के समाचार मिल रहे हैं, वहां की सरकारों ने इस विषय में गंभीर होने की आवश्यकता ही नहीं समझी। न्यायालय ने तो पहले ही कहा है कि राज्यों को एक अलग कोष स्थापित कर किसानों को प्रोत्साहन राशि देनी चाहिए ताकि वे पराली जलाने के लिए मजबूर ना हों। अच्छा तो यह होगा कि किसानों से पराली खरीद कर उसे सरकार की देख-रेख में ही इस तरह नष्ट किया जाए कि जिससे पर्यावरण या अन्य किसी को कोई नुकसान ना हो।

इस संदर्भ में विशेषज्ञों द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश को एक मिसाल माना जा रहा है, जहां गोठान में ही पराली को खपा दिया जाता है। ऐसे ही किसी विकल्प को शीघ्र तलाश कर उस पर ईमानदारी के साथ काम करना होगा। इस बात से तो सभी सहमत होंगे कि पराली प्रबंधन में ढिलाई के कारण दिल्ली और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या कठिन कोरोना महामारी से निपटने के प्रयासों के बीच अधिक जानलेवा होने वाली है, इसलिए देश के अन्नदाता किसानों को दोषी सिद्ध कर उन पर दंडात्मक कार्रवाई करना छोड़ें और न केवल दिल्ली बल्कि पूरे देश को वायु प्रदूषण से बचाने के लिए ऐसी ठोस योजना पर काम करें जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को बल मिले, किसानों की परेशानी और हितों की किसी भी प्रकार से अनदेखी ना हो तथा करोड़ों देशवासियों के लिए खाद्यान्न की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होती रहे।

## फरमाया



**क्या** माइक तैयार है? आश्चर्य है मेरे माइक के साथ ऐसा किसने किया। मुझे विश्वास नहीं कि वो जो बिडेन थे। हिलेरी क्लिंटन ऐसा कर सकती हैं।

– **डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**आपकी** पीढ़ी ऐसी है जो अमेरिका में एक नया अभिलंब सृजित कर सकती है। वह जो निष्पक्ष हो, व्यवस्था सबके साथ समान बर्ताव करते हुए सबको समान अवसर दे।

– **बराक ओबामा**
पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति



**दुश्मनों** द्वारा दुरुपयोग रोकने के लिए सोशल मीडिया सामग्री की नियमित रूप से निगरानी करनी होगी। पड़ोसी द्वारा प्रायोजित आतंकवाद से हमारी पुलिस प्रभावी ढंग से निबट रही है।

– **मनोज सिन्हा,** उपराज्यपाल जम्मू-कश्मीर

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## शर्मनाक रिपोर्ट

**जिस** भी तरीके से हम इसे देखें यह अत्यंत शर्मनाक वास्तविकता अपरिहार्य है, छटे से अधिक भारत स्थायी रूप से भूखा और अल्पपोषित है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2020 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की रैंकिंग अति गहन है, जो गंभीर है। इसका एक मुख्य कारण है कि भोजन को समान रूप से वितरित नहीं किया जाता है, क्योंकि उत्पादित किए गए सभी खाद्य पदार्थों का 40त्न गोदामों, रेस्टोरेंट और सामुदायिक कार्यों के दौरान बेकार हो जाता है। एक रणनीति के बिना भूख का मुकाबला नहीं किया जा सकता है। आहार विविधता, अंतर-समन्वय समन्वय, राजनीतिक इच्छाशक्ति, खराब पोषण कार्यक्रमों की निगरानी और सार्वजनिक खाद्य वितरण प्रणाली की अपर्याप्तता, ये सभी हमारी अर्थव्यवस्था की वृद्धि और विकास को बाधित कर सकते हैं। सिंचाई और नए कृषि तकनीकों के बढ़ते उपयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए सरकार की नीति को एक एकीकृत नीति ढांचे को अपनाने की जरूरत है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाया जाना चाहिए। सरकार को सबसे समग्र योजनाओं के साथ आना चाहिए। फसल विविधीकरण क्षेत्र की खोज की जानी चाहिए।

– **खुशबू वेद**, उज्जैन

## यह भी परेशानी

**हमारे** देश में अभी भी कई ऐसे लोग है जो अभी भी यानी इक्कीसवीं शताब्दी में भी गाड़ी, मेट्रो में सफर करने का खर्च नहीं उठा सकते। कई ऐसे लोग है जिन्होंने अभी तक गाड़ी में सफर करने का लुफ्त नहीं उठाया है वह अपना पूरा जीवन बस, लोकल ट्रेन में ही धक्के काटकर गुजार देते हैं तो ऐसे में उन लोगों को अब कई वर्षों से कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि दिल्ली में छह साल से दिल्ली परिवहन निगम यानी डीटीसी के बेड़े में एक भी नई बस शामिल नहीं हुई है व कम होती बसों की संख्या ने सुबह व शाम के व्यस्त समय में यात्रियों की परेशानियां बहुत बढ़ा दी है और अभी मौजूदा समय में तो यात्रियों को तो ओर ही परेशानी हो रहीं है क्योंकि कोविड़-19 के प्रकोप के कारण बस चालक अब बीस ही यात्रियों को बस में बैठने देते है एंव अधिकांश बसें तो बस डीपो पर ही भर जाती हैं जिससे आगे वाले स्टैंड में यात्रियों को घंटो घंटो तक बसों के लिए वेट करना पड़ता है और कई बार तो घंटों इंतजार करने के बाद भी बस नहीं मिलती हैं। हालत तो अब यह है कि पुरानी बसें अपनी तय किलोमीटर पूर्ण कर मार्गों से हटती जा रही हैं, डीटीसी के बेड़े में बसों की संख्या घटकर 3762 के करीब रह गई है।

– **निधि जैन,** लोनी, गाज़ियाबाद

## जहरीली शराब से मौतें

**पिछले** सप्ताह जहरीली शराब ने एक बार फिर बड़ी संख्या में कहर ढाया व्यवस्था की पोल भी खोली। देश में इस तरह हादसे होना आम बात हो गई हैं इन्हें सख्ती से रोके जाने की जरूरत हैं ताकि लोग अकाल मौतों से बचे। उज्जैन शहर में जहरीली शराब के तांडव में 14 लोग मौत की भेंट चढ़ गए। मजदूर वर्ग के इन लोगों की गली चौराहों से लाशें मिलना वाकई दुःखद है। प्रशासन की सख्ती भी राहत की बात हैं मगर जिस तरह से इस जहर का धंधा खुलेआम चल रहा था वह चिंता का विषय हैं। उज्जैन हादसा कोई नया नहीं हैं। देशभर में आए दिन इस तरह के हादसे होते रहते हैं। चूंकि इसमें लापरवाही नजर आती हैं, क्योंकि पीने वाले बेचने वाले तक तो पहुंच जाते हैं मगर प्रशासन इसमें मूक-दर्शक जो बना रहता हैं, वह प्रश्न चिन्ह हैं। हादसों के बाद ताबड़-तोड़ व्यवस्था एक तरह से सिस्टम बन चुकी हैं, जिसकी जरूरत हादसों के पहले रहती हैं। देश में हो रहे जहरीली शराब के हादसों से सबक लेकर कड़ी कार्यवाही की जरूरत हैं ताकि आने वाले समय में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

– **अमृतलाल मारू**, धार, मप्र

# भाजपा की वर्चुअल बैठक में शामिल हुए भाजपा प्रदेश मंत्री राकेश यादव

## प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, जम कर बरसे भाजपा के दिग्गज

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नए कृषि कानूनों को देशभर के अन्नदाता किसानों के लिए क्रांतिकारी परिवर्तन की शुरुआत बताते हुए कहा है कि केंद्र सरकार की कृषि नीति से सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ का किसान लाभन्वित होगा। इससे किसानों की आय दोगुनी होगी। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक शिवरतन शर्मा, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद (राज्यसभा) रामविचार नेताम, राज्यसभा सांसद डॉ. सरोज पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, राष्ट्रीय संगठन सह संगठन महामंत्री वी. सतीश, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री सौदान सिंह व भाजपा के प्रदेश मंत्री राकेश यादव शामिल हुए।

बैठक में मौजूद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आज दुनियाभर में भारत को सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है। कोविड-19 समेत अनेक तरह की वैश्विक चुनौतियों,



आतंरिक समस्याओं-आलोचनाओं-विरोधों आदि को झेलते हुए भी आज भारत अगर आपदा में अवसर तलाश रहा है, संकटों में भी आत्मनिर्भर भारत होने जैसा, लोकल के लिए वोकल होने जैसा हिम्मत हम कर पा रहे हैं, तो इसके लिए श्री मोदी के प्रेरक नेतृत्व व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा के सांगठनिक कौशल को श्रेय जाता है। श्री साय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कृषि सुधार के क्षेत्र में ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कानून ने वास्तव में किसानों की सच्ची आजादी का मार्ग प्रशस्त किया है।

### शराब बंदी के झूठे वादे के बाद ठगी महसूस कर रही महिलाएं : डॉ रमन सिंह

इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज राजनीतिक प्रस्ताव और कृषि प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा हुई प्रस्ताव लाया गया। उन्होनें कहा कि प्रदेश में यह चर्चा है की कोई मुख्यमंत्री 2 साल में कैसे अलोकप्रिय हो सकता है। मुख्यमंत्री राज्यपाल को कहते है कि मर्यादा का पालन करें यह आश्चर्यजनक हैं। आज किसान अंदर ही अंदर आंदोलित है। दो साल का बोनस, समर्थन मूल्य नहीं दिया गया। महिलाएं शराब बंदी के झूठे वादे के बाद ठगी हुई महसूस कर रही हैं। युवा बेरोजगारी भत्ता की बांट जोह रहे हैं। आज प्रदेश में ऐसा वातावरण निर्मित हैं जो हमारे लक्ष्य को साकार करेगा।

### किसानों की आजादी के लिए पीएम को किया धन्यवाद

धरमलाल कौशिक नेराजनीतिक प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए केंद्र के कृषि सुधार कानून को किसानों की वास्तविक आजादी का घोषणा पत्र बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कृषि सुधार के एक नए युग ने प्रवेश करने के लिए धन्यवाद दिया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक शिवरतन शर्मा ने नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक द्वारा लाए गए राजनीतिक प्रस्ताव का समर्थन किया जिसे हाथ उठा कर ध्वनिमत से सभी ने समर्थन कर राजनीतिक प्रस्ताव पास किया। उक्त जानकारी वर्चुअल बैठक में शामिल भाजपा प्रदेश मंत्री राकेश यादव ने दी।

### राजभवन में नियुक्ति पर राज्य सरकार का हस्तक्षेप चिंताजनक- सरोज पाण्डे

राज्यसभा सांसद डॉ. सरोज पाण्डेय ने प्रदेश कार्यसमिति बैठक में कहा कि आज हम नई कार्यपद्धति अर्थात वर्चुअल माध्यम से इस बैठक में सम्मिलित हुए हैं। आज राजनीतिक प्रस्ताव और कृषि प्रस्ताव पास हुए यह दोनों ही महत्वपूर्ण हैं। आज प्रदेश की संघीय व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं, राजभवन में नियुक्ति पर राज्य सरकार का हस्तक्षेप चिंताजनक है।

### आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर हमारा देश- वी सतीश

बैठक में राष्ट्रीय संगठन सह संगठन महामंत्री वी. सतीश ने अपने संबोधन में कहा कि कोरोना महामारी के चलते हमनें अपनों को खोया है। कई भाजपा कार्यकर्ताओं को खोया है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। सतीश ने कहा कि वैश्विक संकट के समय में 130 करोड़ का हमारा देश पूर्ण आत्मविश्वास के साथ लड़ाई लड़ रहा है, और भारत आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर हो रहा है। राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री सौदान सिंह ने बैठक में कहा कि संगठन की संरचना के साथ साथ सभी शक्ति केंद्रों के प्रमुख, सहप्रमुखों के साथ छोटी छोटी बैठकें हो जाएं और उनके कार्यों व दायित्वों की समीक्षा के साथ साथ बूथों की बैठक और तैयारी को लेकर व्यापक कार्ययोजना बना कर काम करना है।

# 716 पशुपालक गोधन न्याय योजना के अंतर्गत करा चुके हैं पंजीयन

पायनियर संवाददाता भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत गोधन न्याय योजना के तहत चार गोबर खरीदी केंद्र वर्तमान में संचालित है! गोबर खरीदी केंद्रों में अब तक 716 पशुपालक अपना पंजीयन गोबर बेचने के लिए करा चुके हैं! गोबर खरीदी केंद्रों का जायजा निगमायुक्त स्वयं ले रहे हैं और दिए गए निर्देशों का गोबर खरीदी केंद्रो में पहुंचकर फीडबैक भी जोन के अधिकारियों से प्राप्त कर रहे हैं! आयुक्त रघुवंशी ने आज जोन क्रमांक 1, जोन क्रमांक 2 एवं जोन क्रमांक 4 स्थित गोबर खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया, उन्होंने वर्मी कंपोस्ट के सभी टंकियों को पूर्ण रूप से भरने के निर्देश दिए और वर्मी कंपोस्ट बनने के बाद टंकियों में गोबर भरने की प्रक्रिया दोहराते हुए निरंतरता बनाए रखने के निर्देश दिए! केंचुआ पालन की स्थिति का जायजा लिया, निर्मित हो रहे वर्मी कंपोस्ट की क्वालिटी देखी, केंचुआ को अनुकूल माहौल देने के साथ ही इसके देखरेख के निर्देश दिए! गोबर खरीदी केंद्रों में प्रतिदिन की गोबर खरीदी की मात्रा और गोबर खरीदी के लिए लगाए गए वजन तोलने की मशीन की जानकारी ली! आयुक्त महोदय ने दीपावली त्यौहार को देखते हुए गोधन खरीदी केंद्रों में गोबर से दीया बनाने के निर्देश दिए हैं! दीया के साथ ही महिलाएं ग्वालिन माता एवं लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा बना रही है! जोन क्रमांक 1 अंतर्गत भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित गोबर खरीदी केंद्र में भी दीया बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, 35 की संख्या में स्व सहायता समूह की महिलाएं यह कार्य कर रही है! इसके साथ ही गोबर से मच्छर अगरबत्ती एवं धूपबत्ती भी तैयार कर रही है! खुर्सीपार स्थित गोबर खरीदी केंद्र में आयुक्त महोदय ने दीया की क्वालिटी एवं डेकोरेटिव कार्य को गुणवत्ता पूर्वक करने के निर्देश दिए हैं! इसके साथ ही कंपोस्ट पिट बढ़ाने, गोबर कंडा निर्माण कार्य में तेजी लाने, वर्मी कंपोस्ट हेतु ग्रीन बेड के लिए स्थल व्यवस्था, शेड निर्माण, गोबर खरीदी केंद्रों के स्थलों का समुचित उपयोग, स्लरी को एकत्रित कर उचित उपयोग, वर्मी कंपोस्ट बनने के बाद इसका गुणवत्ता परीक्षण कराने के निर्देश भी दिए हैं!

# होम आइसोलेशन में रह रहे पॉजिटिव मरीजों के घरों को चिन्हित कर, घरों में लगा रहे हैं स्टीकर

पायनियर संवाददाता भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमित व्यक्तियों के कांटेक्ट ट्रेसिंग एवं होम आइसोलेशन में रह रहे पॉजिटिव मरीजों के घर स्टीकर चस्पा करने कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे से प्राप्त निर्देश के तहत नगर पालिक निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने इसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए समस्त जोन आयुक्तों को निर्देश दिए हैं! निर्देशानुसार होम आइसोलेशन में रह रहे कोरोना पॉजिटिव वाले व्यक्तियों के मकानों को चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है। निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त कर्मचारी घरों के बाहर दीवारों पर लाल रंग के स्टीकर चस्पा कर होम आइसोलेशन में रह रहे कोविड-19 के पॉजिटिव मरीजों की संख्या सहित अन्य जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। जिससे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को मानिटरिंग करने में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो।





स्टीकर लगाने संबंधी कार्य के लिए स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक एवं निगम के राजस्व विभाग की टीम प्रशिक्षित हो चुके हैं।

लक्षण युक्त मरीज, गंभीर मरीज और बिना लक्षण वाले मरीजों को वर्ग वार अलग कर सूचीबद्ध करते हुए रिपोर्ट तैयार की जा रही है! मरीज के संपर्क में आए हुए हाई रिस्क कांटेक्ट एवं लो रिस्क प्राइमरी कांटेक्ट के बारे में भी जानकारी एकत्रित की जा रही है। 2016 घरों में लग चुके हैं स्टीकर होम आइसोलेशन में रह रहे पॉजिटिव मरीज के घरों में जोन क्रमांक 1 के 928 घर, जोन क्रमांक 2 के 177 घर, जोन क्रमांक 3 के 244 घर, जोन क्रमांक 4 के 135 घर एवं जोन क्रमांक 5 के 532 घरों में स्टीकर चस्पा किया जा चुका है! जिले में लागू गाइडलाइन के अनुसार कोविड-19 के मरीजों को होम आइसोलेशन में रहने की सुविधा दी गई है। इस व्यवस्था के अंतर्गत निगम क्षेत्र में कोविड-19 के पॉजिटिव कई मरीज अपने घरों में रह कर इलाज करा रहे हैं।

# जाति प्रमाण पत्र बनाने में हो रही परेशानी से पार्षद ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बेमेतरा।** जाति प्रमाण पत्र बनवाने में हो रहे



समस्याओं के बारे में बेरला नगर पंचायत पार्षद ने कलेक्टर को लिखित शिकायत किया है जिसमें में बताया गया है कि जाति प्रमाण पत्र बनाने में आए दिन आम जनमानस को परेशानी का समना करना पड़ रहे है और ज्ञात हो कि बेरला तहसील के अंतर गत 135 गांवों से लोग जाति निवासी प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आते है पहले मिशाल व स्थानांतरण प्रमाणपत्र ना होने के स्थिति में ग्रामसभा अनुमोदन द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनवाने में ज्यादा परेशानी नहीं होती थी वर्तमान में मिशाल नहीं होने के कारण ग्राम सभा अनुमोदन को स्वीकार नहीं किया जा रहा है जिसके कारण विद्यालय, महाविद्यालय, के छात्र, छात्राओं को मिशल व रिकार्ड ना होने के स्थिति में जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है जिसके कारण विद्यालय, महाविद्यालय में प्रवेश लेने व छात्रवृत्ति से हमारे क्षेत्र के सैकड़ों छात्र, छात्राये वंचित हो रहे हैं।

# महिलाओं ने एस.डी.एम. और तहसीलदार को मितानिन चयन प्रक्रिया की शिकायत की

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगर बेरला वार्ड नंबर 12 और 13 के लिए मितानिन के चयन प्रक्रिया में हुई अरिपक्वता के खिलाफ वार्ड के महिलाओं ने अनुविभागीय अधिकारी और तहसीलदार बेरला को लिखित शिकायत की। नगर में अभी मितानिनों की चयन की प्रक्रिया चल रही है, जिसमे चयन समिति के सदस्यों के द्वारा नियमों को हेर फेर करने की शिकायत हुई है।

अनुभवी व्यक्ति को बिना पढ़ा लिखा बताकर, बिना अनुभव 12 वीं पास व्यक्ति की नियुक्ति की गई। जबकि वँहा उपस्थित स्नातक पास को फार्म भरने का भी मौका नही दिया जिसका वँहा उपस्थित



महिलाओं ने भरपूर विरोध किया व इस चयन को पक्षपाती बताया। नियम के हिसाब से भी मितानिन को अनुभव के आधार पर बिना पढ़े लिखी नियुक्ति की जा सकती है जिसकी मांग मौजूद महिलाएं कर रही थी। एस.डी.एम. और तहसीलदार से मिलकर महिलाओं ने तुरंत इस चयन को रद्द कर नियमानुसार व वार्ड के महिलाओं से चर्चा कराकर सर्वसम्मत्ति से चयन कराने की मांग की। इस दौरान वार्ड की 70 से अधिक महिलाओं ने हस्ताक्षर कर तहसील व अनुविभागीय कार्यालय पहुंचकर विरोध किया।

# छत्तीसगढ़ में 01 नवम्बर से हो धान खरीदी : माहेश्वरी

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 01 दिसंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी के निर्णय लिया गया है! जिस पर अनिल माहेश्वरी सांसद प्रतिनिधि, नगर पालिका बेमेतरा द्वारा इस तिथि में परिवर्तन कर पूरे प्रदेश में धान की खरीदी 01दिसम्बर की अपेक्षा 1 नवम्बर से जाने की मांग रखी गयी है। उल्लेखनीय है धान की फसल अब लगभग तैयार हो



चुकी है। साथ ही कोरोना के कारण आर्थिक गतिविधियां ठप्प रही है ऐसे में कृषक आर्थिक समस्याओ से जूझ रहे है। कृषकों के लिए धान का भंडारण भी एक चुनौती है क्योंकि अब भंडारण को लेकर कृषकों के समझ स्थानों सहित कई तरह की समस्याएं आन खड़ी हुई है । ऐसे में उन्हें आर्थिक क्षति भी उठानी पड़ सकती है। जो कृषकों के प्रत्यक्ष लाभ में बाधा है साथ ही ऐसी समस्याए कृषकों के हित में भी नही है। माहेश्वरी ने साथ ही बेमेतरा जिले के किसानों को फसल क्षति में दिए जाने वाले मुआवजा में हो रही देरी पर भी प्रश्न चिन्ह लगाया है। माहेश्वरी ने कहा है कि कोरोना महामारी के समय कृषकों के हितों को लेकर होने वाला विलंब सरकार के खोखले और झूठे किसान हितैषी दावे को उजागर करता है। जिससे किसान स्वयम को ठगा हुआ महसूस कर रहे है। उन्होंने जल्द से जल्द किसानों को मुआवजा देने की मांग की है और धान की खरीदी 1 नवम्बर से की जाने की मांग कि है ताकि अन्नदाता इन आर्थिक समस्याओं से बाहर आ सके और आने वाले त्योहारों को खुशियों के साथ मना सके।

# प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के निर्माण कार्यों के लिए राशि स्वीकृत

**बेमेतरा।** विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयासों से बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र को मिला प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के द्वितीय सोपान में लाखों के विकास कार्यो की



स्वीकृति बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा की सतत सक्रियता के चलते वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 के ग्राम विकास योजना अंतर्गत आयुक्त आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास रायपुर द्वारा पत्र जारी कर विकास कार्य की सूची जारी की गई जिसमें ग्राम पंचायत भुरकी- चंद्रिका के घर से पवन के घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण 3.70 लाख,धनसाय के घर से स्कूल तक सी.सी.रोड़ निर्माण 2.80लाख,सहदेव के मकान से मेन रोड़ तक सी.सी.रोड़ निर्माण 2.80 लाख,ग्राम पंचायत बोरिया-पँचायत से खेदू के घर तक नाली निर्माण कार्य 02 लाख,फिरता पाल के घर से गड़रिया पारा चौक तक नाली निर्माण कार्य 02 लाख,फिरता पाल के घर से गड़रिया पारा तक सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य 5.20 लाख,राधाकृष्ण मंदिर से प्रायमरी स्कूल तक सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य 6.80 लाख,ग्राम पंचायत भुरकी- चंद्रिका के घर से पवन के घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण 3.70 लाख, धनसाय के घर से स्कूल तक सी.सी.रोड़ निर्माण 2.80लाख,सहदेव के मकान से मेन रोड़ तक सी.सी.रोड़ निर्माण 2.80 लाख, ग्राम पंचायत बोरिया-पँचायत से खेदू के घर तक नाली निर्माण कार्य 02 लाख,फिरता पाल के घर से गड़रिया पारा चौक तक नाली निर्माण कार्य 02 लाख,फिरता पाल के घर से गड़रिया पारा तक सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य 5.20 लाख,राधाकृष्ण मंदिर से प्रायमरी स्कूल तक सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य 6.80 लाख की वीकृति की गयी है।

# शहर में रावण के साथ होगा कोरोना का पुतला दहन

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा शहर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 अक्टुबर 2020 दिन रविवार को शाम 06.00 बजे से 07.00 बजे तक कृषि उपज मण्डी प्रागंण बेमेतरा में दशहरा उत्सव मनाया जावेगा।



कोरोना (कोविड-19) के संक्रमण को देखते हुए कलेक्टर जिला-बेमेतरा के जारी 22 बिन्दु के आदेश का पालन करते हुए दशहरा मैदान में 10 फीट ऊंचा रावण का पुतला दहन किया जावेगा साथ ही कोरोना का पुतला भी दहन किया जावेगा। उक्त कार्यक्रम में मास्क लगाकर एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा।

कलेक्टर शिव अनंत तायल ने राम मंदिर समिति एवं अन्य 10 विभागों को अलग-अलग कार्य का दायित्व सौंपा गया है। जिसमें राम मंदिर समिति राम मंदिर समिति की तरफ से दशहरा पर्व के आयोजन हेतु रामदल के पात्र द्वारा रावण वध की व्यवस्था करेंगे नगर पालिका द्वारा आवश्यक साफ-सफाई एवं रावण का पुतला बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। उक्त आशय की जानकारी होरी सिंह ठाकुर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने दी कि कोई भी स्टॉल अथवा दुकान दशहरा स्थल पर नहीं लगाया जाएगा।

दशहरा मैदान का निरीक्षण दुर्गेश वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बेमेतरा, अजय चन्द्रवंशी तहसीलदार बेमेतरा एवं होरी सिंह ठाकुर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद बेमेतरा के द्वारा किया जाकर आवश्यक व्यवस्था की जा रही है, पुलिस विभाग को शहर में शांति व्यवस्था, ट्रेफिक व्यवस्था एवं पार्किंग व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी है।

शकुन्तला मंगत साहू अध्यक्ष, पंचू साहू, उपाध्यक्ष, एवं मनोज शर्मा, आशीष राम ठाकुर, नीतु कोठारी, घनश्याम ताम्रकार, रेहाना वाहिद रवानी, सजनी यादव, रानी डेनिम सेन, सोमनाथ ध्रुव, लछनी (लक्ष्मी) यशवंत लहरे, देवराम साहू, प्रवीण नीलू राजपूत, रानी बंटी चांवला, अखिलेश मिन्टा नामदेव पार्षदगण की अनौपचारिक बैठक दिनांक 23 अक्टुबर 2020 को कार्यालय नगर पालिका परिषद बेमेतरा आहुत की गयी तथा आम जनता से अपील किया है कि घर में रहकर असत्य पर सत्य की जीत, बुराई पर अच्छाई का प्रतीक पर्व दशहरा को घर में रहकर भगवान राम की अराधना करे तथा घर में बच्चों को मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की कथा बच्चो को सुनाएं।

## संयंत्र में आए आकस्मिक चुनौतियों पर पाई विजय

# सेल-बीएसपी के प्लांट गैरेज विभाग ने दिया उत्कृष्ट योगदान

पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com

इस्पात संयंत्र का प्लांट गैरेज विभाग एक प्रतिबद्ध विभाग है जो संयंत्र के विभिन्न विभागों के संचालन में 365 दिन और चौबीसों घंटे योगदान दे रहा है। प्लांट गैरेज संयंत्र के विभिन्न विभागों के परिचालन में जरूरी हैवी व लाइट वाहनों की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करता है। विशेष रूप से आकस्मिक परिस्थितियों व ब्रेकडाउन से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने में प्लांट गैरेज ने अपने निपुणता का परिचय दिया है। इसका ताजातरीन उदाहरण है कोक ओवन बैटरी-9 के गैलरी के ढहने से उत्पन्न संकट से निपटने में तथा एसपी-2 के गैलरी के कमजोर होने से उत्पन्न स्थिति में प्लांट गैरेज द्वारा दिए गए योगदान का।

कोक ओवन गैलरी के ढहने से उत्पन्न संकट के दौरान प्लांट गैरेज की पूरी टीम ने स्थिति पर विजय पाने हेतु कमर कस ली। महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष आर बी गहरवाल के नेतृत्व में महाप्रबंधक (ऑपरेशन) संतोष कुमार जॉर्ज तथा महाप्रबंधक (मेंटेनेंस) प्रदीप्त कुमार भौमिक के मार्गदर्शन में पाली प्रभारी (ऑपरेशन) ए डी आप्टे, सुदर्शन, भूपेन्द्र जोशी तथा पाली प्रभारी (मेंटेनेंस) के एच प्रसाद व आशीष गुप्ता की सम्पूर्ण टीम ने इसे सामान्य बनाने में जुटे रहे।

प्लांट गैरेज सभी बाधाओं के बीच किसी भी आपातकालीन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सुसज्जित है और संकट की स्थितियों में सामान्य स्थिति बहाल करने और उत्पादन को पुनः सामान्य करने में आवश्यक सहायता प्रदान करता है। हाल ही में कोक ओवन बैटरी-9 में गैलरी में हुए हादसे के मामले को लें। घटना के 2 घंटे के भीतर, सड़क द्वारा कोक को स्थानांतरित करने की व्यवस्था की गई थी, जिससे बैटरी-9 के संचालन की निरंतरता सुनिश्चित किया जा सका।

इसके अतिरिक्त, ब्लास्ट फर्नेस के पास स्टॉकयार्ड में प्लांट गैरेज की सहायता से लगभग 1500 टन कोक को मॉडिफाइड कन्वेयर प्रणाली से आपूर्ति करने का कार्य किया गया।

एक और उदाहरण एसपी-2 का है, जो एक महत्वपूर्ण उत्पादन क्षेत्र है जहाँ हाल ही में गैलरी में मरम्मत के कार्य हेतु युद्धस्तर पर कार्य प्रारंभ किया गया। इस दौरान प्लांट गैरेज ने गैलरी के निर्माण हेतु आवश्यक सेवाएँ प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान प्लांट गैरेज ने इस कार्य के इरेक्शन हेतु हैवी क्रेन की तत्काल व्यवस्था की। विदित हो कि सिंटर की प्राथमिक स्क्रीनिंग एसपी-2 में की जाती है जबकि सिंटर की सेकेंडरी स्क्रीनिंग ब्लास्ट फर्नेस में की जाती है। वर्तमान स्थिति के कारण, ब्लास्ट फर्नेस से प्रतिदिन लगभग 4000 टन सिंटर की वापसी होती है जिसे प्लांट गैरेज ने भारी वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित कर सड़क मार्ग से एसपी-2 पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सामग्री का मूवमेंट डंपर्स, भारी ट्रकों और टिपरों जैसे हाइड्रोलिक उपकरणों का उपयोग करके संबद्ध क्षेत्रों में परिचालन फिर से शुरू करने के लिए किया गया। इन उपकरणों की उपलब्धता, उचित रखरखाव और भारी वाहनों की सुरक्षित सड़क आवाजाही सुनिश्चित कर इसे संभव बनाया। कोक ओवन और एसपी-2 के वर्तमान मामलों में, प्लांट गैरेज ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी और कुछ ही घंटों में काम प्रारंभ कर दिया गया। प्लांट गैरेज, भिलाई इस्पात संयंत्र में स्थापित होने वाले शुरू के विभागों में से एक है। प्लांट गैरेज के टीम में 16 कार्यपालक तथा 200 कार्मिक शामिल हैं, जो भिलाई इस्पात संयंत्र में डम्पर, एक्सकेवेटर्स, डोजर, लोडर्स, क्रेन्स तथा जीप से लेकर बैटरी ऑपरेटेड कार जैसे 400 से अधिक वाहनों के नियमित संचालन और रखरखाव के कार्यों को बखूबी अंजाम दे रहे हैं। प्लांट गैरेज सड़क दुर्घटना समिति का हिस्सा होने के साथ पूरे संयंत्र के लिए ऑटोमोबाइल से लेकर न्यूमेटिक टायरों की खरीद तक समस्त कार्यों को संपादित कर रहा है।

इसके अलावा पूर्व में भी प्लांट गैरेज ने मॉडेक्स यूनिट के तहत कोक ओवन बैटरी-11, ब्लास्ट फर्नेस-8, एसएमएस-3 और यूआरएम जैसी अनेक मॉडेक्स इकाइयों की स्थापना के दौरान सड़क माध्यम से सामग्री के स्थानांतरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# आशीष छाबड़ा की सतत सक्रियता के चलते लाखों के विकास कार्यो की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयासों से बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र को मिला प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के द्वितीय सोपान में लाखों के विकास कार्यो की स्वीकृति बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा की सतत स यता के चलते वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 के ग्राम विकास योजना अंतर्गत आयुक्त आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास रायपुर द्वारा पत्र जारी कर विकास कार्य की सूची जारी की गई जिसमें ग्राम पंचायत भुरकी-चंद्रिका के घर से पवन के घर तक सी.सी. रोड निर्माण 3.70 लाख,धनसाय के घर से स्कूल तक सी.सी.रोड निर्माण 2.80लाख,सहदेव के मकान से मेन रोड तक सी.सी.रोड निर्माण 2.80 लाख,ग्राम पंचायत बोरिया-पँचायत से खेदू के घर तक नाली निर्माण कार्य 02 लाख,फिरता पाल के घर से गड़रिया पारा चौक तक नाली निर्माण कार्य 02 लाख,फिरता पाल के घर से गड़रिया पारा तक सी.सी.रोड निर्माण कार्य 5.20 लाख,राधाकृष्ण मंदिर से प्रायमरी स्कूल तक सी.सी.रोड निर्माण कार्य 6.80 लाख,ग्राम पंचायत भुरकी- चंद्रिका के घर से पवन के घर तक सी.सी. रोड निर्माण 3.70 लाख, धनसाय के घर से स्कूल तक सी.सी.रोड निर्माण 2.80लाख, सहदेव के मकान से मेन रोड तक सी.सी.रोड निर्माण 2.80 लाख, ग्राम पंचायत बोरिया-पँचायत से खेदू के घर तक नाली निर्माण कार्य 02 लाख,फिरता पाल के घर से गड़रिया पारा चौक तक नाली निर्माण कार्य 02 लाख,फिरता पाल के घर से गड़रिया पारा तक सी.सी.रोड निर्माण कार्य 5.20 लाख,राधाकृष्ण मंदिर से प्रायमरी स्कूल तक सी.सी.रोड निर्माण कार्य 6.80 लाख की वीकृति की गयी है।

## क्विक न्यूज

### आर.ओ.बी. अकलतरा के निर्माण अनुबंधक को कारण बताओ नोटिस

**जांजगीर चांपा।** फंड मिलने के बाद ही मरम्मत कार्य नहीं होने पर जिले के अकलतरा में निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज के अनुबंधक को लोक निर्माण के संभागीय कार्यालय से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उप संभाग जांजगीर ने ''फंड मिलने के बाद ही मरम्मत कार्य नहीं'' शीर्षक से प्रकाशित समाचार के संबंध में वस्तु स्थिति की जानकारी पत्र के माध्यम से दी गई है। पत्र में लिखा गया है कि उक्त आर.ओ.बी ब्रिज पर बरसाती पानी की निकासी हेतु ड्रेनेज स्पाउट का कार्य किया जा रहा है । इसके बाद कांक्रीट वेयरींग को उखाड़ कर डामरीकृत वेयरींग कोट का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्य की धीमी गति के लिए अनुबंधक को कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग बिलासपुर द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### कॉलेजों में प्रवेश अब 29 तक राज्य शासन ने जारी किया आदेश

**जांजगीर-चांपा।** राज्य शासन द्वारा कॉलेजों में प्रवेश की तिथि को 22 अक्टूबर से बढ़ा कर 29 अक्टूबर कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति की अनुमति से महाविद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। राज्य शासन द्वारा कोविड-19 महामारी से उत्पन्न स्थिति के कारण छात्र हित में यह निर्णय लिया गया है। कॉलेजों में प्रवेश की तिथि 29 अक्टूबर तक बढ़ाने के संबंध में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मंत्रालय महानदी भवन से आदेश जारी किया गया है। गौरतलब है कि उच्च शिक्षा विभाग के सचिव धनंजय देवांगन ने 9 अक्टूबर को मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और विद्यालयों के प्राचार्यों से कॉलेजों में प्रवेश, ऑनलाइन क्लास, परीक्षा परिणाम और पाठ्यक्रमों के संबंध में चर्चा के दौरान विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने कॉलेजों में शत प्रतिशत सीटों में प्रवेश हो सके।

# रायगढ़ से धरमजयगढ़ तक सड़क के कायाकल्प की हो चुकी है पूरी तैयारी

- रायगढ़ से घरघोड़ा तक सड़क सुधार के लिए उद्योगों को दी गई अलग-अलग हिस्सों की जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर भीम सिंह ने आज उद्योगों की महत्वपूर्ण बैठक ले कर रायगढ़ से घरघोड़ा के बीच होने वाले सड़क सुधार कार्य के लिए उनके द्वारा किये मरम्मत कार्य के लिए उद्योगों की सहमति से रोड के पैच (हिस्से) बांटें गए। कलेक्टर भीम सिंह ने बैठक में बताया कि घरघोड़ा से जामपाली तक सड़क निर्माण के लिए एसईसीएल प्रबंधन की ओर से मिलने वाली 42 करोड़ की राशि के लिए बोर्ड की स्वीकृति मिल चुकी है। कलेक्टर ने ईई पीडब्ल्यूडी से कहा कि रायगढ़ से धरमजयगढ़ के बीच सड़क सुधार की कार्ययोजना पर अमल करते हुये अब शीघ्र सड़क सुधार का कार्य प्रारंभ किया जाए।

रायगढ़ से घरघोड़ा तक के लिए पीडब्लूडी ने सर्वे कर विस्तृत एस्टीमेट तैयार किया है। जिसमें पूरी सड़क के खराब पैच की लंबाई तथा उसका अनुमानित खर्च का आंकलन किया गया है। बैठक में उक्त मार्ग में संचालित उद्योगों के मध्य इसके सुधार की जिम्मेदारी आबंटित की गयी है। सड़क निर्माण को दो हिस्सों में बांटा गया है जिसमें पहला पूंजीपथरा से रायगढ़ जिसकी लागत 12 करोड़ 76 लाख रुपये है तथा दूसरा घरघोड़ा से पूंजीपथरा जिसकी लागत 3 करोड़ 72 लाख रुपये है। इस प्रकार लगभग 58 करोड़ 48 लाख रुपये में रायगढ़ से घरघोड़ा तक की सड़क को सुधारा जायेगा। निर्माण कार्य पीडब्लूडी के द्वारा किया जायेगा उद्योग अपने हिस्से आये सुधार की राशि पीडब्लूडी को उपलब्ध करायेंगे। कलेक्टर ने इसके लिये विशेष रूप से प्रयास करते हुये स्थानीय उद्योगों के साथ एसईसीएल के प्रतिनिधियों से नियमित संवाद करते हुये व समय-समय पर बैठक लेकर इस कार्ययोजना को जल्द साकार करने की दिशा में तेजी से कार्य किया है।



उन्होंने जिसका परिणाम यह हुआ कि सड़क सुधार का यह कार्य अब निर्माण के चरण की ओर बढ़ रहा है।

**उद्योगों में जरूरी स्किल के अनुसार करवायी जाएंगी आईटीआई में कोर्सेज-** कलेक्टर भीम सिंह ने बैठक में सम्मिलित सभी उद्योगों को एप्रेंटिस एक्ट के तहत पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में संचालित आईटीआई के इंडस्ट्री पार्टनर बनाने के लिए उद्योगों में से चयन कर छात्रों को एप्रेंटिस के रूप में ट्रेनिंग देने के लिए कहा। आईटीआई प्रिंसिपल्स को इंडस्ट्रीज का भ्रमण कर वहां स्थानीय इंडस्ट्रीज के लिये जरूरी स्किल्स के अनुसार अपने कोर्स डिजाइन करें जिससे छात्रों को पासआउट होने के बाद तुरंत काम मिल सके। उद्योगों से भी कहा कि एप्रेंटिस के रूप में इन छात्रों को ट्रेनिंग देकर वे उन्हें अपने यहां नौकरी के लिए तैयार कर सकते हैं। इससे जिले के उद्योगों में स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने पूर्व में हुई चर्चा अनुसार इंडस्ट्रीज से यूनिफार्म सिलाई की डिमांड भी भेजने के लिए कहा, जिसे स्व-सहायता समूह के माध्यम से सिलाई करवाकर उन्हें उपलब्ध करवाया जायेगा। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के और मौके तैयार होंगे। उन्होंने उद्योगों को जल्द सीएसआर राशि भी उपलब्ध करवाने के लिये निर्देशित किया जिससे उस मद से होने वाले कार्यों को तेजी से पूरा किया जा सके।

**कोविड अवेयर्नेस के लिये करें काम**

कलेक्टर भीम सिंह ने इंडस्ट्रीज संचालकों से अपने उद्योगों के बाहर तथा मुख्य मार्ग में होर्डिंग्स लगवाकर कोरोना के प्रति जागरूकता के लिये कार्य करें। उन्होंने अपने कर्मचारियों को भी कोविड प्रोटोकाल का अनिवार्य पालन करवाने का निर्देश दिया। साथ ही सीएसआर के अंतर्गत कोविड उपचार के लिये भी प्रशासन को राशि उपलब्ध करवाने के लिये कहा। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत ऋचा प्रकाश चौधरी, ईई पीडब्लूडी खांबरा सहित उद्योग, खनिज व लोक निर्माण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित उद्योगों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## प्लांट के दो हाईवा ड्रायवर वाहनों से करते थे डीजल की चोरी

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

पूंजीपथरा पुलिस ने प्लांट तराईमाल के ऐसे दो हाईवा ड्रायवरों को गिरफ्तार किया गया है, जो प्लांट के साथ दगेबाजी कर इन वाहनों के डीजल को चोरी कर बेचा करते थें। जिन्हें वे खुद चलाया करते थे। प्लांट तराईमाल के मैनेजर पवन कुमार अग्रवाल ने बताया कि फैक्ट्री में वाहन चालक गोपाल प्रसाद भट्ठ एवं पंकज पासवान कार्यरत हैं। 21.अक्टू को चालक गोपाल प्रसाद भट्ठ हाईवा एवं पंकज पासवान चालक हाईवा में स्पंज आयरन लोड कर ह्क्रइस्पात देलारी जाने के लिये निकले थे जो 22अक्टू के 10.00 बजे तक वापस फैक्ट्री तराईमाल नहीं आये । तब मैनेजर दो गार्ड को इस्पात देलारी पता करने भेजे तो दोनों गार्डों ने बताया कि दोनों हाईवा वाहन पाली रोड जंगल किनारे खडा है । तब मैनेजर आकर देखा तो वाहन चालक नहीं थे। गाड़ी का डीजल टैंक खुला था जिसका डीजल चोरी कर दोनों ड्रायवर भाग गये थे। डीजल चोरी की रिपोर्ट पर थाना पूंजीपथरा में पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों की पतासाजी दरम्यान थाना पूंजीपथरा के सउनि चंदन नेताम एवं हमराह स्टाफ द्वारा ड्रायवर पंकज



पासवान और गोपाल प्रसाद भट्ठ को पाली जंगल में सराईपाली के भरत किसान के साथ देखे। तीनों भरत किसान के बोलेरो में डीजल लो?कर उसे बेचने ले जाने की फिराक में थे। आरोपियों के पास से 120 लीटर डीजल एवं बोलेरो वाहन सीजी 13 सी- 6420 को जब्त किया गया है। प्रकरण में जोड़ी जाकर तीनों आरोपी पंकज पासवान पिता लखन पासवान उम्र 27 साल ग्राम खेडिया थाना व जिला औरंगाबाद, बिहार हाल मुकाम इंदिराविहार किराये का मकान गेरवानी, गोपाल प्रसाद भट्ठ पिता स्व. गौतम दास भट्ठ उम्र 29 साल इंदिराविहार किराये का मकान गेरवानी, भरत किसान पिता तेजराम किसान उम्र 34 साल निवासी सराईपाली थाना पूंजीपथरा को आज ही गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## कोविड अस्पतालों में एक डॉक्टर को अधीक्षक पद पर नियुक्त करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर यशवंत कुमार ने जिले के डेडिकेट कोविड केयर हास्पीटल सहित सभी कोविड अस्पतालों में डॉक्टर चिकित्सा स्टाफ की नियमित उपस्थिति, जरूरी सामग्रियों की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने आदि प्रशासनिक कामकाज के सुचारू संपादन के लिए एक डॉक्टर की अधीक्षक पद पर नियुक्ति के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए हैं। कलेक्टर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय कोविड-19 कोर कमेटी की बैठक आहूत की गई। कलेक्टर ने जिले में फ्रंटलाइन कोरोना वारियर्स के रूप में काम कर रहे मेडिकल स्टाफ को यथाशीघ्र च्यवनप्राश ,इंम्यून बूस्टर और सेनेटाइजर का वितरण कर प्रतिवेदन



देने के निर्देश दिए। उन्होंने बिलासपुर के निजी अस्पतालों में जिले के कोविड-19 संक्रमित एक शिक्षक के इलाज के लिए निजी अस्पताल द्वारा 2 लाख का शुल्क लेने तथा एक पेशेंट का इलाज नहीं करने और परिजनों को बुलाकर उन्हें वापस भेजने तथा उनकी मृत्यु हो जाने के प्रकरण की जांच के लिए कलेक्टर बिलासपुर को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डी.पीएम को निर्देशित कर कहा कि वे जिले के ऐसे कोविड-19 के मरीज जो अन्य जिले में इलाज करा रहे उनसे संपर्क करें।

## योजना समिति के चुनाव के लिए पुनरीक्षित कार्यक्रम जारी

- नाम निर्देशन पत्र 6 जनवरी को जमा किए जाएंगे
- मतदान एवं परिणाम की घोषणा 7 जनवरी को

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

जिला योजना समिति के चुनाव के लिए ग्रामीण एवं शहरी सदस्यों के चुनाव हेतु कलेक्टर द्वारा नियुक्ति पीठासीन अधिकारियों द्वारा जिले की समस्त नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायत समूहों से उनकी जनसंख्या के योग का जिले की जनसंख्या के अनुपात में कुल 14 ग्रामीण सदस्यों नगरीय निकायों के दोनों समूह अर्थात नगर पालिका परिषदों (जांजगीर-नैला, चांपा, अकलतरा एवं सक्ती) एवं नगर पंचायतों के समूह (नवागढ, बलौदा, खरौद, राहौद, शिवरीनारायण, नया बाराद्वार, अड़भार, डभरा, चंद्रपुर, जैजैपुर व सारागांव) से एक-एक नगरीय सदस्य के निर्वाचन की विधिवत घोषणा कर दी गई है। निर्वाचन का पुनरीक्षित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। विदित हो कि समिति में कुल 20 सदस्य हैं । इनमें से 16 सदस्यों का निर्वाचन किया जाता है। शेष दो सदस्यों का मनोनयन निर्वाचन पश्चात राज्य शासन द्वारा किया जावेगा। शेष 2 सदस्यों में 1 जिले के प्रभारी मंत्री समिति के पदेन अध्यक्ष होते हैं तथा कलेक्टर जिला योजना समिति के पदेन सदस्य सचिव होते हैं। ग्रामीण एवं नगरीय दोनों ही तरह के सदस्यों का निर्वाचन के लिए 6 नवंबर 2020 को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक संबंधित पीठासीन अधिकारी के समक्ष नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे। ग्रामीण सदस्यों के लिए नाम निर्देशन पत्र जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल के समक्ष जिला पंचायत मे एवं नगरीय सदस्यों के लिए अपर कलेक्टर सुश्री लीना कोसम के समक्ष कलेक्टोरेट जांजगीर स्थित सभाकक्ष में प्रस्तुत किए जा सकते हैं। नाम निर्देशन पत्र संबंधित पीठासीन अधिकारी के कार्यालय से 6 नवंबर 2020 को उपलब्ध कराए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्र के सदस्यों के लिए नाम निर्देशन पत्र में अभ्यर्थी के साथ एक वर्तमान ग्रामीण सदस्य प्रस्तावक के रूप में एवं एक ग्रामीण सदस्य समर्थक के रूप में हस्ताक्षर करेंगे।

## धर्म नगरी के देवी मंदिरों में जगमगा रहे हैं आस्था के दीप

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

श्रद्धा व धर्म नगरी के देवी मंदिरों में जगमगा रहे हैं आस्था के दीप । टेम्पल सिटी शिवरीनाराण मे शारदीय नवरात्रि बडी श्रध्दा भक्ति के साथ मनाया जा रहा है ,नगर के सभी देवी मंदिरों साव घाट स्थित देवी दाई मंदिर, न्यु मार्केट स्थित दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, शीतला मंदिर,माता अन्नपूर्णा , गायत्री मंदिर एवं ग्राम देवता ठाकुरदेव में आस्था के दीप जगमगा रहे हैं । श्रध्दालुओं ने माता अन्नपूर्णा , कलचुरी घाटी स्थित प्राचीन देवी दाई (शीतला माता ) मंदिर ,गायत्री मंदिर एवं दुर्गा मंदिर में मनोकामनाएं दीप प्रज्जवलित किये हैं । इस वर्ष कोरोना संक्रमण के खतरा और नवरात्रि पर्व के लिए शासन व्दारा जारी गाइडलाइन के मद्देनजर मंदिर प्रशासन व्दारा



श्रध्दालुओं को बिना मास्क मंदिरों में प्रवेश पर प्रतिबंद लगाया है तथा श्रध्दालुओं के सुरक्षा की दृषटीकोण से मंदिरों में सेनेटाइजर एवं हैण्ड वास की व्यवस्था की गई है और श्रध्दालुओं को सोशल डिस्टेंस के साथ माता का दर्शन कराया जा रहा है । कोविड 19 के कारण मंदिरों में श्रध्दालुओं की भीड व चहल पहल अन्य वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष कम है।

## मठ मंदिर में विजयादशमी पर आयोजित होगा गद्दी महोत्सव 25 को

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

मठ में 25 अक्टूबर को होगा गद्दी महोत्सव । शिवरीनारायण मठ मंदिर में प्रतिवर्ष विजयादशमी के अवसर पर आयोजित होने वाला गद्दी महोत्सव 25 अक्टूबर दिन रविवार को सांध्य कालीन बेला में संपन्न होगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गद्दी महोत्सव प्रारंभ होने के पूर्व शिवरीनारायण मठ से शाम 5.30 बजे भव्य शोभायात्रा मेला ग्राउंड स्थित जोगीडीपा (जनकपुरी) के लिए निकाली जावेगी, जहां पर पहुंचकर महंत रामसुन्दर दास जी व्दारा अध्यात्मिक कार्यक्रम संपन्न होगा उसके पश्चात यह शोभायात्रा पुनः शिवरीनारायण मठ वापस होगा और मठ परिसर में विधि पूर्वक गद्दी महोत्सव का कार्यक्रम संपन्न होगा। उल्लेखनीय है कि शिवरीनारायण मठ मंदिर में वर्ष में दो बार गद्दी



महोत्सव का आयोजन परंपरागत रूप से होता है। एक माघ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को तथा दूसरा दशहरा के उपलक्ष में विजयादशमी को। गद्दी महोत्सव को सफल बनाने की तैयारी में शिवरीनारायण मठ मंदिर के मुख्तियार सुखराम दास, जगदीश मंदिर के पुजारी त्यागी महाराज जी सहित मठ मंदिर के सभी ट्रस्टी एवं अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी गण लगे हुए हैं।

## कोविड संक्रमण को ध्यान में रखते हुए त्यौहार में आईईसी प्लान जारी

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर यशवंत कुमार ने कोरोना संक्रमण की रोकथाम एवं सुरक्षा के मद्देनजर त्योहारों के दौरान विशेष सुरक्षा संबंधी आईईसी प्लान जारी किया है। प्लान के अनुसार विभागवार जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी आदेश के अनुसार शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से बच्चों एवं अभिभावकों को जागरूक करेंगे। कोरोना जागरूकता रथ के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले ग्रामों पर विजिट करने की जिम्मेदारी नगर पालिका को दी गई है। इसी प्रकार रिक्शा में साउंड सिस्टम एवं फ्लेक्सी लगाकर प्रचार प्रसार करने कहा गया है। नगरीय क्षेत्रों में फलैक्सी चैक चैराहों में लगाने के निर्देश दिए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण किवास विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कोविड-19 पर चर्चा एवं दृश्य दिखाकर लोगों को जागरूक करने के कहा गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा समाचार पत्र, आकाशवाणी के माध्यम से रोकथाम के प्रचार प्रसार करने, पंडालों एवं रावण दहन स्थानों पर हाथ धोने एवं मास्क के उपयोग के बारे में लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। मितानिनों के माध्यम से नारा लेखन, वीडियो एवं ऑडियो के माध्यम से जनजागरूकता के संदेश देने, स्वयं व परिवार को सुरक्षित रखनें, लोकल न्यूज चैनल के माध्यम से जिला प्रशासन की ओर से सावधानी बरतने के निर्देश देने कहा गया है। वीडियो क्लिप से लोकल न्यूज चैनल, समाचार पत्रों में स्टोरी के लेखन द्वारा त्योहारों में सावधानी और सुरक्षित रहने हेतु जिला प्रशासन की ओर से अपील करवाने कहा गया है। नगर पालिका, वार्ड पार्षद, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत द्वारा कोविड के संक्रमण की रोकथाम विषय पर रंगोली, वाद विवाद प्रतियोगिता, का आयोजन करने एवं इनाम प्रदान कर प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग द्वारा दुर्गा पंडाल एवं रावण दहन में हैंड सैनिटाइजर का प्रयोग के लिए स्वयंसेवकों की सहायता से अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। समस्त स्व सहायता समूह, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामसभा, आंगनबा?ी में रोकथाम हेतु त्यौहार विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। खाद विभाग द्वारा होटलों एवं दुकानों में कोविड से सुरक्षा एवं बचाव के सबंध में स्टीकर व फलैक्स लगावाने के निर्देश दिए गए हैं।

## चंद्रपुर पद यात्रा सेवा समिति ने महामाई दाई, अष्टभुजी देवी एवं चंद्रहासिनी देवी में चढ़ाई चुनरी

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

शक्ति शहर में विगत करीब दो दशकों से निरंतर चैत्र एवं क्वार नवरात्रि पर्व पर चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति द्वारा निकाली जाने वाली मां अष्टभुजी देवी अड़भार एवं मां चंद्रहासिनी देवी चंद्रपुर की पदयात्रा का इस वर्ष कोरोना के चलते सार्वजनिक आयोजन ना होने से सेवा समिति के सदस्यों ने शक्ति शहर के मां महामाई दाई मंदिर,अ?भार स्थित मां अष्टभुजी देवी मंदिर एवं चंद्रपुर स्थित मां चंद्रहासिनी देवी मंदिर परिसर पहुंचकर मंदिर के बाहर से ही सेवा समिति की ओर से देवी मां को चुनरी सौंपी तथा इस अवसर पर सेवा समिति के सदस्यों ने माता रानी से प्रार्थना करते हुए कोरोना के संकट से सभी को निजात दिलाने एवं पूरे क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि की कामना की, तथा इस अवसर पर चंद्रपुर पदयात्रा



सेवा समिति के उत्साही, ऊर्जावान, सक्रिय सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष कोरोना के चलते एवं जिला प्रशासन के दिशा निर्देशों के परिपालन में पदयात्रा का आयोजन नहीं किया गया तथा विगत वर्षों यह पदयात्रा काफी धूमधाम के साथ दो माह पूर्व की तैयारियों में ही प्रारंभ होती थी, तथा हजारों की संख्या में देवी भक्त शक्ति शहर के महामाया देवी मंदिर से पैदल यात्रा प्रारंभ करते हुए और अड़भार, भदरी चौक,धुरकोट, अमलडीहा होते हुए मां चंद्रहासिनी देवी के दरबार चंद्रपुर पहुंचते थे, जहां पूरे यात्रा मार्ग में जगह-जगह सेवाभावी लोगों द्वारा इन पैदल यात्रियों का आत्मीयता के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया जाता था, एवं चंद्रपुर पहुंचने पर श्री चंद्रहासिनी सार्वजनिक न्यास एवं गोपाल जी महाप्रभु ट्रस्ट चंद्रपुर सहित चंद्रपुर शहर की सेवाभावी संस्थाओं एवं नागरिकों द्वारा द्वारा इन सभी पद यात्रियों के अग्रसेन भवन चंद्रपुर में रूकने एवं स्वल्पाहार तथा भोजन की निशुल्क बेहतर व्यवस्था की जाती थी, किंतु इस वर्ष यह सभी नहीं हो पाया, चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति के सदस्यों ने समस्त देवी भक्तों को प्रति वर्ष उनके द्वारा दिए जा रहे प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए इस वर्ष भी आभार व्यक्त करते हुए उनकी मंगल कामना की प्रार्थना की है।

## पेज 1 के शेष...

### विश्व में कोरोना से 4.17 करोड़ लोग ...

6,95,509 हो गये हैं। इस दौरान 690 कोरोना संक्रमितों की मौत हुई और इस संख्या को मिलाकर इस महामारी से अब तक 1,17,306 लोगों की जान जा चुकी है। ब्राजील में कोरोना वायरस की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या 53.23 लाख से अधिक हो गयी है जबकि करीब 1.55 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। रूस में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 14.53 लाख से अधिक हो गई है और 25,072 लोगों ने जान गंवाई है।अर्जेंटीना में कोविड-19 से अब तक 10.53 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 27,519 लोगों की मौत हो चुकी है। स्पेन में इस प्राण घातक वायरस की चपेट में अब तक 10.26 लाख से ज्यादा लोग आए हैं तथा 34,521 लोगों की मौत हुई है। फ्रांस में इसकी चपेट में अब तक 10.41 लाख लोग आए हैं तथा 34,075 लोगों की मृत्यु हुई है। कोलंबिया में इस जानलेवा वायरस से अब तक 9.81 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 29,464 लोगों ने जान गंवाई है। पेरू में कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है और यहां इस वायरस से अब तक 8.74 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं और 33,875 लोगों की मौत हो चुकी है। मेक्सिको में कोरोना से अब तक 8.67 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हुए हैं और 87,415 लोगों की मौत हो चुकी है। ब्रिटेन में कोरोना से अब तक 7.92 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 44,248 लोगों की मौत हुई है। दक्षिण अफ्रीका में 7.08 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 18,741 लोगों की मृत्यु हुई है। ईरान में इस महामारी से 5.45 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुये हैं और 31,346 लोगों की मौत हो चुकी है।

### छत्तीसगढ़ में पिछले एक हफ्ते में...

प्रदेश में कोरोना पर विजय प्राप्त करने वाले कुल एक लाख 43 हजार 212 मरीजों में से 71 हजार 021 विभिन्न कोविड अस्पतालों व कोविड केयर सेंटरों से तथा 72 हजार 191 मरीज होम आइसोलेशन से डिस्चार्ज हुए हैं। बीते एक हफ्ते में स्वस्थ हुए 16 हजार 649 में से 2928 ने कोविड अस्पतालों व आइसोलेशन सेंटरों में एवं 13 हजार 721 मरीजों ने होम आइसोलेशन में अपना इलाज कराया है। तेजी से स्वस्थ हो रहे मरीजों के कारण प्रदेश की रिकवरी दर भी लगातार बढ़ रही है। वर्तमान में यहां रिकवरी दर 84.18 प्रतिशत हो गई है, जबकि मृत्यु दर 0.99 प्रतिशत है। रिकवरी एवं मृत्यु दर का राष्ट्रीय औसत क्रमशः 89.53 प्रतिशत और 1.51 प्रतिशत है। प्रदेश में पिछले एक सप्ताह के दौरान 16 अक्टूबर को 2539, 17 अक्टूबर को 2732, 18 अक्टूबर को 2077, 19 अक्टूबर को 2439, 20 अक्टूबर को 2288, 21 अक्टूबर को 1852 और 22 अक्टूबर को 2722 मरीज कोरोना से ठीक हुए हैं।

## एनटीपीसी भू-विस्थापितों में आक्रोश

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

एनटीपीसी लारा परिक्षेत्र पूरे रायगढ़ में चर्चा का विषय बना हुआ है। कारण है एनटीपीसी भू-विस्तापितों का आंदोलन का लगातार जारी होना और अधिकार नहीं मिलने पर में आक्रोश उत्पन्न होना। 8 साल से संघर्ष करते हुए 210 दिन का सबसे लंबा आंदोलन करने वाले भू-विस्थापितों को एनटीपीसी की मनमानी की वजह से न्याय नहीं मिला। आंदोलनकारियों के मांग को ध्यान में रख कर जहाँ वर्तमान सरकार ने पुनर्वास एवं नौकरी प्रदान करने के स्पष्ट निर्देश दे दिए है। वही प्रशासन का भी सख्त निर्देश है कि जिनकी जमीन अधिग्रहित हो गयी है, उनको नौकरी देनी होगी। इसी कड़ी में गत दिनों रायगढ़ क्लेक्टर ने जम कर एनटीपीसी अधिकारियो की क्लास ली। कलेक्टर ने सीधे-सीधे एवं साफ लहजे में कहा कि जिनकी जमीन गयी है, उनको एनटीपीसी नौकरी शैक्षणिक



योग्यता के अनुसार तुरंत नौकरी देनी होगी। कड़े तेवर में कहा कि जमीन, कोयला और पानी छत्तीसगढ़ की है, तो नौकरी भी भू-विस्थापितों को ही मिलनी चाहिए। बैठक में एनटीपीसी अधिकारियो ने कार्पोरेट का हवाला दे कर नौकरी देने में असमर्थता जताई और कुछ ही पदों पर नियुक्ति देने की बात कही। विदित हो कि प्रथम चरण मे चिन्हाकित 121 भू-विस्थापितों को नौकरी प्रदान किया जाना है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर संभाग क्र.-1, रायपुर**

**मैनुअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

विज्ञप्ति क्रमांक 6270/एन.आई.टी.-30/टी.सी./20-21/ रायपुर, दिनांक 21.10.2020

| कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (लाखों में) |
|---|---|
| Construction of 3 No. Additional Class Room is Second Floor of Govt. Higher Secondary School Raipura, Raipur | 18.35 |

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 12.11.2020

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अन्तर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग क्रं.-1
रायपुर

जी-84501/3

# नपा अध्यक्ष ने किया महिला स्व सहायता समूह के हाट बाजार का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने दीनदयाल अन्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिषन अंतर्गत सिटी मिशन प्रबंधन ईकाई नगर पालिका परिषद गरियाबंद अंतर्गत गठित महिला स्व सहायता संचालित हाट बाजार का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान नगर पालिका की सीएमओ संध्या वर्मा, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके भी मौजुद थे।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फु मेमन ने कहा कि हाट बाजार खुलने से स्व सहायता समुह की महिलाओ को अपने सामाग्री बेचने के लिए बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध होगा। निश्चित स्थान के अभाव में लोगो को समुह द्वारा निर्मित वस्तुओ की जानकारी नही मिल पाती थी, वही समुह को भी स्वंय द्वारा निर्मित सामग्री के विक्रय के हेतु प्रचार प्रसार के लिए काफी मेहतन करनी पड़ती थी। अब हाट बाजार खुलने से समुह की महिलाओ को राहत भी मिलेगी और अपनी सामाग्री भी आसानी से बाजार में बेच सकेंगी। इससे आम नागरिको भी अपने पंसद की जरूरी सामाग्री उचित कीमत पर खरीद सकेंगे।

इस अवसर पर नपा अध्यक्ष मेमन ने स्व सहायता समुह द्वारा बनाए गए वस्तुओ एवं खाद्य सामाग्री का निरीक्षण कर खरीदी भी की। नगर पालिका अध्यक्ष ने नगरवासियो से भी हाट बाजार से खरीदी करने की अपील की। इस अवसर पर सभापति आसिफ मेमन, वंशगोपाल सिन्हा, गुलेश्वरी ठाकुर, पार्षद संदीप सरकार, प्रतिभा पटेल, ज्योति साहनी, इंजी अश्वनी वर्मा, हरीश मांझी, लेखापाल पुर्षोत्तम चंद्राकर, मंजुला मिश्रा, मिशन प्रबंधक राजेश्वर रहंगडले सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

मिशन प्रबंधक राजेश्वर रहंडले ने बताया कि दीनदयाल अन्योदय योजना राष्टीय शहरी आजीविका मिषन अंतर्गत गठित महिला स्व सहायता समूहों द्वारा लघु उद्योग जैसे घरेलु स्तर पर ग्रह सजावटी आईटम, डोरमेट, मास्क, धूप बत्ती, दिया बत्ती, गोबर से बने दीपक एवं अन्य सामान, श्रृंगार सामग्री, गीला ध्रूप, मिट्टी के बर्तन, छत्तीसग? व्यंजन, बेग, मुरकू, पापड़ बड़ी, अचार, नमकीन, केक, हरदी, मिर्च व धनिया मसाला, करवा चैथ की थाल व सजावह तथा फीनाइल, पर्स, सहित कई प्रकार के वस्तुओ और खाद्य सामाग्री का निर्माण किया जा रहा है।

जिसे समुह की महिलाओ द्वारा घर घर बेचा जाता है। इनको बाजार में उपलब्ध कराने और समुह को पहचान दिलाने के उद्देश्य से महिला समुह हाट बाजार की कमी महसुस की जा रही थी। इसके पूरा होने से अब महिला और अधिक उत्साह के साथ काम कर सकेगी।



## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आरा किया आकस्मिक निरीक्षण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर महादेव कावरे एवं पुलिस अधीक्षक बालाजी राव ने आज जशपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत आरा पहुंचकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया आकस्मिक निरीक्षण और कोरोना संक्रमण के दौरान लोगों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी। निरीक्षण के दौरान स्टोर रूम, महिलावार्ड और उपस्थिति रजिस्टर और स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध कर्मचारियों की भी जानकारी ली गई और दवाई स्टोर रूम में रखे गए एक्सपायरी डेट की दवाईयों को अलग रखने के निर्देश दिए। मरीजों को दी जाने वाली दवाई की उपलब्धता की भी जानकारी ली और स्वास्थ्य केन्द्रों की भी साफ-सफाई कर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि ओपीडी में रोज 8-10 मरीज आते है। माह में 5-6 डिलिवरी किया जाता है। अब तक 236 लोगों को कोरोना टेस्ट किया गया है। इनमें से 5 लोग कोरोना पॉजिटीव पाए गए है।

# श्रमिकों को मिलने वाली न्यूनतम वेतन की दैनिक और मासिक दर निर्धारित

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

एक तरह जहां विश्व वैश्विक महामारी कोरोना वायरस की चपेट में है। वही छत्तीसगढ़ श्रमायुक्त विभाग द्वारा नियोजित श्रमिको को मिलने वाली न्यूनतम वेतन की दैनिक और मासिक दरों में इजाफा किया गया है। न्यूनतम मूल वेतन एवं परिवर्तन शील भत्ते की नवीन दर निर्धारित होने पर श्रमिको के चेहरों में एक नई मुस्कान आ गयी है। श्रमिको की न्यूनतम मूल वेतन की नवीन दरें 1 अक्टूबर 2020 से 31 मार्च 2021 तक प्रभाव शील रहेगी।

कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने आज यहां बताया कि छत्तीसगढ़ श्रमायुक्त कार्यालय द्वारा अधिसूचित सामान्य नियोजन भाग-1 में नियोजित श्रमिको के लिए परिवर्तन शील महगाई भत्ते की गणना कर 1 अक्टूबर 2020 से 31 मार्च 2021 तक प्रभावशील न्यूनतम मूल वेतन एवं परिवर्तन शील भत्ते की नवीन दरें निर्धारित कर दी गयी है। उन्होने बताया कि प्रभावशील न्यूनतम मूल वेतन एवं परिवर्तन शील भत्ते की निर्धारित नवीन दरों के अनुसार उच्च कुशल श्रमिको को प्रतिदिन 372 रूपये तथा 11170 रूपये मासिक दिया जाएगा। इनमें कम्प्यूटर आपरेटर, स्टनोग्राफर, सहस्टेनोटायपिस्ट, इंजीनियरिंग, डिप्लोमाधारी, टेक्नीकल, डिप्लोमाधारी एवं इसके समकक्ष पद,

### श्रमिकों की न्यूनतम मूल वेतन की नवीन दरें 31 मार्च 2021 तक रहेगी प्रभाव शील

पंप हाउस ऑपरेटर, सुपरवाईजर, निरीक्षक, क्वालिटी निरीक्षक प्रोडक्शन मैनेजर, आदि उच्च कुशल श्रेणी के कर्मचारियों में शामिल है।

इसी तरह कुशल श्रमिकों को प्रतिदिन 346 रूपये और 10390 रूपये मासिक दिया जाएगा। इनमें गोताखोर, ग्रेनालाईन, मोबाइल केन आपरेटर, केमिस्ट खनसामा, कुक, रेसिडेसी कोठी, डिलिग मशीन आपरेटर, वायरमेन, इलेक्ट्रिशियन (आई.टी.आई) केबिनेट मेकर, चार्जमेन राजस्व निरीक्षक एकाउण्टेट, कैशियर, गोडाउन कीपर शिक्षक, फीटर, फील्ड सुपरवाईजर, मलेरिया, वायरल अटेंण्डअ टर्नर मोल्डर वाहन चालक, वैध लायसेंसी वाहन चालक, भारी वाहन, ग्राइन्डर मेकेनिक वेल्डर, टाईम कीपर प्रेसरमेन राइस मिस्त्री, आर्डर मास्टर सेजेज, वर्कर मिठाई बनाने वाला , फोटोग्राफर, केमरा आपरेटर, कम्पोजिस्टर टाईम कास्टर, हेड क्लर्क सचिव जनपद, ग्राम पंचायत पर्यवेक्षक, ग्रंथपाल वाचनालय आपरेटर, वाटर फायर मेन फिल्टर इंचार्ज , आपरेटर टीम स्मिथ, स्टोर कीपर, ब्लेक स्मिथ, वल्कनाईजर, टेलीफोन आपरेटर, कार पेंटर, वायरलेस आपरेटर, टेऊसरमेन, ग्रीसर, प्रयोग शाला तकनीशीयन प्रयोगशाला,सहायक प्लाट, अटेण्डेंट, भट्ठी वाला, टाईपिस्ट टाइपिंग मशीन सहित, आईस प्लांट आपरेटर, डिंर्लिंग हेल्पर जमीन (पटवारी), प्रशिक्षक, अधीक्षक, व्यवस्थापक, विकास अधिकारी वाल्डन एवं अन्य कुशल श्रेणी के कर्मचारी शामिल है।

जारी आदेश के अनुसार अर्धकुशल श्रेणी के श्रमिको को प्रतिदिन 320 रूपये और प्रतिमाह 9610 रूपये की राशि दी जाएगी।

इनमें कारपेड, सफेदावाल, आईस टर्नर, मोहर्रिर, सहायक मिस्त्री लाईनमेन, बिजली मिस्त्री, सिनियर फील्ड वर्कर, सुपीरियर फील्ड वर्कर मलेरिया, कुकिंग क्लर्क, सहायक आपरेटर पोल बनाने वाला, इंजन ड्राइवर मशीन, मेन हेड मजदूर, वायर मेन, सेल्स मेन, फोरमेन, सहायक मुंशी, केवल अटेण्डेट, उन कटाई कार्य करने वाले, कोशाफल से धागा निकालने वाले, बुक लिप्टर लायब्रेरी, सांड एवं पशु परिचारक, अटेण्डेंट, लाईनमेन जांच करने वाला निरीक्षक एवं अन्य अर्धकुशल श्रेणी के कर्मचारी शामिल है।

इसी क्रम में अकुशल श्रेणी के श्रमिको के लिए प्रतिदिन 299 रूपये और 8960 रूपये मासिक दर निर्धारित की गयी है।

## नपं कुनकुरी 29 तक के लिए घोषित किया गया कन्टेनमेंट जोन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी महादेव कावरे के निर्देशन में जिले में नोवल कोराना वायरस के संक्रमण की रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुए नगर पंचायत कुनकुरी में वर्तमान स्थिति में 61 व्यक्ति यों के नोबल कोरोना वायरस से सक्रिय रुप से संक्रमित होने के कारण जिला कोर कमीटी की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार कोरोना संक्रमण के फैलाव को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत कुनकुरी के उत्तर दिशा में गिनाबहार रोड शराब दुकान रेमते रोड विश्वनाथ सिदार का घर पंडरीपानी मुकुंद होटल के पास तक, दक्षिण दिशा में राझाडाँड मुक्ति मिंज के घर के पास, तपकरा रोड पुराना आईटीआई धुमाडाँड रामबाबू के गोदाम तक, पूर्व दिशा में बंदरा खसरा पुलिया तक एवं पश्चिम दिशा में प्रमोद गुप्ता के मुर्गी फॉर्म तक के सम्पूर्ण परिसर को आगामी 29 अक्टूबर रात्रि 11.59 तक के लिए कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है।

# स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के लिए धरातल पर कार्य करना अति आवश्यक : संदीप वर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



अंचल के ग्रामपंचायत अल्दा में छत्तीसगढ़ उत्थान समिति के तत्वाधान और युवा समाजसेवी संदीप वर्मा व युवासरपंच टोहड़ा खूबदास वैष्णव के कुशल मार्गदर्शन के साथ कुलदीपक वर्मा शिवा निर्मलकर के नेतृत्व में गांव के सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाकर सभी ग्रामवासियों को सफाई के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया, गांव के सार्वजनिक 3 नलकूप बोरिंग मुख्यमार्गों की सफाई किया गया।

कार्यक्रम में मार्गदर्शन के लिए उपस्थित संदीप वर्मा ने ग्रामवासियों से हाथ जो?कर अपील करते हुवे कहा कि स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का अभियान जो देश के यसस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने शुरुवात करके उसे एक जनांदोलन बनाया है, उसे हमे आगे बढ़ाने के लिए धरातल पर कार्य करने की आवश्यकता है तभी जाकर यह नारा व उद्देश्य सार्थक होगा।

जब भारत स्वच्छ होगा तो सभी लोग स्वस्थ रह पाएंगे बहुत सारी बीमारियों के प्रमुख कारण गंदगी होता है, उन्होंने उन सभी युवा साथियो को व सरपंच प्रतिनिधि डॉ खूबीराम भाजपा मंडल उपाध्यक्ष लोकनाथ टिकरिहा को सहयोग व जनजागरण में साथ देने वाले सभी को धन्यवाद देकर जीवन मे सेवा भाव को सदैव बनाये रखने की अपील कर भविष्य में ऐसे रचनात्मक कार्यो सहयोग का विश्वास जताया।

सरपंच प्रतिनिधि डॉः खूबीराम वर्मा ने छत्तीसगढ़ उत्थान समिति के गतिविधियों से प्रभावित बताकर युवा समाजसेवी संदीप वर्मा के नेतृत्व को सराहा और कहा कि आज जब अधिकतर व्यक्ति अपने निजी स्वार्थ सिद्धि में लगे है।

# नवरात्रि पर करोना का साया, नारियल आ गया जमीन पर

बिक्री घटकर 50 फ़ीसदी पर आई

पायनियर संवाददाता
➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

बंद देवी मंदिरों के कपाट के पीछे मनाया जा रहा नवरात्रि का पर्व। असर जरूरी पूजन सामग्रियों के उत्पादक क्षेत्र से लेकर उन दुकानों तक पहुंच चुका है जो ऐसे मंदिरों में होने वाले पर्व के सहारे परिवार का भरण पोषण करते हैं। प्रसाद के रूप में पहला असर नारियल पर पड़ चुका है। बिक्री घटकर एकदम से 50 फ़ीसदी पर आ गई है।

अंचल के प्रसिद्ध देवी मंदिरों में से एक तरेंगा का महामाया मंदिर और दूसरा सिंगारपुर का श्री मावली देवी मंदिर है। इस बार विपरीत परिस्थितियों के बीच नवरात्रि का पर्व मनाया तो जा रहा है लेकिन कड़े



बंधन के बीच। कलश स्थापना, पूजा, दर्शन और कारोबार तक हर कदम पर शर्तों का ब्रेक इतनी मजबूती से लग चुका है कि मंदिरों के पसीने छूटने लगे हैं लेकिन उपाय या विकल्प है नहीं। इसलिए कड़ी शर्तों के बीच यह

### ऐसा हुआ असर

नारियल। नवरात्रि पर सबसे ज्यादा बिकने वाली सामग्री। बिक्री रहेगी 50 फ़ीसदी। प्रयास जारी। हर भक्त ों के हाथों तक पहुंचाने कीमत की कम। मंदिरों के कपाट बंद होने के बावजूद बिक्री 5,000 नग प्रतिदिन।

### बेहाल उड़ीसा और आंध्र प्रदेश

छत्तीसगढ़ में नवरात्रि पर उड़ीसा और आंध्र प्रदेश से भरपूर आपूर्ति होती है। नारियल उत्पादक इन दोनों राज्यो की हालात बेहद खराब है क्योंकि पश्चिम बंगाल के बाद छत्तीसगढ़ नवरात्रि पर सबसे ज्यादा नारियल की खरीदी करता है। करोना और नियमों के बंधन के बीच इन दोनों राज्यों से मांग घटकर आधी रह गई है।

### ऐसी है कीमत

नवरात्रि पर नारियल की दोनों किस्मों की कीमतें बढ़ा करती थी। इस बार हालात बदले-बदले से हैं। मंदिरों के कपाट बंद होने के बाद ग्राहकी घटकर आधी रह गई है। याने सूखा नारियल थोक में 12 से 13 रुपये प्रति नग। चिल्हर में 16 से 19 रुपये। कच्चा नारियल थोक में प्रति नग 12 से 18 रुपए।

## अधिकारियों ने समूह की महिलाओं से रूबरू होकर वर्मी खाद बनाने की ली जानकारी

**जशपुरनगर।** कलेक्टर महादेव कावरे एवं पुलिस अधीक्षक बालाजी राव ने आज जशपुर विकासखंड ग्राम पंचायत बोकी के गौठान का निरीक्षण करके स्व-सहायता समूह की महिलाओं से वर्मी कम्पोस्ट खाद की जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं को तैयार वर्मी कम्पोस्ट खाद को 2 किलो 5 किलो और 30 किलो का पैकिंग करने के निर्देश दिए है। कृषि अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने के लिए महिलाओं को अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण दें ताकि महिलाएं गुणवत्ता युक्त खाद बना सके। उन्होंने वर्मी खाद का लैब से टेस्ट कराने के लिए भी कहा गया है। साथ ही महिलाओं को गौठान में आजीविका से जुड़ने के लिए मछली, पालन, मुर्गी, बत्तख पालन और मशरूम उत्पादन के साथ अन्य साग-सब्जी का उत्पादन करने के लिए कहा ताकि वे आत्म निर्भर बन सके। बोकी गौठान लगभग 11 एकड़ में फैला हुआ है।

# सौतिया डाह में प्रेमिका ने अपने ही प्रेमी की पत्नी को जिंदा जलाया

मरने से पहले महिला ने पूरी सच्चाई उगल दी

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

भरुवा गुडा में रहने वाला दिनेश कुर्रे पेशे से तो मजदूर और शादीशुदा था। उसकी पत्नी कविता की उम्र 30 साल हो चुकी थी इसी बीच उसकी जिंदगी में 22 साल की कमसिन सुलेखा पाटले आई। हालांकि सुलेखा भी शादीशुदा थी लेकिन अपने पति सालिक पाटले को छोड़कर उसने दिनेश कुर्रे के साथ दिल की दुनिया बसाने का ख्वाब देखना शुरू कर दिया। दोनों के बीच रिश्ता गहराया तो सुलेखा जबरन आकर दिनेश कुर्रे के घर में ही रहने लग गई । एक ही छत के नीचे दोनों सौतन के बीच टकराव होना लाजमी था, इसलिए दोनों के बीच अक्सर लड़ाई झगड़े हुआ करते थे । घटना वाली रात भी दोनों के बीच जमकर झगड़ा हुआ। रात



करीब 3.00 बजे आवेश में आकर सुलेखा ने घर में रखे मिट्टी तेल को कविता के ऊपर छिड़ककर माचिस से आग लगा दी । धूं धूं कर जलती कविता ने जब शोर मचाना शुरू किया तो उसका पति दिनेश भागा भागा वहां पहुंचा जिसने आग की लपटों में घिरे कविता को बचाने की कोशिश भी की। पति ने पानी डालकर किसी तरह आग को बुझाया लेकिन तब तक कविता कुर्रे लगभग 93 प्रतिषत जल चुकी थी । जिसे तुरंत इलाज के लिए मुंगेली जिला अस्पताल भर्ती किया गया लेकिन उसकी हालत नहीं सुधरती देख उसे बिलासपुर के बढ़ने ट्रामा रिसर्च सेंटर में भर्ती कर उसका इलाज कराया जाता रहा। इस बीच तार बाहर पुलिस द्वारा नायब तहसीलदार की उपस्थिति में कविता का मृत्यु पूर्व कथन दर्ज किया गया जिसमें उसने अपनी सौतन सुलेखा द्वारा मिट्टी तेल डालकर जिंदा जला देने की बात कही। कविता कुर्रे 93ः जल चुकी थी इसलिए उसका बचना लगभग नामुमकिन था इलाज के दौरान आखिरकार उसकी मौत हो गई जिसके बाद उसकी सौतन सुलेखा पाटले के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करते हुए मुंगेली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया ।

मुंगेली में महिला जेल ना होने की वजह से सुलेखा को बिलासपुर महिला जेल भेज दिया गया है। विवाहेतर संबंध हमेशा दुख का कारण बनता है ।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने शनिराम के मिनीराइस मिल का किया अवलोकन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर महादेव कावरे एवं पुलिस अधीक्षक बालाजी राव ने आज जशपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत आरा में कृषि विभाग से लाभांवित



हितग्राही शनिराम के घर पहुंचकर खनिज न्यास निधि मद से दी गई मिनी राईस मिल की जानकारी ली। कलेक्टर ने शासन की योजना का लाभ उठाने के लिए कहा। हितग्राही शनिराम को कृषि विभाग के द्वारा खनिज न्यास निधि मदसे 84 हजार की लागत से मिनी राईस मिल उपलब्ध कराया गया है। शनि राम द्वारा राईसमिल का उपयोग अपने धान कुटने के साथ आस पास के ग्रामीण जनों के धान कुटने का कार्य भी कर रहे है।

जिससे उन्हें आर्थिक लाभ हो रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी के.एस. मण्डावी, कृषि अधिकारी एम.आर.भगत, मत्स्य अधिकारी डी.के. इजारदार, तहसीलदार लक्ष्मण सिंह राठिया उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने कोरोना की सुरक्षा के संबंध में ली अधिकारियों की बैठक

### मास्क लगाने और सोशल डिस्टेंस का अनिवार्य रूप से पालन कराएं

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर महादेव कावरे ने कलेक्टर सभाकक्ष में कोरोना संक्रमण की सुरक्षा को देखते हुए अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बालाजी राव, जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी के.एस.मण्डावी, मत्स्य विभाग के सहायक संचालक डी.के.ईजारदार, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में कोरोना संक्रमण की सुरक्षा को देखते हुए विशेष सावधानी बरतने की आवश्यता है। उन्होंने लोगों को मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंश का पालन करने के लिए कहा है। साथ ही लोगों को जागरूक होकर शासन के मापदण्ड के अनुसार होम क्वारेंटाईन का पालन



और कोरोना टेस्ट कराने की आग्रह किया गया ताकि कोरोना संक्रमण न फैल सके। समीक्षा के दौरान उन्होंने जिले में सप्ताह में दो दिन बुधवार और गुरूवार को होने वाले घर-घर सर्वे तैयारी की जानकारी ली और अधिकारियों को माईक्रो प्लान शीघ्र बनाने के निर्देश दिए है।

मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल कोरोना संक्रिमत मरीजों की संख्या 1731 है। जिनमें 498 एक्टिव केसेस है। 1233 लोग ठीक हो चुके है।

## आदिशक्ति की भक्ति में लीन मां के भक्तों



**सरायपाली।** कोरोना संक्रमण के चलते सामाजिक व धार्मिक आयोजनों पर बंदिशों के साथ सावधानी बरतने के निर्देशों का पालन करते हुए शहर में दुर्गा उत्सव के साथ मनाया जा रहा है पंडालों में सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करते हुए मास्क लगाकर भक्तों मां का आशीर्वाद ले रहे हैं वही पंडालों में हर वर्ष की तरह होने वाले गरबा व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जा रहे हैं।

### 38 सहकारी समितियों में से लगभग 30-32 समितियां आर्थिक नुकसान की स्तिथि में चल रही है

# बलौदाबाजार-भाटापारा के समितियों का विभाजन न्यायोचित नहीं : चंद्रशेखर

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

प्राथमिक साख सहकारी महासंघ जिला गरियाबंद के महासचिव, राजिम कोऑपरेटिव सोसायटी के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने गरियाबंद जिले की सहकारी समितियों को विभक्त कर 28 नई समितियां बनाये जाने के निर्णय को अनुचित करार देते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में संचालित जिले की 38 सहकारी समितियों में से लगभग 30-32 समितियां आर्थिक नुकसान की स्तिथि में चल रही है ऐसी परिस्थितियों में समितियों को विभक्त करने से बनी नई समितियों के संचालन में आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। जब से प्रदेश में भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से ही सहकारी समितियों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं और सरकार अपने चुनिंदा चहेते कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उपकृत कर नगरीय निकायों के एल्डरमैन की तर्ज पर सहकारी समितियों में सदस्यों को मनोनीत करना चाहती है जिसके लिए सरकार ने पूर्व में प्रदेश भर में संचालित सहकारी समितियों को भंग करने का कुटिल निर्णय लिया था लेकिन माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर द्वारा दिए गए स्थगन आदेश के चलते आज सहकारी समितियां संचालित हो पा रही है। इन सबके चलते सरकार



अब अपनी मंसूबों की पूर्ति के लिए दूसरा हथकंडे अपना रही है और सहकारी समितियों के पुनर्गठन के नाम पर सहकारिता की जड़ों को कमजोर करने पर तुली हुई है।

जिसका प्राथमिक साख सहकारी महासंघ पुरजोर तरीके से विरोध करती है। ऐसा ही प्रयास कई वर्षों पूर्व सरगुजा व रायगढ़ जैसे जिलों में भी किया गया था लेकिन परिणाम सबके सामने है, आज सरगुजा सँभाग में सहकारी समितियां इन्ही नीतियों के चलते भंग हो चुकी हैं।

जिले के धान संग्रहण केंद्र कुंडेलभांठा में रखी गई धान खुले में पड़ी हुई हैं जिसका उठाव नहीं होने के कारण बड़ा नुकसान होगा और नए विपणन वर्ष में खरीदने वाले धान के रखरखाव में भी दिक्कतें आएंगी। चंद्रशेखर साहू ने आगे बताया कि वर्तमान में संचालित कई समितियों की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर हो गई है कि उनके पास अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को वेतन देने के भी पैसे नहीं है और विगत वर्ष की गई धान खरीदी की कमीशन राशि भी सहकारी समितियों को अप्राप्त है जिसके चलते सहकारी समितियां आर्थिक विपन्नता की गर्त में समा रहे हैं, ऐसे में एक समिति को तो?कर दो या तीन समिति बनाना किसी भी दृष्टिकोण से न्यायोचित नहीं है क्योंकि नई समितियों को संचालन निष्पादण में नए कार्यालय का व्यय,कर्मचारियों का व्यय, फर्नीचर व विद्युत व्यवस्था के व्यय का अतिरिक्त भार वहन करना पड़ेगा जो वर्तमान समय में संभव नहीं है और समितियों की आर्थिक स्थिति अत्यधिक कमजोर होने के चलते धीरे-धीरे अपने अस्तित्व को खो देगी जो प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार की मंशा है और फिर सरकार सहकारी समितियों के संचालन में अड़चनें बताकर उन्हें भंग कर देगी।

# कलेक्टर एवं एसपी ने बालाछापर और आरा में मत्स्य पालन की ली जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर महादेव कावरे एवं पुलिस अधीक्षक बालाजी राव ने आज जशपुर विकासखंड के ग्राम बालाछापर में मत्स्य विभाग के अंतर्गत लाभांवित हितग्राही मत्स्य कृषक लालबिहारी भगत के डबरी में डाले गए मत्स्य बीज का अवलोकन किया। उन्होंने मत्स्य कृषक से शासन की योजनाओं की जानकारी ली। मत्स्य कृषक ने बताया कि मनरेगा के तहत् 2 लाख 58 हजार की लागत से उनके खेत में मत्स्य पालन के लिए डबरी का निर्माण किया गया है। मत्स्य विभाग के द्वारा मछली बीज एवं चारे की व्यवस्था कराई गई है। इसी प्रकार आरा के स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित लगभग 1 एकड़ के बने तालाब में डाले गए मछली पालन की भी जानकारी ली गई और समूहों को मत्स्य पालन के लिए प्रोत्साहित किया। आरा में स्व-सहायता



समूह को मत्स्य विभाग द्वारा 10 साल के पट्टे पर लीज पर दिया गया है। समूह की महिलाएं मत्स्य पालन करके आत्मनिर्भर बन रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी के.एस.मण्डावी,कृषि अधिकारी एम.आर.भगत, मत्स्य अधिकारी डी.के.इजारदार, तहसीलदार लक्ष्मण सिंह राठिया उपस्थित थे।

# सात सालों से मिशन में जमे रहे डीएमसी साहू जांच में घिर गए, अब कार्रवाई की जद में

## कलेक्टर ने कहा : कई आरोप सत्य पाए गए, डीईओ ने बताया : जवाब मिल गया है कार्रवाई होगी

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजीव गांधी शिक्षा मिशन के जिला समन्वयक (डीएमसी) भूपेश साहू कार्रवाई की जद में आ गए हैं। उनके खिलाफ हुई जांच में जांच समिति ने कई बिंदुओं में अनियमितताएं सहित कई गंभीर त्रुटियां पकड़ी हैं। शिक्षा विभाग ने जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंपा गया था जिस पर उन्होंने शिक्षा विभाग को डीएमसी साहू से जवाब मांगने और कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था। जिला शिक्षा अधिकारी हेतराम सोम ने कहा है कि डीएमसी की ओर से जवाब आ चुका है। जल्द ही डीएमसी भूपेश साहू पर कार्रवाई की जाएगी।

पिछले सात सालों से प्रतिनियुक्ति पर जिला समन्वयक का पद संभाल रहे डीएमसी भूपेश साहू के खिलाफ शिकायतों का पिटारा है। उनके कार्यकाल में मिशन के कार्य और उन्हें सौंपी गई अन्य जिम्मेदारियों में गंभीर अनियमितता की शिकायतें थी। आलम यह रहा कि उनके विरुद्ध मुख्यमंत्री से शिकायत की गई। इसी शिकायत पर मुख्यमंत्री ने वर्ष 2019 में डीएमसी साहू के खिलाफ जांच व आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा की थी। इस जांच को शुरु होने में लगभग एक वर्ष का वक्त लग गया।




सीएम कार्यालय से आई चिट्ठी के बावजूद डीएमसी पर शिक्षा विभाग मेहरबान, जांच अटकाई, प्रतिनियुक्ति भी बरकरार


बड़ा सवाल : जांच के बावजूद क्यूं नहीं हटाए गए डीएमसी साहू ?


विवादित डीएमसी साहू को बचाने के फेर में डीईओ, जांच शुरु ही नहीं हुई और जांच खत्म होने का दावा कर रहे
पड़ताल शुरु होते ही आनन-फानन में बनाई समिति


मलाईदार पदों पर डीएमसी का कब्जा, उनके खिलाफ महीनों से दबाए गए आदेश पर अब भी शुरु नहीं हो सकी जांच


तत्कालीन कलेक्टर के आदेश दबा कर बैठे रहे डीएमसी, बीआरसी के खिलाफ जांच नहीं की

पायनियर
लगातार

### कार्रवाई का खाका तैयार

कलेक्टर टीके वर्मा ने पायनियर से बातचीत में कहा कि डीएमसी के खिलाफ हुई जांच का प्रतिवेदन मुझे मिला था। कई मामलों में उनके विरुद्ध गंभीर अनियमितता, लापरवाही के कई आरोप सत्य पाए गए हैं। जांच समिति के प्रतिवेदन के आधार पर मैंने विभाग को डीएमसी से जवाब मांगने निर्देशित किया है जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर, जिला शिक्षा अधिकारी हेतराम सोम ने पायनियर को बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर डीएमसी से जांच में सत्य पाए गए आरोपों के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया था। उन्होंने जवाब भी दे दिया है। लेकिन मौजूदा समय में कर्मचारी के कोरोना संक्रमित होने के चलते कार्रवाई रुकी हुई है। जैसे ही वे वापस लौटेंगे डीएमसी के पर कार्रवाई की जाएगी।

### खुलासे के बाद शुरु हुई थी जांच

दैनिक पायनियर में हुए खुलासे के बाद जिला शिक्षा विभाग ने डीएमसी साहू के खिलाफ दो जांच अधिकारी सहित दो सहयोगियों की जांच समिति 24 अगस्त 2020 को गठित की थी। समिति को जांच पूरा करने में लगभग 20 दिनों का वक्त लगा था। डीएमसी के खिलाफ मिली शिकायतें काफी गंभीर थी और इस जांच के चलते संकुल समन्वयकों पर भी तलवार लटक गई। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने डीएमसी से जुड़ी जांच के संबंध में ब्लॉक समन्वयकों से भी दस्तावेज मंगाए थे ऐसी जानकारी है। इन दस्तावेजों की पड़ताल में भी कई खामियां उजागर हुई हैं। खबर है कि जांच समिति को डीएमसी साहू के विरुद्ध कई दस्तावेजी साक्ष्य मिले हैं जिसके बाद जांच प्रतिवेदन में उन पर लगे कई आरोप सत्य पाए गए हैं।

### टंडन पर कार्रवाई कब!

शिक्षा विभाग से जुड़ा एक और ऐसा ही मामला है जिस पर विभाग अब तक चुप्पी साधे हुए है। मूलतः सहायक शिक्षक पंचायत (ट्राईबल) की पदस्थापना पाने वाले ईश्वर टंडन को नियम विरुद्ध राजनांदगांव शहर के सदर बाजार का संकुल समन्वयक बनाया गया है जहां वे पिछले दो साल से पदस्थ हैं जबकि उनकी मूलपदस्थापना डोंगरगढ़ विकासखंड में है।

इन्हीं टंडन के विरुद्ध गंभीर आरोपों को सत्य पाते हुए तत्कालीन कलेक्टर ने निलंबन के आदेश दिए थे। इस आदेश पर अमल न करते हुए अधिकारियों ने उन्हें बचा लिया और उन्हें लगातार दूसरे स्थानों पर पदस्थापना मिलती रही। टंडन व उन्हें बचाने वाले अधिकारी इस मामले में तत्कालीन कलेक्टर के आदेश की अवमानना सहित नियम विरुद्ध पदस्थापना देने व अन्य मामलों में घिर सकते हैं। टंडन अब भी डोंगरगढ़ विकासखंड से ही वेतन प्राप्त कर रहे हैं जबकि वे उस विकासखंड से निकलकर कई वर्ष पहले ही राजनांदगांव विकासखंड में अधिकारियों की पनाह पर जमे हुए हैं। टंडन के खिलाफ जांच को लेकर बीते 16 सितंबर को कलेक्टर टीके वर्मा से शिकायत भी की गई है। लेकिन इस शिकायत की प्रशासन ने अब तक कोई सुध नहीं ली है। गौरतलब ये भी कि पूर्व में छात्रावास अधीक्षक के पद पर रहते हुए टंडन को गंभीर मामलों में दोषी पाया गया था। जिस पर ही तत्कालीन कलेक्टर ने उनके विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए थे।



# राज्यपाल ने डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की

- कहा, सरकार और राजभवन के बीच किसी तरह की कोई नाराजगी नहीं

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



प्रदेश की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की। राज्यपाल ने मां बम्लेश्वरी से देश और प्रदेश को कोरोना मुक्त करने के लिए प्रार्थना की। उन्होंने प्रदेश की खुशहाली, सुख-शांति और समृद्धि के लिए कामना की। उन्होंने कहा कि नागरिक कोविड-19 संक्रमण से सुरक्षित रहें और सावधानी रखें। भीड़ के स्थानों से दूर रहे। अभी कोरोना की वैक्सीन नहीं बनी है, इसलिए मास्क लगाएं और कोविड-19 के प्रोटोकाल का पालन करें। इस अवसर पर कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा, पुलिस अधीक्षक डी श्रवण, राज्यपाल के परिसहाय अनंत श्रीवास्तव एवं त्रिलोक बंसल, राज्यपाल के निज सचिव जितेन्द्र सोलंकी, एसडीएम डोंगरगढ़ अविनाश भोई, डिप्टी कलेक्टर राहुल रजक सहित मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नारायण अग्रवाल एवं सचिव नवनीत तिवारी उपस्थित थे।

### पहली बार कोई राज्यपाल काम कर रहा है

पत्रकारों से चर्चा करते हुए एक सवाल के जवाब में राज्यपाल ने कहा कि सरकार और राजभवन के बीच किसी भी प्रकार की कोई नाराजगी नहीं है। समय-समय पर प्रोटोकॉल और नियमों को संज्ञान में लेने की बात रहती है, ऐसी चीजों को टकराहट नहीं बोला जा सकता। नियम, कानून को दायरे में रहते हुए काम कर रही हूं और जनहित के मामलों को संज्ञान में लिया जा रहा है। शायद पहली बार ऐसा लग रहा है कि कोई राज्यपाल काम कर रहा है, इसलिए यह बात आ रही है। पहले के राज्यपाल शायद काम नहीं करते थे, इसलिए यह बात नहीं आती थी।

# दीवाली व्यवसाय के दौर में भी कन्टेन्मेंट जोन

- खुज्जी के व्यवसायी हैरान, मजदूर हुए हताहत

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




अंचल के खुज्जी में पखवाड़ेभर पुर्व बीस पॉजिटिव मरीज पाए जाने के बाद स्थिति कुछ सामान्य हुई है, बनिस्बत कलेक्टर के आदेश के पालनार्थ गुरुवार को स्थानीय प्रशासन ने खुज्जी को पूर्णतः सील कर दिया है। दीवाली सीजन के व्यवसाय के मद्देनजर गांव में व्यवसायियों का एक वर्ग कंटेन्मेंट के स्वरूप को लेकर विधायक से भी हस्तक्षेप कराने जुटे हैं।

वैश्विक स्तर पर फैले कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम हेतु शासन व प्रशासन के द्वारा युद्ध स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य एवम् परिवार कल्याण मंत्रालय एवं शासन द्वारा जारी आदेशों एवम् मार्ग दर्शन के नियमो का पालन करते हुए कलेक्टर एवम् जिला दंडाधिकारी राजनांदगांव के आदेशानुसार आगामी आदेश तक खुज्जी को कनटेंमेंट जोन घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि अंचल में डोंगरगांव नगर के बाद खुज्जी मार्केट दूसरा सुव्यवस्थित मार्केट माना जाता है। इस आशय को लेकर व्यवसायियों ने हालिया लॉकडाउन में थोड़ी रियायत देने की मांग स्थानीय प्रशासन से की है।

0 आधे से अधिक मरीज डिस्चार्ज

विदित हो कि पन्द्रह दिन पूर्व ग्राम के एक बुजुर्ग एवम् एक युवक के कोरो ना पॉजिटिव पाए जाने के बाद उनके प्राइमरी कॉन्टेक्ट में आने वालों का एंटीजन व आर टी पी सी आर टेस्ट किया गया जिसमें पहले 12 व बाद में 8 संक्रमित मिलने पर उन्हें उपचार्थ डोंगरगांव नगर के कोविड सेंटर में दाखिल कराया गया था, जहां से लगभग आधे से ज्यादा मरीज स्वस्थ होकर अपने घर आ चुके हैं।

### चुनिंदा मरीज और सीलबंद

हालिया दिनों आरटीपीसीआर जांच में ग्राम के ही अन्य वार्ड में कुछ और मरीजों के मिलने से खुज्जी को कंटेन्मेंट जोन घोषित कर दिया गया है। दीवाली त्योहार के मौके पर स्थानीय छोटे स्तर के व्यवसायी परेशानी में आ गये। दीपावली त्योहर के मद्देनजर मजदूर वर्ग के सामने भी रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

> कोविड गाईडलाइन शिरोधार्य है। व्यापारी व मजदूरों के हितार्थ आंशिक रियायत मिलनी चाहिए।
> –**सुयश नाहटा,** जनपद उपाध्यक्ष

# मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना से राशि स्वीकृत

- विधायक की अनुशंसा, लोकनिर्माण मंत्री की मुहर

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना से विधानसभा क्षेत्र में एप्रोच रोड की स्वीकृति हुई है। डोंगरगांव विधायक व छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण व अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण अध्यक्ष दलेश्वर साहू के अनुशंसा पर लोक निर्माण विभाग ने डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के लिए करोड़ों की स्वीकृति प्रदान की है।

विधायक कार्यालय से निज सहायक अमरनाथ साहू द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार मेनरोड से मिडिल स्कूल भवन पंहुच मार्ग हरदी टेका 5 लाख 98 हजार, मेनरोड से हाईस्कूल भवन पंहुच मार्ग हरदी टेका 15 लाख 27 हजार, मेन रोड से स्कूल पंहुच मार्ग आसरा 12लाख 23 हजार रू, मेन रोड से वृद्धाश्रम डोंगरगांव तक पहुँच मार्ग 9 लाख 22हजार रू, मेन रोड से स्कूल पंहुच मार्ग किरगी ब 14 लाख 18 हजार रू, मेन रोड से स्कूल पंहुच मार्ग बेंदरकट्टा 6 लाख 4 हजार रू, हायर सेकेंडरी स्कूल पंहुच मार्ग खुज्जी 19लाख 99 हजार रू, गनेरी से घटोरिया पंहुच मार्ग 49 लाख 73 हजार रू, मेनरोड से स्कूल पंहुच मार्ग रीवागहन 27 लाख 77 हजार रू, किल्लापारा से उपस्वास्थ केन्द्र पंहुच मार्ग सोनेसरार 27 लाख 77 हजार रू, मेनरोड से स्कूल पंहुच मार्ग बरसनटोला 35 लाख 31 हजार रू शामिल हैं।



इसी क्रम में डोंगरगढ़ जनपद के मेनरोड से स्कूल पंहुच मार्ग गाडाभांवर 10 लाख 26 हजार रू, मुख्य गली से स्कूल पंहुच मार्ग सलटिकरी 10 लाख 26 हजार रू, मुख्य गली से स्कूल पंहुच मार्ग मुंदगांव 10 लाख 12 हजार रू, मेन रोड से स्कूल पंहुच मार्ग अमलीडीह 8 लाख 75 हजार रू, मेन रोड से हाई स्कूल पंहुच मार्ग कल्याणपुर 13 लाख 33 हजार रू, मेन रोड से स्कूल पंहुच मार्ग खैरबना 11 लाख 97 हजार रू, जीईरोड से स्कूल पंहुच मार्ग रामपुर डोंगरगढ 39 लाख 67 हजार रू की स्वीकृति लोकनिर्माण विभाग ने दी गई है।

विकास कार्यों की स्वीकृति दिए जाने पर एम मोहन अय्यर, बलीराम साहू, महेन्द्र यादव, रामक्षत्री चंद्रवंशी, श्रीमती प्रभा साहू, टिकेश साहू, भावेश सिंह, हीरा निषाद, सुयश नाहटा, ललित लोढा, नरेन्द्र वर्मा, सहित पंचायत व शाला विकास समिति के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू, प्रभारीमंत्री मोहम्मद अकबर व विधायक दलेश्वर साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# रक्षित निरीक्षक पर महिला आरक्षक ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

- महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती नायक के सामने पेश की अर्जी

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक के राजनांदगांव प्रवास के दौरान रक्षित निरीक्षक भूपेंद्र गुप्ता के विरुद्ध महिला आरक्षक ने गंभीर शिकायत की है। उक्त महिला आरक्षक ने भूपेंद्र गुप्ता पर छेड़छाड़ करने, अश्लील बातें कहने व विरोध करने पर पद का दुरुपयोग करते हुए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि शुक्रवार को महिला आयोग से सबंधित प्रकरण की सुनवाई के लिए राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष यहां पहुंची थीं। उन्होंने पूरे वक्त कई प्रकरणों को सुना। इसी दौरान महिला आरक्षक ने अपनी आपबीती अध्यक्ष के सामने रखी।

महिला आरक्षक ने शिकायत में बताया कि रक्षित निरीक्षक भूपेंद्र गुप्ता ने दिसंबर 2019 में उन्हें रात्रि गणना में शामिल होने के बाद रुकने कहा था। जिसके बाद लगभग रात 9 बजे निरीक्षक गुप्ता ने महिला आरक्षक को अपने कार्यालयीन कक्ष में बुलाया और अश्लील बातें कहते हुए उसे छुने लगा। महिला आरक्षक ने इसका विरोध किया और उसके चिल्लाने पर उसे छोड़ा गया।

महिला आरक्षक ने शिकायत में बताया है कि इस घटना के बाद निरीक्षक भूपेंद्र ने उसे कई बार धमकाया। उसने विभाग में शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। महिला आरक्षक ने यह भी बताया कि अब रक्षित निरीक्षक अपने पद का दुरुपयोग करते हुए मुझे प्रताड़ित कर रहा है। उक्त महिला आरक्षक ने राज्य महिला आयोग के सामने न्याय दिलाने की अर्जी पेश की है।

## सौंदर्यीकरण व विभिन्न विकास कार्य होंगे

# प्रसाद योजना : बदलने वाली है डोंगरगढ़ में पर्यटन की सूरत, मिले 43 करोड़

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भारत सरकार पर्यटन मंत्रालय की प्रसाद योजना देश के धार्मिक स्थलों को विकसित करने की योजना है, जिसके अंतर्गत डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव को शामिल करते हुए विभिन्न विकास कार्यो एवं सौंदर्यीकरण हेतु 43 करोड़ 33 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

नवरात्रि के पावन अवसर पर केन्द्र से मिली इस मत्वपूर्ण स्वीकृति के पश्चात् डोंगरगढ़ के विभिन्न स्थलों में विकास कार्यों एवं सौंदर्यीकरण के साथ ही देश के पर्यटन मानचित्र पर डोंगरगढ़ का नाम एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल के रूप में अंकित हो जायेगा। केन्द्र सरकार की प्रसाद योजना के अंतर्गत इस स्वीकृति के लिए पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू के विशेष प्रयासों से यह महत्वपूर्ण सफलता संभव हो सकी है। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के साथ ही प्रशासनिक स्तर पर भी सचिव पर्यटन विभाग के द्वारा लगातार केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय के समक्ष प्रस्तुतीकरण देते हुए इस महत्वाकांक्षी योजना के लिये प्रयास किया गया। कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने इस महत्वपूर्ण सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि धर्म नगरी डोंगरगढ़ एक महत्वपूर्ण पर्यटन केन्द्र के रूप में स्थापित होगा। इससे छत्तीसगढ़ टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा और देश-विदेश से पर्यटकों का छत्तीसगढ़ में आवागमन बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना के तहत मां बम्लेश्वरी मंदिर की सीढ़ियों पर पर्यटन सुविधायें, पार्किंग, तालाब सौंदर्यीकरण एवं पिलग्रिम एक्टिविटी सेंटर (श्रद्धालुओं के लिए सुविधा केन्द्र) विकसित किये जायेंगे साथ ही प्रज्ञागिरी पहाड़ी पर भी श्रद्धालु पर्यटकों के लिए सुविधायें विकसित किया जाना प्रस्तावित है। डोंगरगढ़ में प्रसाद योजना के क्रियान्वयन से श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होगी जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के साथ आय के स्रोत भी प्राप्त होगें। इस योजना के मुख्य आकर्षण का केन्द्र श्री यंत्र की डिजाईन में विकसित किये जाने वाला पिलग्रिम एक्टिविटी सेंटर (श्रद्धालुओं के लिए सुविधा केन्द्र) होगा।

# सुलभ शौचालय में हंगामा, महिलाओं ने लगाया आरोप



**राजनांदगांव।** नया बस स्टैंड स्थित सुलभ शौचालय में आज महिलाओं ने यहां केयर टेकर को घेर कर अभद्रता करने का आरोप लगाया। बताया जाता है कि कुछ स्थानीय लोगों ने केयर टेकर से मारपीट भी की। महिलाओं ने बताया कि उक्त केयर टेकर हमेशा नशे में रहता है। जब महिलाएं शौच के लिए जातीं हैं तो बाहर से दरवाजा बंद कर देता है और अभद्र व्यवहार भी करता है। इस मामले को क्षेत्र के लेकर लोगों के साथ पार्षद पारस वर्मा भी मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि यहां मौजूद केयर टेकर अब भी नशे में है। उसके खिलाफ कई शिकायतें आईं हैं। इस विवाद के दौरान भीड़ इकट्ठा हो गई थी। कुछ देर बाद सुलभ इंटरनेशनल के कर्मी मुकेश ने बताया कि केयर टेकर नशे में है और हम इसे यहां से हटा रहे हैं।

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक**
20201009020017/20201009020017
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
विषय-अ-6 सन-2020-2021
छुरियाकला प.ह.नं. 00020 (380/4 (0.0410हे.)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-मेमबाई
अनावेदक पक्षकार - अखिलेश कुमार

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेमबाई पिता भरतलाल गंगबेर जाति तेली निवासी ग्राम छुरिया तहसील - छुरिया द्वारा न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम छुरियाकला प.ह.नं. 20 तहसील छुरिया स्थित कृषि भूमि खाता क्रमांक 32 में दर्ज खसरा नं. (रकबा) 380/4 (0.0410 हे.) अनावेदक अखिलेश कुमार पिता मोहनलाल जाति महार निवासी ग्राम मोहला तहसील मोहला के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है. उक्त भूमि का टुकड़ा रकबा 0.020 हे. को आवेदक द्वारा अनावेदक से दिनांक 01.10.2020 को पंजीकृत बैनामा के माध्यम से उप पंजीयक कार्यालय छुरिया में क्रय किया गया है. जिसके आधार पर उक्त भूमि को आवेदक द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि 27.10.2020 को उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति स्वयं/वकील/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.10.2020 को जारी किया जाता है।

मुहर
RADHA KRISHNA BANJARE
तहसीलदार, छुरिया

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक**
202009090200035/202009090200035
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
विषय-अ-6 सन-2019-2020
नांदियाखुर्द प.ह.नं. 00008(176/1(0.0850 हे.)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार - चिमनलाल
अनावेदक पक्षकार - सोमनाथ

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चिमनलाल पिता सोमनाथ जाति गोंड़ निवासी ग्राम नांदियाखुर्द तहसील छुरिया द्वारा न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम छुरियाकला प.ह.नं. 17 तहसील छुरिया स्थित कृषि भूमि खाता क्रमांक 313 में दर्ज खसरा नं. (रकबा) 176/1 (0.0850 हे.) आवेदक के पिता सोमनाथ आ. नहरसिंग जो कि अनावेदक है, के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। अनावेदक सोमनाथ आ. नहरसिंग के द्वारा उक्त भूमि को आवेदक के पक्ष में उप पंजीयक कार्यालय छुरिया में दिनांक 12.06.2019 को पंजीकृत दान पत्र निष्पादित किया है जिसके आधार पर आवेदक द्वारा उक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र के समर्थन में पंजीकृत दाना पत्र की छायाप्रति व बी-1 की प्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि 27.10.2020 को उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति स्वयं/वकील/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.10.2020 को जारी किया जाता है।

मुहर
RADHA KRISHNA BANJARE
तहसीलदार, छुरिया

## क्विक न्यूज

### सप्ताह में 1 दिन बंद रखने की अनिवार्यता समाप्त

**शिवरीनारायण।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी यशवंत कुमार ने जांजगीर-चांपा जिले के समस्त नगरी निकायों में बाजार ,दुकान या व्यवसायिक अन्य प्रतिष्ठान (उचित मूल्य की दुकान, दवाई दुकान, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी आदि को छोड़कर) सप्ताह में एक दिन बंद रखने की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। जारी आदेश के अनुसार संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारी अपने क्षेत्र अंतर्गत चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की बैठक लेकर सप्ताह में एक दिन बंद रखने संबंधी लिखित सहमति के आधार पर निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया है। साथ ही सप्ताह में एक दिन व्यवसाय, व्यापारिक संस्थान बंद रखने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सक्ती।** थाना सक्ति क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरदी निवासी मृतक अमृतलाल पिता रामगुलाल यादव उम्र 65 वर्ष ने 23 अक्टूबर की सुबह अपने घर में अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है,सक्ती थाना में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# सिम्स में वेटिंग एरिया तैयार, पर्ची बनवाने के लिये भीड़ लगाने की जरूरत नहीं

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सिम्स के एमआरडी मेडिकल रिकार्ड डिपार्टमेंट में मरीज पर्ची बनवाने के लिये काउंटर के बाहर लाईन लगाते हैं, वहां अब भीड़भाड़ नहीं हो रही है और सोशल डिस्टेंसिंग के साथ मरीज अपनी पर्ची बनवा रहे हैं। साथ ही वेटिंग एरिया में बैठने की व्यवस्था भी है, जहां आराम से बैठकर अपनी बारी का इंतजार भी कर रहे हैं।

संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग के निर्देश पर सिम्स की व्यवस्था दुरूस्त करने के लिये सतत् मॉनिटरिंग की जा रही है। फलस्वरूप वहां की व्यवस्था में सुधार परिलक्षित हो रहा है। पर्ची काटने एवं कैश जमा करने के लिये पहले लाईनों में लोग खड़े रहते थे। मरीजों के लिये यह बहुत तकलीफदायक था। साथ ही कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन नहीं हो रहा था। लेकिन अब वेटिंग एरिया को सुविधाजनक बनाया गया है। साथ ही यहां पर कोविड-19 के लक्षण वाले मरीजों का सेम्पल लेने के लिये अतिरिक्त बूथ भी तैयार है, जो शीघ्र ही चालू हो जायेगा। भीड़ के प्रबंधन के लिये कोरोना ओपीडी में पहले ही व्यवस्था की जा चुकी है। प्रवेश व निकासी के लिये पृथक व्यवस्था बेरिकेट लगाकर की गयी है। ओपीडी में दो बिस्तरों के बीच एक-एक मीटर की दूरी रखी गयी है। तीन शिफ्ट में आरटीपीसीआर लैब का संचालन हो रहा है। इन्फेक्शन नियंत्रण प्रोटोकॉल के पालन हेतु ओपीडी में कलर कोडेड बिन्स पाये गये हैं तथा फिजिकल डिस्टेंसिंग के लिये एक-एक मीटर पर सफेद गोले भी बनाये गये हैं।



सिम्स में ट्रॉयज का निर्माण भी किया गया है, जहां मरीजों के स्वास्थ्यगत स्थिति के अनुसार ही उन्हें अस्पताल अलॉट किया जा रहा है। वायरोलॉजी लैब में प्रवेश हेतु सिम्स प्रशासनिक भवन के मुख्य द्वार से अलग पृथक प्रवेश द्वार है। लैब को माईक्रो बॉयोलॉजी विभाग से अलग करने के लिये पार्टीशन किया गया है। ट्रूनॉट एवं आरटीपीसीआर लैब हेतु अलग-अलग प्रवेश एवं निर्गम द्वार स्थापित है। फीवर क्लीनिक एवं कोविड वार्ड का एंट्री गेट सामान्य मरीजों के एंट्री गेट से पृथक कर दिया गया है।

# जिले में बाल भिक्षावृत्ति और नशामुक्ति के लिए चलेगा अभियान

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




कलेक्टर पी.एस. एल्मा की अध्यक्षता में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बाल संरक्षण के संबंध में किये जा रहे कार्यो के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में कलेक्टर श्री एल्मा ने कहा कि बाल भिक्षावृत्ति और विभिन्न प्रकार की नषा प्रकार एक सामाजिक बुराई है। इसे दूर करना सबकी जिम्मेदारी है। उन्होने जिले में बाल भिक्षावृत्ति और नषामुक्ति के लिए आगामी माह नवम्बर से अभियान चलाने के निर्देष दिये है।

बैठक में उन्होने किशोर न्याय बोर्ड और बालक कल्याण समिति में लंबित प्रकरणों, संकटग्रत बालकों की पहचान हेतु सर्वेक्षण, बाल देख-रेख संस्था में निवासरत् बालको के स्वास्थ्य परीक्षण, चाईल्ड लाईन द्वारा किये जा रहे कार्यो और चाईल्ड लाईन परियोजना के संचालन के संबंध में आवष्यक जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवष्यक निर्देष दिये। इस अवसर पर समिति के सदस्य जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी श्रीमति नुपूर राषि पन्ना, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र कष्यप, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महादेव तेंदवे, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर के. भूआर्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिषन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक उत्कर्ष तिवारी, आदिवासी विकास विभाग के सुश्री षिल्पा सांय सहित समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

# मंदिर में प्रज्ज्वलित ज्योति कलश का बाहर से करना पड़ेगा दर्शन

पायनियर संवाददाता < मुंगेली (सेतगंगा)
www.dailypioneer.com



त्याग, उपवास, व्रत का महापर्व नवरात्रि शनिवार से प्रारंभ हुआ, लेकिन कोरोना वायरस के कारण शासन प्रशासन द्वारा जारी किए गए गाईड लाईन के चलते नगर में मां भवानी की प्रतिमाएं स्थापित नही हो पाई है वही मंदिरों में आस्था के दीप ज्योति कलश पूरे विधि विधान से प्रज्जवलित किए गए, महिला व पुरूषों ने व्रत रखकर जहाँ सुख समृध्दि की कामना की वहीं मंदिरों में जाकर मत्था टेका लेकिन अनेक मंदिरों में ज्योति कलश के दर्शन नही कर पाए, मंदिर के बाहर ही पूजा-पाठ किए। मॉ सिध्देश्वरी महामाया मंदिर सेतगंगा में इस वर्ष 11 घृत एवं 311 तेल ज्योति कलश प्रज्जवलित की गई है। नवरात्रि पर्व के पहले दिन सुबह से मंदिरो के बाहर माता के दर्शन करने के व पूजा पाठ करने श्रध्दालुओं को तांता लगा रहा लेकिन कड़े नियम के कारण अंदर नहीं जा पाए, महिलाओं ने उपवास रखकर जहाँ अपने सुहान व परिवार की सुख समृध्दि की कामना की वहीं मंदिरों में समिति के सदस्यों द्वारा जय माता दी के जयकारें लगाए जाने से गुजायमान रहे, मुंगेली जिला से महज 17 किमी. की दूरी पर राजकिय मार्ग मुंगेली से पंडरिया के मध्य टेसुआ के तट पर स्थित प्राचिन श्रीराम जानकी मंदिर सेतगंगा के समीप मॉ सिध्देश्वरी महामाया मंदिर में शुभ मुहुर्त के साथ सुबह ज्योति कलश प्रज्जवलित की गई, महंत राधेश्याम दास ने बताया कि नवरात्रि नवरात्रों का वह समूह है जिसमें मॉ भगवती महामाया की विशेष आराधना की जाती है।

# जिले के शत-प्रतिशत बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध हो : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर भीम सिंह ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में वर्तमान समय में स्कूली बच्चों को प्रदान की जाने वाली शिक्षा के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी और सभी बीईओ और बीआरसी की बैठक ली। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय शिक्षा के लिये बहुत चुनौती भरा है और इस चुनौती का सामना सभी शिक्षकों को मिलकर करना होगा। सभी शिक्षकों को यह प्रयास करना होगा कि उनके स्कूल में पढने़ वाला कोई भी छात्र शिक्षा से वंचित न रहे और यह भी तय करना है कि छात्रों को ऑनलाईन शिक्षा प्रदान करने के लिये कितना अच्छा प्रयास किया जा सकता है।



कलेक्टर भीम सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में जहां मोबाइल कनेक्टिविटी है उन स्थानों के शत-प्रतिशत बच्चे ऑनलाईन कक्षाओं से जुड़े और कोई यदि छात्र ऑनलाईन क्लास में नहीं भाग ले रहा है उन कारणों का पता लगायें। उन्होंने जिले के सभी बीईओ और बीआरसी को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों में स्वयं जाकर पता लगायें कि ग्राम पंचायत भवन में ब्राडबैण्ड सुविधा उपलब्ध है कि नहीं और जिन ग्राम पंचायत में ब्राडबैण्ड उपलब्ध हो वहां पंचायत भवन परिसर में वाई-फाई के माध्यम से बच्चों को ऑनलाईन क्लास से जोड़कर शिक्षा उपलब्ध करावें और ग्राम पंचायतों में ब्रांडबैण्ड सुविधा उपलब्ध होने की जानकारी प्रस्तुत करें। कलेक्टर भीम सिंह ने रायगढ़ में संचालित होने वाले अंग्रेजी माध्यम स्कूल के लिये चिन्हांकित भवन में सुधार कार्यो के प्रगति की जानकारी ली और भवन के उन्नयन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने आगामी सत्र से प्रत्येक विकासखण्ड में एक-एक स्कूल को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने के लिये अभी से तैयारी प्रारंभ करने के निर्देश दिये।

# कलेक्टर ने व्यवसायिक प्रतिष्ठनों को सप्ताह में 1 दिन बंद रखने की बाध्यता को किया निरस्त

■ **सप्ताह में व्यापारी सातों दिन खोल सकेंगे दुकान, दुकानें खोलने के समय की बाध्यता समाप्त**

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा जिले में जिले के समस्त नगरीय निकाय क्षेत्रों के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को जांजगीर-चांपा जिला कलेक्टर द्वारा विगत दिनांक 6 अगस्त 2020 को जारी आदेश अनुसार सप्ताह में एक दिन बंद रखने के निर्देश दिया गया था, किंतु अब पुनः जिला प्रशासन जांजगीर चांपा ने 22 अक्टूबर 2020 को नया आदेश जारी कर नगरीय क्षेत्रों के इन व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को सप्ताह में 1 दिन बंद रखने की बाध्यता को समाप्त करते हुए 6 अगस्त 2020 के आदेश को निरस्त कर दिया गया है, तथा अब जिले के शहरी क्षेत्रों के सभी व्यापारी सप्ताह में सातों दिन दुकानें खोल सकेंगे तथा दुकानों को खोलने का समय भी पूर्व में ही छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समाप्त कर दिया गया है, तथा अब जिला कलेक्टर जांजगीर चांपा के 22 अक्टूबर 2020 को जारी आदेश के अनुसार सप्ताह में एक दिन शहरी क्षेत्रों में दुकानें बंद रखने की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर एसडीएम वहां के छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं अन्य व्यापारिक संस्थाओं के साथ मिलकर लिखित आग्रह या की सहमति के बाद तय कर सकेंगे, जांजगीर-चांपा जिला कलेक्टर के इस आदेश का जिले के व्यापारियों ने स्वागत किया है, तथा व्यापारियों ने कहा है कि वर्तमान समय में कोरोना काल को देखते हुए एवं आने वाले दिनों में दशहरे तथा दीपावली का पर्व आना है।

# जिला कलेक्ट्रेट के घेराव की चेतावनी दी

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में इन दिनों किसानों को अपने काम कराने के लिए भारी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों के बेलगाम हो जाने का आरोप लगाते हुए लोरमी छाया विधायक सोनू चंद्राकर ने बड़ी संख्या में कलेक्ट्रट पहुंच कर ज्ञापन सौंपा और त्वरित समस्या का हल न होने की स्थिति में जिला कलेक्ट्रेट के घेराव की चेतावनी दी है। लगातार अनुविभागिय अधिकारी लोरमी का कार्य काल पर सवाल उठाया जा रहा है, अपने ज्ञापन में उन्होने अनुविभागिय अधिकारी द्वारा आम जनता और जनप्रतिनिधियो की षिकायतो पर कोई सुनवाई नही करने एवं वन अधिकार पट्टा वितरण एवं उचित मूल्य की शासकीय दुकानो के आबंटन के लिए मनमानी राषि लिये जाने का हवाला दिया है, साथ ग्रामीण क्षेत्रो में अवैध शराब की बिक्री पर त्तकाल रोक लगाने एवं पटवारियों के मुख्यालय में 06 दिन उपस्थित रहने एवं पटवारियों के निजी आफिसों को बंद करवाने के की बात कही है।



ज्ञात हो कि इससे पहले भी लोरमी अनुविभाविभगीय अधिकारी के कार्य पर समय समय पर सवालिया निषान लगाता आ रहा है ऐसा ही एक मामला कुछ दिनो पहले सामने आया था जिसमें मां कल्याणी देवी खाद्य सुरक्षा पोशण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति मर्यादित अखरार द्वारा जिला कलेक्टर पहुच षिकायत किया गया कि अनुविभागिय अधिकारी लोरमी द्वारा कार्य के एवज में उनसे रकम की मांग की गई है । मिली जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी द्वारा ग्राम पंचायत अखरार में हमारे समूह मां कल्याणी देवी खाघ सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति मर्यादित अखरार, विकासखण्ड लोरमी को शासकीय उचित मूल्य की दूकान का आबंटन देने हेतु चालीस हजार रूपये की मांग नवीन कुमार भगत (एस.डी.एम लोरमी) द्वारा किया गया था। मैं उनके अनुविभागीय कार्यालय लोरमी में जाकर 500-500 रूपये के 80 नोट उनके हाथों में दिया। किन्तु आज दिनांक तक हमारे समूह को ना ही शासकीय उचित मूल्य की दूकान का आबंटन किया और ना ही राशि को वापस किया। इसी षिलषिले में आज लोरमी छाया विधायक सोनू चंद्राकर के नेतृत्व में ग्रामीण हजारो की संख्या में कलेक्ट्रट पहुच और अपनी समस्या बताई,सोनू चंद्राकर ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपा जिसमें 3 दिवस कि भितर अनुविभागिय अधिकारी को लोरमी अनुभाग से नही हटाये जाने की स्थिति में जिला कलेक्ट्रेट के घेराव की चेतावनी दी है।

### कोविड- अस्पताल में उचित व्यवस्था करने शिवसैनिकों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जांजगीर चांपा।** शिवसेना जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह गहलौत के नेतृत्व में शिवसैनिकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बताया है कि जिले में कोविड-19 अस्पताल बनाया गया है। जहां कोविड-19 मरीजों के लिए सहीं समय में बेहतर ईलाज हो। इसके लिए हर संभव शासन-प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है। परंतु कोविड-19 अस्पताल में मरीजों के लिए आवश्यक सुविधा जैसे लैब का होना आवश्यक है। जिससे मरीजों को सोनोग्राफी, खून टेस्ट, पेसाब टेस्ट की सुविधा मिलेगी। और सहीं समय में बेहतर ईलाज हो सकेगा। लैब नहीं होने की वजह से मरीज भारी परेशानियों से जुझ रहे हैं। कोविड-19 अस्पताल में मरीजों के लिए लैब का होना अति आवश्यक है। वहीं शिवसैनिकों को मिली जानकारी के अनुसार मरीजों को समय-समय में डाक्टरों द्वारा इंजेक्शन नहीं लगाया जाता।

# युवती से दुर्व्यापार मामले में मुख्य महिला आरोपिया सहित 4 गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

19 अक्टूबर को थाना कोतरारोड में थाना तेलीबांधा, रायपुर से प्राप्त बिना नम्बरी अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया । मामले की पीड़िता बताई कि अगस्त 2020 में घर छोड़कर अकेले कमाने खाने रायगढ़ आई थी। ढिमरापुर चौक के पास उसे अकेली देख आरोपिया सुरभि सिदार अपने घर ले गई। जहां सुरभि सिदार उसे काम में भेजती थी। अलग अलग दिन 03 व्यक्तियों द्वारा इसका शारीरिक शोषण किए। तब युवती सुरभि सिदार के कहे काम पर जाने से इंकार की तो आरोपिया उसे देह व्यापार में धकेलने की नियत से ट्रक में बिठाकर दूसरे राज्य ले जा रही थी। इसी दौरान रायपुर रेलवे स्टेशन के पास युवती, आरोपिया के चंगुल से भागकर चाइल्ड लाइन रायपुर पहुंची। चाइल्ड लाइन रायपुर के माध्यम से उसे



प्रतिज्ञा विकास संस्थान, रायपुर लाया गया। पीड़िता ने वहां की अधीक्षिका को आपबीती सुनाई तब उसका काउंसलिंग किया गया । उसके बाद घटना की रिपोर्ट पीड़िता द्वारा थाना तेलीबांधा, रायपुर में दर्ज कराया गया। जहां बिना नंबरी अपराध कायम कर घटनास्थल थाना कोतरारोड क्षेत्र का होने से अग्रिम कार्यवाही हेतु डायरी थाना कोतरारोड भेजा गया। जिस पर कोतरारोड पुलिस असल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। रायगढ़ पुलिस द्वारा गत वर्षो से लगातार मानव तस्करी पर अंकुश लगाने जागरूकता कार्यक्रम के साथ पंजीबद्ध अपराधों पर गंभीरता से जांच कार्यवाही की जा रही है। लम्बे समय बाद रायगढ़ में मानव तस्करी जैसे घृणित अपराध घटित होने की जानकारी संवेदनशील पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह को मिलने पर उनके द्वारा तत्काल एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा एवं सीएसपी रायगढ़ अविनाश सिंह को मामले की सूक्ष्मता से जांच कराने के निर्देश दिए। एडिशनल एसपी एवं सीएसपी रायगढ़ द्वारा महिला विवेचक के माध्यम से पीडित युवती एवं मुख्य आरोपिया सुरभि सिदार से पूरी जानकारी निकलवाया गया। जिसके बाद इनके निर्देशन पर तत्काल पुलिस पार्टी द्वारा आरोपियों को भनक लगने से पहले योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर तीनों दुष्कर्म के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

**शासकीय विद्यालय पड़ियाईन को धनुष राम लोधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करने के निर्देश**

# वन अधिकार पट्टा धारक किसानों का भी धान खरीदी के लिए होगा पंजीयन कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने समय सीमा के प्रकरणों के निराकरण के संबंध मे अधिकारियों से वन-टू-वन जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में कलेक्टर एल्मा ने कहा कि जिले के विकास खण्ड पथरिया के ग्राम पड़ियाईन के स्व. धनुष राम लोधी के परिजनों के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़ियाईन के लिए लगभग 5 एकड़ जमीन निशुल्क दिया गया है और उनके द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़ियाईन का नाम स्व. धनुष राम लोधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़ियाईन करने की मांग की जा रही है। कलेक्टर एल्मा ने उनके आवेदन को गंभीरता से लिया और जांच उपरांत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़ियाईन का नाम स्व. धनुष राम लोधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़ियाईन करने के लिए पथरिया तहसील के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देश दिये।



बैठक में कलेक्टर एल्मा ने कहा कि जिले में अब तक 5 हजार 298 व्यक्तियों को वन अधिकार पट्टा प्रदान किया गया है और प्राप्त भूमि में उनके द्वारा धान की फसल बोयी गई है। ऐसे वन अधिकार पट्टा धारक किसानों का भी धान खरीदी के लिए पंजीयन करने हेतु राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देष दिये। बैठक में उन्होने समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले नये किसानो के पंजीयन की प्रगति के संबध में जानकारी प्राप्त की और उन्होने धान विक्रय करने वाले नए किसानों के पंजीयन तथा धान खरीदी केंद्रो को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिये।

# आईईसी के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग की गतिविधियां तय

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा कोरोना वायरस के नियंत्रण और जागरूकता के लिए विभिन्न विभागीय गतिविधियां आयोजित करने का निर्देश जारी किया गया है। पोषण अभियान अंतर्गत व्यवहार परिवर्तन हेतु जन आंदोलन आईईसी गतिविधियों का आयोजन प्रत्येक माह में किया जाएगा। माह अक्टूबर में ''स्वच्छता एवं स्वच्छ पेयजल'' थीम पर आधारित प्रचार-प्रसार गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न चुनौतीपूर्ण स्थिति में स्वच्छता एवं स्वच्छ पेयजल विषय पर सर्वाधिक प्रचार-प्रसार का विशेष महत्व है। माह अक्टूबर में विभिन्न गतिविधियां जैसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन द्वारा परामर्श सेवा, स्वच्छागृही द्वारा स्वच्छता संबंधित चर्चा, सही हाथ धोने के चरणों का प्रदर्शन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा परामर्श, आईएलए, टेकअवेरा का उपयोग करते हुए सही हाथ धोने के चरणों पर परामर्श, वीडियो क्लिपिंग के माध्यम से परामर्श, व्हाट्सएप्प, फेसबुक आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार, शिक्षा विभाग के साथ अभिसरण करते हुए विद्यार्थियों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पेंटिंग, स्लोगन चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन, स्वच्छ भारत मिशन/नगरीय प्रशासन विभाग/पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग से प्रचार-पसार गतिविधियां/प्रशिक्षण का आयोजन, पोस्टर वीडियो के माध्यम से सही हाथ धोने के चरणों पर परामर्श, पीने का पानी का ध्यान रखें ध्यान, महावारी प्रबंधन का रखें ध्यान, सर्वजनिक जल स्त्रोत का उपयोग करते हुए रखे ध्यान, अपने घर पर शौचालय का उपयोग करते समय रखें ध्यान, आंगनबाड़ी, स्कूलों में रखे ध्यान, कोविड-19 के दौरान मास्क का सही उपयोग रखे ध्यान आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# स्वाहा. स्वाहा.. स्वाहा... की गूंज से गूंजायमान होगी राजधानी





## महाअष्टमी पर आज कहीं सुबह तो कहीं शाम को देंगे पूर्णाहुति



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नवरात्रि पर देवी के आठवें स्वरूप महागौरी की आराधना शनिवार को की जाएगी। इसी दिन देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों में सुबह से लेकर शाम तक हवन में आहुति देने का सिलसिला चलेगा। किसी मंदिर में सुबह छह बजे पूर्णाहुति दी जाएगी तो किसी मंदिर में शाम को छह बजे। हवन के एक दिन पहले ही मंदिरों में हवन वेदी बनाने का काम शुरू हो चुका है। नवरात्रि पर देवी के आठवें स्वरूप महागौरी की आराधना शनिवार को की जाएगी। इसी दिन देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों में सुबह से लेकर शाम तक हवन में आहुति देने का सिलसिला चलेगा। किसी मंदिर में सुबह छह बजे पूर्णाहुति दी जाएगी तो किसी मंदिर में शाम को छह बजे। हवन के एक दिन पहले ही मंदिरों में हवन वेदी बनाने का काम शुरू हो चुका है। शुक्रवार की सुबह देवी मंदिरों में माता के सातवें स्वरूप कालरात्रि का श्रृंगार करके पूजन किया गया। सत्ती बाजार स्थित अंबा देवी मंदिर में सुबह सात बजे माता के श्रृंगार के बाद आरती हुई। महामाया मंदिर, समलेश्वरी मंदिर, काली मंदिर, बंजारी मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर में भी श्रृंगार आरती हुई।

### मां अंबा की आरती

सत्ती बाजार स्थित अंबा देवी मंदिर में हर साल सप्तमी तिथि पर महिलाएं अपने घरों से आरती की थाली सजाकर लाती थीं। मंदिर प्रांगण में दूर-दूर तक सैकड़ों हाथों में रखी पूजा की थालियों में हजारों दीप जगमगाते थे। इस बार कोरोना महामारी के चलते सादगी से आरती की गई। मंदिर के पुजारी और सेवादारों ने ही आरती की रस्म निभाई। मंदिर के बाहर से ही भक्तों को दर्शन करने का सौभाग्य मिला। पुरानी बस्ती के महामाया मंदिर में रात्रि में महा निशा की पूजा आरती भी सादगी से संपन्न हुई।

### सबसे पहले हवन

सत्ती बाजार स्थित अंबा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गोवर्धन शर्मा ने बताया कि शुक्रवार की रात 3.30 बजे से हवन शुरू होगा और शनिवार को सुबह छह बजे पूर्णाहुति दी जाएगी। इस बार हवन में सिर्फ ट्रस्टी, सेवादार समेत कुछ भक्त ही शामिल होंगे।

### बंजारी मंदिर

रावांभाठा स्थित बंजारी मंदिर के मुख्य प्रबंधक हरीश भाई जोशी ने बताया कि शनिवार को हवन सुबह आठ बजे शुरू होगा और पूर्णाहुति 10 बजे दी जाएगी। कोरोना नियमों का पालन करते हुए सीमित भक्तों को ही प्रवेश मिलेगा।

### महामाया मंदिर

पुरानी बस्ती स्थित सबसे पुराने प्रसिद्ध और ऐतिहासिक महामाया मंदिर के ट्रस्टी अजय तिवारी ने बताया कि शनिवार को सुबह छह बजे हवन शुरू होगा और नौ बजे पूर्णाहुति होगी।

### आकाशवाणी काली मंदिर

आकाशवाणी तिराहा स्थित काली मंदिर के ट्रस्टी सेवादार जगदीश कलश ने बताया कि शनिवार को शाम चार बजे हवन शुरू होगा और पूर्णाहुति छह बजे होगी।

### कल कन्या पूजन

राजधानी के विविध मोहल्लों में इस बार कम संख्या में पंडाल बने हैं। करीब 150 जगहों पर शनिवार को सुबह से शाम तक हवन चलेगा। रविवार को कन्या भोज कराया जाएगा। कहीं भी भंडारा प्रसादी का आयोजन नहीं किया जा रहा है।

# राजधानी के बड़े कारोबारियों के परिजन थे अपहृताओं के टारगेट में

**अपहरण करने वाले गिरोह के चौथे आरोपी को भी पुलिस ने धर दबोचा, तीन की पहले ही हो चुकी है गिरफ्तार, कारोबारी को चंगुल से छुड़ाया**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कारोबारी के बेटे सोहेल का अपहरण करने वाले गिरोह के चौथे आरोपी को भी पुलिस ने शुक्रवार को धर दबोचा। बदमाशों ने सोहेल को झांसा देकर बुधवार रात शंकर नगर बुलाया और वहां से अगवा कर ले गए थे। सिविल लाइंस थाना पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

पुलिस ने बताया कि घेराबंदी कर तीन आरोपियों मौदहापारा निवासी अमीन अली, तालाब पारा, मौदहापारा निवासी पीयूष रायचूरा और डब्ल्यूआरएस कॉलोनी खमतराई निवासी फ्रांसिस मांझी को गिरफ्तार किया गया था। बदमाशों की कार का पीछा करने के दौरान चौथा आरोपी डब्ल्यूआरएस कॉलोनी निवासी संदीप ध्रुव कूदकर भाग निकला था।

### अपहरण का षड्यंत्र रचा

पुलिस ने संदीप को सूचना मिलने के बाद रेलवे स्टेशन के पास से पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि रुपयों की जरूरत के चलते अपहरण का षड्यंत्र रचा था। इसका मास्टर माइंड आरोपी अमीन अली ही था। आरोपियों ने शहर के 3-4 और कारोबारियों की भी रैकी की थी। इसमें सट्टे की भी बात सामने आई है, लेकिन पुलिस इनकार कर रही है।




### घटारानी से सोहेल को छुड़ाया

पकड़े गए आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने घटारानी मार्ग स्थित जंगल में घेराबंदी की। आरोपियों को वाहन चिन्हित किया, लेकिन भनक लगने से वह स्विफ्ट कार से भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो रास्ते में एक आरोपी चलती कार से कूदकर भाग निकला। जबकि कार में सवार अन्य बदमाशों को पुलिस ने पकड़ लिया और सोहेल को उनके चंगुल से बचा लाए।

### लड़की बनकर झांसे में लिया

सायबर सेल प्रभारी रमाकांत साहू ने बताया कि किडनैपर ने कारोबारी के बेटे से इंस्टाग्राम में लड़की की फेक आइडी बनाकर दोस्ती की। इसी आईडी से मैसेज कर युवक को मिलने बुलाया और बुधवार की रात शंकर नगर स्थित प्रिज्म मेडिकल के सामने से अपहरण कर अपने साथ ले गए।

### रात भर घेराबंदी करती रही पुलिस

कॉल करने वाले बदमाश ने सोहेल को छोड़ने की एवज में 30 लाख रुपयों की मांग रखी। इस पर परिजनों ने पुलिस से संपर्क किया। सूचना मिलने पर पुलिस के उच्चाधिकारियों सहित साइबर सेल की टीम एक्टिव हो गई। रात में ही बदमाशों को पकड़ने की योजना तैयार की गई और उनकी घेराबंदी को लेकर अलग-अलग टीम तैयार कर ली गई।

### रकम देने भाठागांव बुलाया

बदमाशों ने फिरौती की रकम देने के लिए वालफोर्ट सिटी के पास भाठागांव बुलाया। इसके बाद परिवार का सदस्य बनकर पुलिसकर्मी पहुंच बताई गई जगह पर पहुंच गया।

### पूरी रात कार में घुमाते रहे बदमाश

पकड़ गए आरोपियों में मौदहापारा निवासी आमीन अली, तालाब पारा, मौदहापारा निवासी पीयूष रायचूरा और डब्ल्यूआरएस कॉलोनी खमतराई निवासी फ्रांसिस मांझी शामिल है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सोहेल को अगवा कर पूरी रात रायपुर से धमधा, गण्डई, छुईखदान, खैरागढ़, राजनांदगांव, बालोद, धमतरी, आरंग घुमाते हुए गरियाबंद मार्ग वाले जंगल में ले गए थे।

### बचने के लिए नंबर प्लेट बदल देते

बदमाशों ने बताया कि कोई गाड़ी को पहचान न ले, इसके लिए थोड़ी दूर जाने पर फर्जी लगाई नंबर प्लेट बदलते रहते। पुलिस अभी एक अन्य आरोपी रोहन उर्फ संदीप की तलाश कर रही है। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने स्विफ्ट कार, डियो कार, चाकू, फर्जी नंबर प्लेट और रस्सी जब्त की है।

### 30 लाख रुपए की फिरौती मांगी

बदमाशों ने बुधवार देर रात एक कारोबारी के बेटे का अपहरण कर लिया। इसके बाद परिजनों से 30 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने इस मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि एक आरोपी फरार हो गया। मामला सिविल लाइंस थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, ओसीएम चौक, अहमदी कॉलोनी निवासी मोहम्मद यूनुस कारोबारी हैं। उनका बेटा सोहेल बुधवार रात करीब 9.15 बजे 5 मिनट में आने की बात कहकर शंकर नगर गया था, लेकिन एक घंटे से ज्यादा समय होने के बाद भी नहीं लौटा। उसके नंबर पर कॉल करने पर कोई रिसीव नहीं कर रहा था।

# लॉकडाउन में श्रीबालाजी हॉस्पिटल में सेवा देने वाले तृतीय समुदाय को मकान आवंटित

**श्रीबालाजी फाउंडेशन में कार्यरत तृतीय समुदाय के सेवादारों को सम्मानित किया गया**



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

सनडोंगरी स्थित तृतीय लिंग समुदाय के लोगों को शासकीय बीएसयूपी आवास योजना के अंतर्गत आवास आबंटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, अध्यक्षता विकास उपाध्याय, विशेष अतिथि एजाज ढेबर, घनश्याम क्षत्रिय रहे। कार्यक्रम में तृतीय लिंग समुदाय के 36 लाभार्थियों को आवास का आबंटन किया गया। मितवा संकल्प समिति के प्रयासों से इस कार्यक्रम को किया गया जिसमें मितवा संकल्प समिति की अध्यक्ष एवं (सामुदायक लीडर) विद्या राजपूत द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हम जानते ही है कि तृतीय समुदाय के लोगों को न ही परिवार अपनाता है ना ही समाज, जिसके चलते उन्हें मज़बूरीवश भिक्षावृत्ति, नाच गाना कर जीवन यापन करना पड़ता है। जिसके चलते ना ही उनके पास रहने को घर होता है ना ही वे इतने समर्थ होते है कि किराए से घर लेकर रहे सके। इन सभी स्थिति को ध्यान में रखते हुए



इनके लिए इस परियोजना के तहत घर दिलवाया गया। इस परियोजना का लाभ दिलाने हेतु समुदाय प्रमुख विद्या राजपूत ने पहले नगरीय प्रशासन के साथ बैठक करके इनको 2प्रतिशत का आरक्षण दिलवाया। उसके बाद वे नगर निगम कार्यालय में फॉर्म डाले और नगर निगम ने इन्हें घर आबंटित किया इस कार्यक्रम में श्रीबालाजी मेडिकल फ उंडेशन (टीआई)में कार्यरत स्टाफ जिन्होंने कॉविड.19 में तृतीय समुदाय के लोगों के लिए जो कार्य किया, उनका भी उत्साहवर्धन किया गया। जिसमें रायपुर में संचालित टीआई परियोजना के अंतर्गत तृतीय लिंग समुदाय के स्वास्थ्य के लिए कार्य किया जा रहा है और उन्हें सरकार की योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जाता रहा है जिसका सहयोग रहा।

टीआई परियोजना से जुड़े एवं परियोजना का लाभ ले रहे समुदाय के लोग को श्रीबालाजी मेडिकल फ उंडेशन द्वारा सरकार की योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जाता रहा है। उन्हें भी इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में तृतीय लिंग समुदाय के लोग जो सरकारी विभाग में कार्यरत है तथा आत्मनिर्भर होकर कार्य कर रहे है। उनका भी उत्साहवर्धन किया गया। जिसमें लक्ष्यगत परियोजना में कार्यरत गोविंद सांडेकर, रवि विश्वकर्मा, ठाकुर राम, ईश्वर साहू जो ओआरडब्ल्यू के पद पर कार्यरत रहते हुए सेवा दे रहे है। साथी शिक्षक के पद पर योगेश जंघेल कार्यरत जो पीडब्लूडी में आफि स कार्य में कार्यरत है। तनुश्री जो लक्ष्यगत परियोजना में एचआरजी है साथ ही पीडब्लूडी आफि स में कार्यरत है। इन सभी को इस कार्यक्रम में सम्मनित किया गया।

# प्रदेश में नए कानून का ड्राफ्ट तैयार, 7 नवंबर को होगी ट्रैक्टर रैली : रविंद्र चौबे

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

देश के कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि केंद्र के कृषि कानून को राज्य में निष्प्रभावी करने के लिए नए कानून का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। केंद्रीय कृषि कानून के विरोध में राज्य सरकार चलाएगी चरणबद्ध आंदोलन



### स्टॉक किया जाएगा डंप

कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि अभी तो केवल प्याज के दाम बढ़े हैं। आगामी दिनों में दलहन-तिलहन का बंपर स्टाक रखकर मार्केट में ज्यादा दाम में बेचा जाएगा। उन्होंने कहा, केंद्रीय कृषि विधेयक के खिलाफ प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। इसका प्रदेश में लगातार आयोजन होगा। इसकी शुरुआत 7 नवंबर को ट्रैक्टर रैली निकाल कर की जाएगी।

कृषि मंत्री ने कहा- अभी तो प्याज के दाम बढ़े हैं, दलहन-तिलहन होगा महंगा केंद्रीय कृषि संशोधित बिल के विरोध में छत्तीसगढ़ सरकार मुखर होती जा रही है। एक ओर जहां इस बिल के विरोध में नया कानून लाने की तैयारी है, वहीं सड़क पर भी आंदोलन जारी रहेगा। प्रदेश के कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि केंद्र के कृषि कानून को राज्य में निष्प्रभावी करने के लिए नए कानून का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। इसे विधानसभा में पारित कराया जाएगा। कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार किसानों की धान खरीदी और चावल वितरण योजना को जारी रखना चाहती है। इसके लिए नए कानून की जरूरत पड़ी है।

# अधिकारियों की टीम ने समझाइश देकर नाबालिग बालिका का ब्याह रूकवाया

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

ग्राम-पेन्डी पोस्ट-तरेंगा, थाना- भाटापारा, जिला- बलौदाबाजार (छ.ग.) के एक परिवार में एक नाबालिग बालिका की हाथ पिले किये जा रही थी। जिसकी जानकारी लगते ही अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर परिवार को समझाइश देकर नाबालिग बालिका का ब्याह रूकवाया गया। जिसकी जानकारी हमें बेमेतरा चाइल्ड लाइन से दिनेश कश्यप के द्वारा प्राप्त हुई।

उक्त विवाह स्थल पर ग्राम मल्दा बेमेतरा से बारात 22.अक्टू को आने वाली थी। वधु पक्ष को समझाइश दी गई। जिस पर उनके द्वारा सहर्ष ही बालिका के 18 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह किए जाने के लिए अपनी



सहमति प्रदान की तथा विवाह स्थगित करने की बात कही। बालिका के परिजन के अनुसार उन्हें यह ज्ञात नहीं था कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह गैर कानूनी है।

अधिकारियों द्वारा समझाइश दिए जाने पर उन्होंने उक्त बालिका का विवाह 18 वर्ष के उपरांत किये जाने की शपथपूर्वक कथन किया। बालिका व परिजनों को बालक कल्याण समिति, बलौदाबाजार में समझाईस हेतु बुलाया गया है तथा उन्हें बाल विवाह प्रतिशेध अधिनियम, 2006 में उल्लेखित प्रावधानों के बारे में बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका व 21 वर्ष से कम आयु का बालक का विवाह करना या करवाना अपराध है, जो भी व्यक्ति ऐसा करता है या विवाह में सहयोग प्रदान करता है, तो उसे भी 02 वर्ष तक कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रू. तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

इन अधिकारियों ने दी समझाइसः बाल विवाह किए जाने की सूचना पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी,चाइल्ड लाइन 1098 बलौदाबाजार से सेन्टर कार्डिनेटर श्रीमति रेखा शर्मा जी, गिलिश, जितेन्द्र भारती, मीरा साहू,सोमेन्द्र साहू ,सुरेन्द्र वर्मा टीम मेम्बर व सरपंच महोदय,भाटापारा गामिण थाना से ब्रम्हानन्द देवांगन,दुर्गेश साहू स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रबुद्ध नागरिको की सहायता से बाल विवाह रोका गया।

**मरवाही का विकास केवल और केवल कांग्रेस की ही सरकार कर सकती है**

# मोहन मरकाम लगातार लोगों से मिलकर कांग्रेस की नीतियों और सरकार के काम को उनके बीच पहुंचा रहे

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम लगातार मरवाही विधानसभा में लोगों से मिल रहे और कांग्रेस की नीतियों और सरकार के काम को उनके बीच पहुंचा रहे है। मोहन मरकाम प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी का निर्वाहन अपने चिर परिचित अदांज में कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होने के नाते मैं आप सबके बीच यह दावा कर रहा हूं कि मरवाही का विकास केवल और केवल कांग्रेस की ही सरकार कर सकती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष



मोहन मरकाम ने कहा कि आने वाले समय में मरवाही प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाएगा।उन्होंने कहा कि गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में जो विकास के कार्य योजनाबद्ध तरीके से किए जा रहे हैं उसका लाभ आप सबको मिलेगा। इस नये जिले में आने वाले समय में रोजगार के नये अवसर प्रदान होंगे। स्थानीय भर्तियों में इस जिले के युवाओं को मौका दिया जायेगा। हर छोटे से छोटे काम के लिए आप लोगों को बिलासपुर जाना प?ता था आज आपके सभी काम आपके ही जिले में हो जाएंगे जिससे आपकी परेशानियां कम होगी।उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे मरवाही विधानसभा के प्रत्येक गांव को बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा जाएगा। हम वादे नही इरादे लेकर आये है, कांग्रेस की सरकार जो कहती है वो करती है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरपंच साथियों के माध्यम से उनके द्वारा प्रस्तावित कार्य को तत्कालक मंजूर कराने की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्मंत्री से लेकर जिला पंचायत व जनपद पंचायत के अध्यक्ष तक सब मिलकर इस जिले को विकसित जिला बनाएंगे। मोहन मरकाम ने आज धनोरा मनोरा मरवाही (बाजार) कुम्हारी पीपरडोल गुल्लीडॉंड करगीकला दानिकुंडी सेमरदर्री ग्रामों का दौरा किया। अपनी चुनावी दौरों पर मोहन मरकाम सरकार के प्रतिनिधि के रूप विधायक कांग्रेस के प्रत्याशी सामाजिक सेवा करने वाले डॉक्टर के.के. ध्रुव को वोट देकर जिताने की अपील कर रहे है मोहन मरकाम ने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि इससे आपको एक विधायक साथ ही साथ आपके समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने वाला एक जनप्रतिनिधि भी मिल जायेगा।

# नरूवा विकास के कार्य तेजी से किए जाए: मुख्य सचिव

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल ने आज यहां चिप्स कार्यालय में मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली आमजन से जुड़ी योजनाओं की सघन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को इन योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा लोगों को फायदा पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। बैठक में नरूवा विकास, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, बोल्टेज की समस्या, बिजली बिल हाफ, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, नशा मुक्ति केन्द्र, निर्भया कोष, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, खेल विकास प्राधिकरण, अप्रवासी श्रमिकों का पंजीयन, पत्रकार सुरक्षा कानून सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रमुख घटकों की समीक्षा हुई। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अमिताभ जैन और सुब्रत साहू तथा प्रधान



मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) राकेश चतुर्वेदी भी उपस्थित थे। मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल ने जल संसाधन, ग्रामीण विकास और वन विभाग के अधिकारियों को जल संवर्धन के लिए नरूवा विकास के कार्यों को समन्वित रूप से करने के निर्देश दिए हैं। मण्डल ने नरूवा विकास के बड़े और मध्यम कार्य जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं। जल संसाधन विभाग एवं वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने बताया कि नरूवा विकास के तहत जल संवर्धन के लिए किए जाने वाले काम अब उद्योगों द्वारा जल उपयोग कर के तहत भू-जल उपयोग के लिए निर्धारित दरों से प्राप्त होने वाली राशि अब नरूवा विकास के लिए व्यय की जाएगी। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों को समय-सीमा में निपटाने के लिए अधिकारियों को इसकी लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403